

- रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हम - 12




- बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 174 अंक मजबूत, निफ्टी 42 अंक- 12



- भारत अपने वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा : जयशंकर - 13



- टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने युनाइटेड किंगडम - 14


आज का मौसम
25.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.48
सूर्यास्त 06.05

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 04:57 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

बुधवार, 18 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 85, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# फ्रांस के सहयोग से भारत बनाएगा माउंट एवरेस्ट तक उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर

## राष्ट्रपति मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा, व्यापार व प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

- **दोनों नेताओं ने हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने वाली इकाई का डिजिटल तरीके से किया उद्घाटन**

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

भारत और फ्रांस ने द्विपक्षीय संबंधों को मंगलवार को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मुकाम तक पहुंचाया और दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने बढ़ते भू-राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच125 हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने संबंधी इकाई का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया।

तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए फ्रांसीसी राष्ट्रपति के मुंबई पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद, मोदी ने वहां मैक्रों के साथ व्यापक वार्ता की। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फ्रांस के बीच एक विशेष संबंध है। राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मिलकर हमने इस रणनीतिक साझेदारी को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा, इसी विश्वास और साझा दृष्टिकोण के आधार पर, आज हम अपने (द्विपक्षीय) संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के रूप में स्थापित कर रहे हैं। मोदी ने एच-125 हेलीकॉप्टर 'असेंबली लाइन' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि दोनों देश मिलकर भारत में दुनिया का एकमात्र ऐसा हेलीकॉप्टर बनाएंगे, जो माउंट एवरेस्ट (विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी) की ऊंचाई तक उड़ान भर सकेगा और इसे पूरी दुनिया में निर्यात किया जाएगा। उन्होंने कहा, 2026 भारत और यूरोप के बीच संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। कुछ ही दिन पहले, हमने यूरोपीय संघ के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है। प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस संबंधों को वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक बताया। उन्होंने कहा, वर्तमान में, विश्व अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे माहौल में भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक है।



मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### मैक्रों ने मुंबई के मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' की, 26/11 हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार तड़के मुंबई पहुंचे और अपने दिन की शुरुआत कोस्टल रोड के पास मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' के साथ की। मैक्रों और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों ने बाद में दक्षिण मुंबई के ताज महल पैलेस होटल में नवंबर 2008 में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर 17 से 19 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह भारत में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे और मुंबई में मोदी के साथ द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन करेंगे। राष्ट्रपति मैक्रों की यह भारत की चौथी और मुंबई की पहली यात्रा है। इससे पहले दिन में, महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आएं अखिलेश : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आने की सलाह दी है। इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के संभावित निमंत्रण पर उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव शुद्ध नीयत से यह मंदिर बनवाते तो मैं अवश्य जाता, लेकिन नीयत साफ नहीं है। फिर भी मैं उनको बधाई दूंगा कि देर आए-दुरुस्त आए, आखिर मंदिर बनवा रहे हैं। अब वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए भी आगे आएं, लोग प्रशंसा करेंगे।

मुख्यमंत्री मंगलवार को एक कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इस मौके पर योगी ने साफ शब्दों में एलान किया कि 2022 से अधिक सीटें पाकर 2027 में डबल इंजन की भाजपा सरकार फिर सत्ता में आएगी। कहा कि कांग्रेस व राजद की जो दुर्गति बिहार में हुई है, 2027 में वही दुर्गति कांग्रेस व सपा की उप्र में तय है। योगी ने वंदे मातरम के जिक्र पर कहा कि यह राष्ट्रगीत है, यह आजादी का मंत्र रहा है। इस गीत को गाते-गाते क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को चूमने में संकोच नहीं किया। राष्ट्र प्रतीकों का अपमान संविधान निर्माताओं, बाबा साहेब व क्रांतिकारियों का अपमान है। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान व तिरंगा का अपमान राष्ट्रद्रोह है, जिसे भारत स्वीकार नहीं करेगा। भाजपा ने राममंदिर के साथ रामराज्य की अवधारणा को धरातल पर उतारा है। यह डबल इंजन सरकार की ताकत है, जो कहा है, वह करके दिखाया है। आगे भी करके दिखाएंगे। योगी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को अपवित्र करने वाले और अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर पहला आतंकी हमला करने वाले गाजी को उसके पापों की सजा महाराज सुहेलदेव ने दी थी। लेकिन सपा के लोग महाराज सुहेलदेव का गुणगान करने के बजाय गाजी का नाम लेते हैं, उसका मेला लगाते हैं। राहुल गांधी को देश और अखिलेश यादव को यूपी गंभीरता से नहीं लेता।



- **सीएम ने बताया, यूपी में पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतकर भाजपा की बनेगी सरकार**
- **कहा- इटावा के केदारेश्वर मंदिर बनवाने में अखिलेश की नीयत साफ नहीं**

### बुलडोजर व ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक

योगी ने कहा कि बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक हैं। बुलडोजर यूपी की स्ट्रेंथ का प्रतीक है। हम इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ देश के सबसे बड़े और सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे के नेटवर्क को यूपी में स्थापित कर सकते हैं। यूपी की जनता जिसकी अपेक्षा कर रही थी, बुलडोजर उस माफिया प्रवृत्ति को कुचल सकता है। ब्रह्मोस जैसे सेक्टर में भी यूपी में बड़े निवेश हो रहे हैं। यह भारत की सामरिक शक्ति का प्रतीक है। किसी ने गुस्ताखी करने का प्रयास किया तो दुश्मन को उसके ठिकाने पर जाकर मारेंगे।

### पीडीए के चेयरमैन हैं सपा मुखिया

योगी ने कहा कि पीडीए एक परिवार के विकास के लिए गठित अवसरवादी अथॉरिटी है जिसके चेयरमैन अखिलेश, शिवपाल सीईओ और रामगोपाल यादव वाइस चेयरमैन होंगे। उनके पास महाभारत के सारे रिश्ते हैं, बाकी अन्य भाई-भतीजों को भी इसमें स्थान मिलेगा। कहा कि अखिलेश यादव को संघ की शाखाओं में जाकर सामान्य आचार व नियमों की जानकारी लेनी चाहिए। अखिलेश 12 बजे सोकर उठते हैं, वे संघ की शाखा में जाएंगे तो जल्दी जगने की आदत हो जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### तेलंगाना के मंत्री के काफिले पर पथराव पुलिसकर्मी घायल

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता और तेलंगाना के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी के काफिले पर मंगलवार को मंचरियाल जिले में पथराव किया गया। इस घटना में एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया। यह घटना उस समय हुई जब मंत्री और अन्य कांग्रेस नेता क्याथनपल्ली नगरपालिका अध्यक्ष के चुनाव में भाग लेने जा रहे थे। पुलिस ने मंत्री के काफिले को कथित तौर पर रोकने वाले बीआरएस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है और घटना की जांच की जा रही है।

### दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के परिवार को 1.5 करोड़ का मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 2022 में एक सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 48 वर्षीय एक व्यक्ति के परिवार को 1.53 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। पीडित रक्षा मंत्रालय में कार्यरत थे। पीठासीन अधिकारी विजय कुमार झा ने पीड़ित मुकेश कुमार कश्यप के परिवार द्वारा दायर दावा याचिका पर सुनवाई की। कश्यप, रक्षा मंत्रालय के वैमानिकी) में कार्यरत थे। कश्यप 30 मई, 2022 को काम से घर लौट रहे थे कि तभी एक अन्य मोटरसाइकिल ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी।

# यूपी बोर्ड : 53 लाख छात्र आज से देंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च, तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें हाईस्कूल के 27,61,696 और इंटरमीडिएट के 25,76,082 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षाओं को नकलविहीन, पारदर्शी व सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश में कुल 8033 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्त पोषित विद्यालय शामिल हैं।

- **8033 केन्द्रों पर आयोजित होगी परीक्षा, नकलविहीन परीक्षा का लिया संकल्प**

सरकार ने नकलविहीन परीक्षा का संकल्प लेते हुए ऑनलाइन मॉनिटरिंग समेत कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक परीक्षा कक्ष में वॉयस रिकॉर्डरयुक्त दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके साथ राउटर, डीवीआर और हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनिटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम 24×7 सीसीटीवी निगरानी में रहेंगे। इसके अतिरिक्त सभी जिलों के प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम, प्रश्नपत्र वितरण कक्ष और उत्तर पुस्तिका सीलिंग-पैकिंग कक्ष की भी ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए 8033 केन्द्र व्यवस्थापक, 8033 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 8033 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 1210 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 427 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

# तारिक रहमान ने बांग्लादेश के पीएम पद की ली शपथ

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस नीत अंतरिम सरकार का 18 महीने से जारी शासन समाप्त हो गया, जिस दौरान बांग्लादेश में राजनीतिक अनिश्चितता और अराजकता की स्थिति रही थी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बांग्लादेश के शीर्ष राजनीतिक एवं सैन्य नेतृत्व की उपस्थिति में जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' के खुले परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी थे। राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने रहमान को परंपरा से हटते हुए, बंगभवन के बजाय जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' में पद की शपथ दिलाई।



- **लोस अध्यक्ष बिरला ने समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया**

# अडानी समूह एआई डेटा सेंटर के लिए करेगा 100 अरब डॉलर निवेश

**नई दिल्ली।** अडानी समूह ने नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित अत्याधुनिक एआई सक्षम डेटा केंद्रों को 2035 तक विकसित करने के लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की मंगलवार को घोषणा की। यह दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत 'एनर्जी-कंप्यूट' प्रतिबद्धताओं में से एक है। समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा इस पहल से 'सर्वर' निर्माण, क्लाउड मंच एवं सहायक उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब डॉलर का निवेश होने की उम्मीद है।


**आह्वान** — आरएसएस प्रमुख ने मतांतरण, घुसपैठ और जनसंख्या असंतुलन पर जताई चिंता

# संगठित और सशक्त हो हिंदू समाज : भागवत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने हिंदू समाज से संगठित और सशक्त होने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें किसी से भय नहीं है, लेकिन सजग और सावधान रहने की आवश्यकता है। समाज की मजबूती आपसी एकता, सद्भाव और कर्तव्यबोध से ही संभव है।

डॉ. भागवत लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित कर रहे थे। हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि लालच व जबरदस्ती के जरिए हो रहे मतांतरण पर प्रभावी रोक लगनी चाहिए। घर वापसी का कार्य तेज होना चाहिए और जो लोग हिंदू समाज में लौटें, उनका समुचित ध्यान रखना भी समाज का दायित्व है। बढ़ती घुसपैठ को गंभीर समस्या बताते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करने की नीति अपनानी होगी तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाना चाहिए। उन्होंने परिवार व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि समाज के अस्तित्व के लिए संतुलित जनसंख्या आवश्यक है। वैज्ञानिकों का हवाला देते हुए कहा कि जिस समाज में औसतन तीन से कम बच्चे होते हैं, वह भविष्य में समाप्त हो जाता है। यह बात नवविवाहित दंपतियों को समझाई जानी चाहिए। उन्होंने विवाह को केवल वासना पूर्ति नहीं, बल्कि सृष्टि के निरंतर प्रवाह से जोड़ते हुए कहा कि इसी से कर्तव्यबोध और जिम्मेदारी का भाव पैदा होता है। यूजीसी पर कहा कि कानून सभी को मानना चाहिए। यदि कोई कानून गलत है तो उसे बदलने का संवैधानिक मार्ग भी मौजूद है।



### मातृशक्ति समाज और परिवार की रीढ़

डॉ. भागवत ने मातृशक्ति को परिवार और समाज की आधारशिला बताते हुए कहा कि हमारी परंपरा में स्त्री को अबला नहीं, बल्कि असुर मर्दिनी माना गया है। महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण मिलना चाहिए। पश्चिमी दृष्टि से अलग भारतीय संस्कृति में महिला को माता का स्थान दिया गया है, जहां सौंदर्य से अधिक वात्सल्य को महत्व मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत निकट भविष्य में विश्व का मार्गदर्शन करेगा, क्योंकि विश्व की अनेक समस्याओं का समाधान भारतीय जीवन दर्शन में निहित है।




**न्यूज ब्रीफ**

### हैदलपुर पैटून पुल के पास दिखा मगरमच्छ

**परौर, अमृत विचार** : सोमवार दोपहर गांव के मुनीम अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार यादव, रणधीर सिंह यादव, कश्मीर सिंह, ओम सिंह और अजीत सिंह यादव पशुओं को पानी पिलाने के लिए रामगंगा के उत्तरी किनारे पर पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें किनारे पर सफेद रंग का मगरमच्छ दिखाई दिया। मगरमच्छ को देखते ही सभी ने अपने पशुओं को तुरंत वापस कर लिया और दूसरे घाट पर ले जाकर पानी पिलाया। ग्रामीणों का कहना है कि मगरमच्छ के हमले की आशंका बनी हुई है, जिससे लोगों में दहशत व्याप्त है।

### अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : निगोही थाना क्षेत्र के गांव सतवां खुर्द निवासी संतोष वर्मा ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 15 फरवरी की रात नौ बजे उसके पिता राम किशन अपने घर से साइकिल से गार्ड की नौकरी करने जा रहे थे। उनके पास इकनाली बंदूक व कारतूस की पेटी थी। रेलवे क्रासिंग के सुभाषनगर तिराहे पर हाइड्रा वाहन ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता की मौत हो गई और बंदूक टूट गई। चालक वाहन लेकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### करंट लगने से हरियाणा में किशोर की मौत

**कांट, अमृत विचार** : कांट थाना क्षेत्र के गांव गंधार निवासी 16 वर्षीय अनिकेत हरियाणा में गांव जेवा कुरुक्षेत्र में माली का काम करता था। दो दिन पूर्व पौधों में पानी लगाने के लिए मोटर चलाया और करंट लगने से झुलस गया। परिवार हरियाणा गए और अनिकेत को लेकर मेडिकल में भर्ती कराया। जहां सोमवार की शाम उसकी मौत हो गयी।

### होली जुलूस मार्ग की सड़क बनी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : महानगर के वार्ड नंबर 53 रामनगर कॉलोनी में विकास कार्यों को गति देते हुए सड़क निर्माण कार्य कराया गया। यह सड़क होली के जुलूस मार्ग में पड़ने के कारण प्राथमिकता के आधार पर बनवाई गई। पार्षद शिखा कृष्ण गोपाल बिन्नू के पति कृष्ण गोपाल बिन्नू ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर कार्य की निगरानी की। उन्होंने बताया कि वार्ड में चरणबद्ध तरीके से अन्य विकास कार्य भी कराए जाएंगे और जो कार्य शेष हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाएगा।

# पहले दिन 1589 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 11 रहे अनुपस्थित

## सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा के लिए जिले में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : सीबीएसई बोर्ड 10वीं की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा के लिए जिले में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन 10वीं की उच्च गणित और प्रारम्भिक गणित विषय की छात्रों ने परीक्षा दी।

मंगलवार को 9 परीक्षा केंद्रों पर उच्च गणित की पंजीकृत 1872 छात्रों में से 1861 ने परीक्षा दी। जबकि 11 छात्र अनुपस्थित रहे। इसी तरह प्रारम्भिक गणित की परीक्षा में 1600 पंजीकृत में से 1589 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। वहीं 11 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। सीबीएसई से जुड़े राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि सीबीएसई की आज मंगलवार को 10 वीं गणित की परीक्षा 9 केंद्रों पर हुई। इन केंद्रों पर परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर छात्रों की तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। केंद्र व्यवस्थापकों को बोर्ड की गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।


परीक्षा देकर निकलती छात्राएं। ● अमृत विचार

### इन केंद्रों पर हुई परीक्षा

एसएसएमवी, तक्षशिला पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय नं एक, केंद्रीय विद्यालय नं 2, माधवराव सिंधिया स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, गुरुतेग बहादुर एकेडमी, मारवाह स्कूल, द रेनेसा एकेडमी आदि परीक्षा केंद्रों पर कुल पंजीकृत 3472 छात्रों में से 3450 परीक्षा देने पहुंचे। जबकि 22 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी।

### यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू

**कलान, अमृत विचार** : यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षाएं 18 फरवरी 2026 से शुरू होंगी। प्रदेशभर के लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य से जुड़ी इन परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग और विद्यालयों की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों कक्षाओं के लिए हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। बोर्ड की समय सारणी के अनुसार हाईस्कूल की पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक होगी, जबकि इंटरमीडिएट की दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक संचालित की जाएगी। परीक्षा शुरू होने से एक दिन पूर्व कलान क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जाएगी, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके।

## नालियां जाम सड़क पर जलभराव से परेशानी

**परौर, अमृत विचार:** परौर से अटेना तक करीब 35 किलोमीटर लंबा टू लेन मार्ग लगभग दो वर्ष पूर्व निर्मित किया गया था। मार्ग बनने के बाद आवागमन सुगम हो गया, लेकिन अब कई स्थानों पर जलभराव की समस्या सामने आ रही है। निर्माण के दौरान बसावट वाले क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से नालियों का निर्माण कराया गया था।

नालियों की नियमित सफाई न होने से उनमें कीचड़ भर गया है। परिणामस्वरूप पानी सड़क पर बहकर जमा हो रहा है, जिससे मार्ग की सतह खराब हो रही है। ग्राम नारायण नगर के पास स्थिति अधिक गंभीर है। घरों का पानी सड़क पर फैलने से वहां दलदल जैसी स्थिति बन गई है और राहगीरों को कठिनाई उठानी पड़ रही है। क्षेत्र के राजीव सिंह चौहान, अमरपाल कुशवाहा, जयवीर सिंह कुशवाहा, अवधेश कुशवाहा, राजवीर मिस्त्री, रमन पाल कुशवाहा और सतीश चंद्र गुर्जर ने लोक निर्माण विभाग से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारी मार्ग का भ्रमण करते हैं, फिर भी समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जेई जगदीश चंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# एनएसएस ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



बस्ती के लोगों को मतदाता बनने की जानकारी देती स्वयंसेवी छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : जीएफ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन डॉ. रजा रसूल के नेतृत्व में मऊ खालसा गांव के प्राइमरी स्कूल में आयोजित शिविर के प्रथम सत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

द्वितीय सत्र में पर्यावरण एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अभिनव, अवनीश और विवेक विजेता बने। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समन जेहरा जैदी के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय दिलाजाक में चल रहे द्वितीय छात्रा इकाई के शिविर में जिला अस्पताल से जिला समन्वयक क्षय रोग केंद्र रंजीत कुमार ने कैंसर एवं टीबी आदि गंभीर बीमारियों से बचने के उपायों से अवगत कराया।

दूसरे सत्र मतदाता जागरुकता के अंतर्गत सभी स्वयंसेवियों ने बस्ती के लोगों को मतदाता बनने की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ निजामुद्दीन खान की देखरेख में कम्पोजिट विद्यालय दिलाजाक में चल रहे छात्र-छात्रा की मिश्रित इकाई के प्रथम सत्र में अतिथि वक्ता उपाधीक्षक भारतीय डाक अतुल कुमार मिश्रा ने भारतीय डाक सेवा के इतिहास एवं उसके लक्ष्य से स्वयंसेवियों को अवगत कराया। इस अवसर पर अरुण कुमार, राम बाबू, कुमारी, मनीषा मेहरा के अलावा शिविर में उमम, रोशनी, ममता, इशिता, आरिश, दानिया, संजना और तय्यबा आदि का विशेष योगदान रहा।

# जोरदार आवाज के साथ उछली पानी की धार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **सीवर लाइन का पाइप फटने की घटना माना जा रहा**

**अमृत विचार:** सोमवार शाम चौक कोतवाली क्षेत्र के चौक इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सड़क के बीच से अचानक तेज पानी की धार फूट पड़ी। पानी करीब 10 फीट की ऊंचाई तक ऊपर उछला, जिससे आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। प्राथमिक तौर पर इसे सीवर लाइन का पाइप फटने की घटना माना जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पानी का दबाव इतना अधिक था कि पाइप फटते ही जोरदार आवाज सुनाई दी और कुछ ही क्षण में ऊंची बौछार निकलने लगी। घटना का लगभग पांच सेकंड का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सड़क से फव्वारे की तरह पानी निकलता दिखाई दे रहा है। जल निगम के अधिशासी अभियंता ने घटना की तत्काल जानकारी न होने की बात कही है। उनका कहना है कि जब पाइप में अत्यधिक दबाव बनता है तो इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने प्रकरण की जांच कराने की बात कही है।

शहर में सड़क निर्माण के बाद सीवर लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया था। कार्य पूर्ण होने पर सड़कों की मरम्मत भी कराई गई, लेकिन इसके बावजूद कई स्थानों पर गड्ढे बनने की समस्या लगातार बनी हुई है।

## पेंशनर्स मनाएंगे काला दिवस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के तत्वावधान में समस्त घटक संघों के प्रतिनिधियों एवं सक्रिय सदस्यों की बैठक पीडब्ल्यूडी संघ भवन में हुई। वैलिडेशन एक्ट समाप्त करने एवं 25 मार्च को काला दिवस मनाने, पुरानी पेंशन बहाली के लिए जन जागरण अभियान के अंतर्गत केंद्रीय पदाधिकारियों की टीम प्रान्तीय अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक संघ कल्याण परिषद सत्यदेव सिंह तथा प्रान्तीय महामंत्री सेवानिवृत्त पीसीएस संघ अमृत लाल साहू ने 25 मार्च को प्रत्येक जिला स्तर पर सभी विभागों के साथ काला दिवस मनाने व प्रदर्शन का ऐलान किया है। केएन सहगल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए 25 मार्च 2026 को काला दिवस मनाने के लिए संकल्प लिया।

# उपभोक्ता जागरुकता के लिए घर-घर अभियान तेज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : मध्यांचल विद्युत वितरण निगम 9 फरवरी से 23 फरवरी तक "स्मार्ट मीटर पखवाड़ा" मना रहा है। इस विशेष अभियान के तहत जिले भर में उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विभाग का दावा है कि निगम ने अब तक जिले में करीब 68,000 स्मार्ट मीटर स्थापित किए हैं।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पखवाड़े के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे विस्तार से समझाए जा रहे हैं और उनकी सभी शंकाओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर से मिलने वाली सुविधाओं जैसे आसान भुगतान प्रणाली, रियल टाइम खपत की जानकारी, बिजली उपयोग पर बेहतर नियंत्रण, सटीक एवं पारदर्शी बिलिंग और त्वरित सेवा के बारे में जानकारी दी जा रही है।


उपभोक्ता के घर लगा स्मार्ट मीटर।

● **बिजली विभाग का दावा: अब तक जिले में करीब 68,000 स्मार्ट मीटर स्थापित किए**

इस दौरान उपभोक्ताओं को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप की डाउनलोडिंग कराकर लाइव डेमो भी दिया जा रहा है, ताकि वे 24 घंटे ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकें।

कर्मचारी गांवों और शहर के मोहल्लों में घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली समझा रहे हैं। साथ ही पंपलेट, पोस्टर, वीडियो और सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। चेक मीटर लगाकर पारंपरिक मीटरों से तुलना कर स्मार्ट मीटर की पारदर्शिता और सटीकता प्रदर्शित की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं के मन में किसी प्रकार का भ्रम न रहे। हाल ही में गोविंदगंज फीडर पर कंज्यूमर ऑफिसर ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे के बारे में बताया। साथ ही शिकायत भी दर्ज की जा रही है।

### उपभोक्ताओं ने स्वयं आगे आकर स्मार्ट मीटर लगवाने शुरू किए



अधीक्षण अभियंता अनुज प्रताप ने बताया कि कुछ लोगों ने उपभोक्ताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया गया था, लेकिन जब स्मार्ट मीटर के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तो उपभोक्ताओं ने स्वयं आगे आकर स्मार्ट मीटर लगवाने शुरू कर दिए। उन्होंने दावा किया कि निगम ने अब तक जिले में करीब 68,000 स्मार्ट मीटर स्थापित किए हैं।

# लंबित कार्य सात दिन में निपटाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **जिला सहकारी बैंक की मैराथन समीक्षा बैठक संपन्न**

**अमृत विचार** : जिला सहकारी बैंक में सहकारी देयों की वसूली, मृतक ऋणियों के वारिसान दर्ज कराने, ऋण वितरण, पैक्स के कंप्यूटरीकरण, समितियों के वर्किंग स्टेटमेंट, बैलेंस शीट, ऑडिट, एनपीए, निक्षेप, धान-गेहूं खरीद, उर्वरक वितरण तथा नवगठित पैक्स के कार्य-व्यवसाय सहित एक दर्जन से अधिक बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन डीपीएस राठौर ने की। इस दौरान पूर्व कार्यों की प्रगति का आकलन करने के साथ आगामी रणनीति भी निर्धारित की गई। चेयरमैन डीपीएस राठौर ने पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि केवल अभिलेखों में प्रगति पर्याप्त नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर परिणाम दिखने चाहिए। योजनाओं में जनता का धन और विश्वास निहित है। किसी भी स्तर पर शिथिलता या लालफीताशाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों का निस्तारण सात दिन के भीतर मिशन मोड में किया जाए, ताकि विकास की गति प्रभावित न हो और किसान तथा ग्राहक संतुष्ट रहें। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण और नवाचार को अपनाना अब आवश्यकता है।



जिला सहकारी बैंक की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते चेयरमैन डीपीएस राठौर।

भ्रष्टाचार और कार्य में देरी के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर अमल करने का आह्वान किया गया। सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि अगली समीक्षा तक निर्धारित लक्ष्य पूरे न होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी ने कहा कि टीम वर्क संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक सदस्य को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी। बैठक में एडीसीओ दिनेश कुमार, संजय सिंह, शिवरतन लाल, ओमप्रकाश मौर्य, उपमहाप्रबंधक शकील अहमद, अशोक कुमार कुशवाहा सहित एडीओ, शाखा प्रबंधक, कैडर सचिव व प्रभारी सचिव उपस्थित रहे। भविष्य की चुनौतियों के समाधान के संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ।

## पूर्व मंत्री अनीस खां फूलबाबू का स्वागत



**निगोही, अमृत विचार:** पूर्व मंत्री अनीस खां उर्फ फूल बाबू ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया। पार्टी में शामिल होने के बाद निगोही के पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने अपने आवास पर अनीस खां उर्फ फूल बाबू का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। अनीस खां उर्फ फूल बाबू के पार्टी में आने से तराई क्षेत्र में संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# मेगा विधिक साक्षरता शिविर की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा/वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर के संबंध में एक प्री-विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में किया गया।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष कुमार सिंह ने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा/वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों की प्रतिभागिता होगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने शिविर में अधिकाधिक लोगों को उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दी जाने वाली सेवाओं/सुविधाओं के बारे में भी बताया।



बैठक में मेगा विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर की जानकारी देते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष कुमार सिंह। ● अमृत विचार

● **22 को आयोजित कैंप में अधिकाधिक लोग उपस्थित होने के लिए किया प्रेरित**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विवेक कुमार मिश्र ने विधिक साक्षरता शिविर के संबंध में उपस्थित लोगों को जागरूक किया। साथ ही उन्होंने आश्वासन भी दिया कि चिकित्सा विभाग की ओर से शिविर को पूर्ण सहयोग किया जायेगा तथा शिविर में ब्लड डोनेशन एवं ईएनटी कैंप भी लगाया जायेगा। संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद अफजल ने किया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**खुटार, अमृत विचार:** खुटार के मां पंथवारी रोड स्थित पर एक पैलेस में संघ (आरएसएस) के नगर कार्यवाह धरम मिश्रा व कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदुओ को संगठित रहने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट देवेश कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ बच्चों ने देशभक्ति के गीतों से किया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने सांस्कृतिक नाटक प्रस्तुत किए। बच्चों ने छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के मध्य हुए अंतिम संवाद को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर डॉक्टर कृष्ण मुरारी शुक्ल, स्वयं सेवक संघ के प्रचारक रवि, राजकुमारी किरन सिंह, नगर कार्यवाह धरम मिश्रा, सभासद अनुज मिश्रा, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य नीरज मिश्रा, जिला विधार्थी प्रमुख नीतीश कुमार, पूर्व चेयरमैन अनुपम शुक्ला, चेयरमैन पति बाबूराम, नगर खंड प्रचारक खुटार हर्षित, जगवंत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


प्रचारक को साल उढ़ाकर सम्मानित करते पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष।

● **खुटार में हिंदू सम्मेलन का आयोजन**

# चांद दिखने के बाद होगी रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : चांद दिखने के बाद रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत होगी। साल भर लोगों को पवित्र माह रमजान का बेसब्री से इंतजार रहता है।

33 साल बाद फरवरी में रमजान का पवित्र महीना शुरू होने जा रहा है, ऐसा कई साल बाद हुआ है। रमजान को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। रमजान का पवित्र महीना और रोजे को लेकर लोगों में काफी उत्साह है, खुशियों का एक कारण यह भी है जो रोजेदारों को इस बार अल्लाह ताला की इबादत में वक्त गुजारने का मौका मिल रहा है। पहले दिन का रोजा 12 घंटे 48 मिनट का होगा। रमजान में सही समय पर सहरी करना बहुत जरूरी होता है।

18 फरवरी को चांद दिखने पर रमजान 19 फरवरी से शुरू होगा और अगर 18 फरवरी को चांद नहीं दिखा तो रमजान की शुरुआत 20 फरवरी से होगी और उसी दिन पहला रोजा रखा जाएगा। रमजान के महीने में पांच वक्त की नमाज के अलावा विशेष तरावीह नमाज पढ़ी जाती है। इस पूरे माह सभी बुरी आदतों से दूर रहकर रोजा रखा जाता है और इबादत व तिलावत की जाती है। महानगर समेत जिले की मस्जिदों में रमजान में अन्य पांच नमाजों के अलावा विशेष तरावीह नमाज की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तरावीह नमाज पढ़ाने के लिए हाफिज इमाम का प्रबंध कई सप्ताह पहले ही कर लिया गया। मस्जिदों में लाइट, जनरेटर, चटाई, लाउड स्पीकर की व्यवस्था भी चुस्त दुरूस्त कर ली गई है। डीएम कंपाउंड मस्जिद के इमाम मौलाना अनीस रजा खां अतहर ने बताया कि मस्जिद में तरावीह की नमाज में कुरआन सुनाने के लिए हाफिज मोहम्मद अफसर खां को मुकर्रर किया गया है। उन्होंने बताया कि डीएम कंपाउंड मस्जिद में 10 वें रोजे को कुरआन मुकम्मल होगा।



सहरी व इफ्तार के लिए सेवइयां खरीदते ग्राहक। ● अमृत विचार


बहादुरगंज बाजार में फल खरीदते ग्राहक। ● अमृत विचार

### रमजान आते ही महंगे हुए फल, खजूर और सेवइयां

रमजान शुरू होने से एक दिन पहले ही फलों के दामों में तेजी आ गई। मंगलवार को बहादुरगंज बाजार में फलों के ऊंचे दाम सुनकर लोग चौंक गए। फल विक्रेता मोहम्मद सईद, राजा, पप्पू ने बताया कि आज बाजार में सेब 140 रुपये किलो, अमरूद 100 रुपये किलो, पिन खजूर 200 रुपये किलो, पपीता 60 रुपये किलो, किन्नू 60 रुपये किलो, अंगूर 200 रुपये किलो में बिक रहे हैं। इन दामों ने रोजेदारों को थोड़ा परेशान जरूर किया। मगर इफ्तार के लिए दस्तरख्वान पर पिन खजूर और फलों से रोजा खोलने का मजा ही अलग है। रमजान में दस्तरख्वान की खास पहचान सेवइयां भी महंगी हो गईं। अभी तक 60 रुपये किलो बिकने वाली सेवइयां 100 रुपये किलो बिक रही हैं। वहीं 140 रुपये किलो की सूत फेनी रमजान से एक दिन पहले 160 रुपये किलो में रोजेदारों को खरीदना पड़ रही है। बहादुरगंज में विक्रेता मोहम्मद आसिफ ने बताया कि सेवइयां और सूतफेनी के दाम अचानक बढ़ गए। ग्राहकों को रेट सुनकर झटका भी लग रहा है। मगर रमजान में सेवई और सूतफेनी रोजेदारों की पहली पसंद है।

● **पहले दिन का रोजा 12 घंटे 48 मिनट का होगा, तैयारियां जोरों पर**

### रमजान में रोजे का बड़ा महत्व : मंजरी



शहर पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने बताया कि इस्लामी कैलेंडर का नौवां रमजान महीना मुसलमानों के लिए बहुत खास है। इस मुकद्दस महीने में मुसलमान सुबह से लेकर सूर्यास्त तक रोजा रखते हैं। सूर्यास्त के बाद रोजा खोलने के लिए इफ्तार किया जाता है। उन्होंने मुसलमानों को रमजान के महीने में खूब इबादत और तिलावत करने की ताकीद की। साथ ही उन्होंने लोगों से रमजान का चांद देखने और चांद की शहादत देने की अपील की है।

न्यूज ब्रीफ

## 10 समस्याओं में दो का किया निस्तारण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : नगर आयुक्त महोदय डॉ बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से सिस्टेमैटिक एडमिनिस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैप्पीनेस एंड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के लोगों ने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा। जन-सुनवाई दिवस में 10 समस्याएं आईं, जिसमें से मौके पर ही 02 समस्याओं का निस्तारण कराया गया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला को पीटकर किया घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला मठिया कॉलोनी निवासी गीता दीक्षित को मोहल्ले के एक युवक ने पीटकर घायल कर दिया। बताते है कि आरोपी का मोहल्ले में आतंक है। आरोप है कि आए दिन लोगों को मारता पीटना है। उसके डर के कारण लोग घर से बाहर नहीं निकलते है। दो दिन पूर्व भी एक महिला को पीटकर घायल कर दिया था। लोगों ने आरोपी के खिलाफ थाना पर शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आईजीआरएस निस्तारण में बिल्सी कोतवाली प्रथम

बिल्सी, अमृत विचार : स्थानीय कोतवाली का मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने वार्षिक निरीक्षण किया। आईजीआरएस प्रभारी रोली निगम से लंबित व निस्तारित प्रकरणों पर पूछताछ की गई। एसएसपी ने बताया कि बिल्सी कोतवाली लगातार तीन माह से आईजीआरएस निस्तारण में प्रथम स्थान पर है। इस उपलब्धि पर उन्हें रोली निगम की सराहना करते हुए ढाई हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की। साइबर क्राइम संबंधी शिकायतों को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर अबरार आलम को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# दामाद ने की ससुर की धारदार हथियार से हत्या

### मंदिर जा रहे बाइक सवार ससुर को पुलिया पर रोककर किया हमला

- बहन की हालत गंभीर
- पारिवारिक विवाद में की वारदात

संवाददाता, अल्हागंज

अमृत विचार : मंगलवार सुबह रामताल हनुमान मंदिर प्रसाद चढ़ाने जा रहे बाइक सवार ससुर पर उनके सगे दामाद ने साथियों के साथ धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई, जबकि साथ में जा रही बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया।


अशोक बाबू।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के इसलामगंज निवासी अशोक बाबू अग्निहोत्री उर्फ पिन्ने, 45 वर्ष, पुत्र नत्थू लाल अग्निहोत्री मंगलवार सुबह करीब आठ बजे अपनी बहन उपासना के साथ बाइक से जिला हरदोई के थाना पाली स्थित देवस्थान रामताल हनुमान मंदिर प्रसाद चढ़ाने जा रहे थे। इसी दौरान जिला के गांव हथौड़ा निवासी मनमोहन मिश्रा, 55 वर्ष, पुत्र श्याम बिहारी उर्फ कल्लू मिश्रा अपने साथियों के साथ गांव की पुलिया पर मौजूद था और उनके पास हाकी डंडे तथा धारदार हथियार थे।

अशोक बाबू को बाइक से आते देख मनमोहन ने उनकी बाइक रुकवाई और अपने साथियों के साथ उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे बाइक सहित अशोक बाबू और उनकी बहन सड़क पर गिर पड़े। हमले में अशोक बाबू का सिर फट गया और मौके पर काफी रक्त बह गया, जबकि उपासना को भी कई चोटें आईं। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को वाहन से फतेहगढ़ के लोहिया जिला अस्पताल ले गए, जहां अशोक बाबू की मृत्यु हो गई। घायल उपासना का उपचार चल रहा है। बताया गया कि लगभग दो वर्ष पूर्व अशोक बाबू ने अपनी पुत्री लक्ष्मी देवी का विवाह मनमोहन मिश्रा के साथ किया था। विवाह के बाद से मनमोहन शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट और गाली गलौज करता था, जिससे दोनों परिवारों के बीच तनाव बना रहता था। पांच-छह दिन पहले वह दिल्ली से गांव आया था और नशे की हालत में लक्ष्मी के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद वह मायके आ गई थी। दंपती की कोई संतान नहीं है। मृतक का एक पुत्र असम में रेलवे विभाग में कार्यरत है और परिवार को उसके आने का इंतजार है। शव का पोस्टमार्टम फतेहगढ़ के लोहिया जिला अस्पताल में कराया गया है। घटना की रिपोर्ट थाना पाली में दर्ज कराई जाएगी।

## लोहा लदा ट्रक तालाब में पलटा चालक फरार

कलान, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम गंगोरा के मजरा अजीत नगला में सोमवार रात करीब आठ बजे लोहा लदा एक ट्रक तालाब में पलट गया। बताया जाता है कि चालक की गांव में रिश्तेदारी होने के कारण वह ट्रक को गांव के अंदर ले गया था। अजीत नगला प्राथमिक विद्यालय से लगे तालाब के पास बैक करते समय ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।

ग्रामीणों के अनुसार उस समय गांव की ओर लोग आ-जा रहे थे। अचानक ट्रक के चारों पहिए ऊपर हो गए और वाहन से चीखने-चिल्लाने की आवाज आने लगी। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक के स्टेरिंग के आगे का शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला।

गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गया। ट्रक पर कोई हेल्पर मौजूद नहीं था। घटना के बाद चालक के फरार होने की बात कही जा रही है।

# शोभित हत्याकांड में आरोपी चौकीदार भेजा गया जेल

- मिट्टी डालने के विवाद में लाठी डंडों से पीटकर की थी हत्या
- अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश, गैर जिले गई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः मदनापुर क्षेत्र में चर्चित शोभित पाल हत्याकांड में पुलिस ने चौकीदार जौहरी का चालान करके जेल भेज दिया। पुलिस टीमें अन्य आरोपियों की तलाश में गैर जिले गयी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में बराबर दबिश दे रही है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बंधा निवासी रामवरन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार की सुबह 06 बजे उसका पुत्र शोभित पाल वीरपाल के खेत से मिट्टी लेने गया था। उसी समय चौकीदार जौहरी, जामन, उदयवीर, शिवजी हाथों में लाठी-डंडे और लोहे की राड लेकर खेत पर आए। आरोपियों ने उसके पुत्र शोभित पाल और दूसरे ट्रैक्टर चालक अरुण शर्मा निवासी मदनापुर से कहा कि उसके घर पर दो ट्राली मिट्टी डालो। उसके पुत्र शोभित पाल व दूसरा ट्रैक्टर चालक अरुण शर्मा ने मिट्टी डालने से मना किया। आरोपियों ने उसके पुत्र शोभित पाल को लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला और दूसरे चालक अरुण शर्मा ने भागकर शोर मचाया। शोर सुनकर मृतक का चाचा श्याम वरन दौड़कर गए और कहा कि मेरे भतीजे को क्यों मारडाला। इस दौरान मृतक शोभित पाल के पिता रामवरन भी पहुंच गए। शिवजी हाथों में लाठी-डंडे और लोहे की राड लेकर खेत पर आए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी चौकीदार जौहरी, जागन, उदयवीर, वलवीर, शिवजी के खिलाफ हत्या की आदि धारा में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी चौकीदार जौहरी को गिरफ्तार करके चालान करके जेल भेज दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि आरोपी जौहरी का चालान करके जेल भेज दिया गया है।

## युवती को फुसलाकर ले जाने का आरोप एफआईआर दर्ज

पुवायां, अमृत विचारः थाना पुवायां क्षेत्र के एक गांव में आधी रात एक 20 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 15 फरवरी की रात करीब 12 बजे उनकी 20 वर्षीय पुत्री को पंकज पुत्र सेवाराम अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी तलाश के बावजूद युवती का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि घटना में सेवाराम व अजय पुत्र सेवाराम की भी संलिप्तता है। पीड़ित पिता के अनुसार युवती व आरोपी का मोबाइल घटना के बाद से स्विच ऑफ आ रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मोबाइल पर साढ़े 11 बजे का था व्हाट्सएप लास्ट सीन

- चिनौर गांव में एक शिक्षिका की मौत का मामला, पुलिस के कब्जे में है मोबाइल
- मृतका की मां ने सदर बाजार थाना में तहरीर देकर की कार्रवाई करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः चिनौर गांव में एक शिक्षिका की मौत के मामले में पुलिस ने उसके मोबाइल को कब्जे में ले लिया था। उसके मोबाइल पर रात की 11 बजकर 37 मिनट पर व्हाट्सएप लास्ट सीन है। उसके बाद कोई काल नहीं है। इधर, मृतका की मां ने सदर बाजार थाना में तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी 25 वर्षीय संभवी शुक्ला का शव शुक्रवार की सुबह छह बजे कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ मिला था। मृतका संभवी शुक्ला पुवायां क्षेत्र में एक स्कूल में टीचर थी। उसकी बड़ी बहन की शादी मुंबई में हुई है। उसका कोई भाई नहीं था। पुलिस ने उसका मोबाइल कब्जे में ले लिया था। बताते है कि मोबाइल में गुरुवार की रात 11 बजकर 37 मिनट पर व्हाट्सएप लास्ट सीन है। उसके बाद कोई काल नहीं है। पुलिस ने व्हाट्सएप लास्ट सीन के नंबर का पता लगा लिया है। बताते है कि शिक्षिका ने छह माह पूर्व अपनी मां से कहा था कि एक युवक से शादी करना चाहती है। परिवार वालों ने उसकी एक मैरिज लान में युवक के साथ रोक कर दी थी।

शिक्षिका उससे फोन पर बराबर बात किया करती थी। घटना वाली रात में भी उसने शिक्षिका से फोन पर बात की थी। रोक के बाद आरोपी युवक शिक्षिका से दहेज की मांग करने लगा था। परिवार वालों का आरोप है कि आरोपी युवक संपत्ति हड़पने के चक्कर में शिक्षिका को जाल में फंसा लिया था और उसे परेशान करने लगा था। इसी चक्कर में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

## फंदे से लटका मिला महिला का शव

शाहजहांपुर, अमृत विचार : उधौपारा गांव में एक महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। पति घर पर लौटकर आया तो उसने पत्नी का शव लटका हुआ देखा। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव उधौपारा निवासी सत्यपाल सोमवार को दिन में काम करने के लिए चले गए। 30 वर्षीय पत्नी नन्हीं बिटिया ने रात 8 बजे कमरे में कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। सत्यपाल घर पर आया तो उसने देखा कि उसकी पत्नी का शव फंदे से लटका हुआ था। शोरहोने पर गांव वाले एकत्रित हो गए। सूचना पर रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने मृतका के पति से जानकारी की। उसकी शादी करीब 8 साल पहले हुई थी। उसके कोई बच्चा नहीं था। नन्ही बिटिया पहले पति के साथ चौक कोतवाली क्षेत्र के जियाखेल में रहती थी। उसके बाद पति के साथ दूसरे मकान उधौपारा में आकर रहने लगी। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवालों को सौप दिया।

# ई-बस परिचालक को पीटा, लगाया जाम

- लूट का लगाया आरोप, पुलिस ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


पिटाई के विरोध में परिचालकों ने लगाया जाम। ● अमृत विचार

अमृत विचारः रोजा क्षेत्र में स्कूटी पर सवार लोगों ने ई-बस परिचालक पर हमला करके पिटाई कर दी। परिचालक का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ लूटपाट की। इस दौरान भावलखेड़ा क्षेत्र में चालक और परिचालकों ने जाम लगा दिया। प्रभारी निरीक्षक ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवा दिया।

ई-बस परिचालक अनुज कुमार मंगलवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे सवारियां लेकर रोजा से रोडवेज बस अड्डे जा रहे थे। ग्रीन वैली स्कूल के सामने एक युवक ने ई-बस रोकने का इशारा किया। चालक ने बस नहीं रोकी। इससे नाराज होकर उसने अपने साथियों के साथ स्कूटी से ई-बस का पीछा किया। स्कूटी आगे करके बस को रोक लिया। आरोपी परिचालक को गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने परिचालक को मारा पीटा। आरोप है कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ लोधीपुर में उसकी बस रोक ली ओर मारपीट की। परिचालक का आरोप है कि कैश छीन लिया। सूचना मिलने पर अन्य ई-बस चालक ओर परिचालक बस लेकर लोधीपुर पहुंच गए। बसों का संचालन बंद कर दिया। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार लोधीपुर पहुंचे और चालक तथा परिचालकों को समझाकर एक घंटे बाद जाम खुलवा दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिचालक अनुज कुमार की तरफ से तहरीर मिल गयी है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद नाबालिग को ले गया युवक

- रिपोर्ट दर्ज, किशोरी बरामद आरोपी को हिरासत में लिया

संवाददाता, तिलहर

अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की दलित नाबालिग किशोरी को इंस्टाग्राम पर प्रेम प्रसंग के चलते समुदाय विशेष का एक युवक 28 जनवरी को अपने साथ ले गया।

घटना के बाद किशोरी के पिता की ओर से नौ फरवरी को युवक सलीम, उसके बहनोई मोबीन और नियाजुद्दीन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है और आरोपी युवक को भी हिरासत में ले लिया है।

परिजनों का कहना है कि युवक बीते दस दिन से थाने की हवालात में रखा गया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में युवक के माता-पिता की ओर से नगर के एक युवक और पास के ही गांव के एक युवक पर डेढ़ लाख रुपये लेकर बेटे को छुड़ाने के आरोप लगाए गए हैं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने रुपये लेने के आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि मुकदमा सुसंगत धाराओं में दर्ज है। नाबालिग दलित किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है और बयान दर्ज किए गए हैं। बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को जेल भेजा जाएगा।

# ट्रैकर और ट्रैक्टर की टक्कर में युवक की मौत

- डालमिया चीनी मिल के सामने हुआ सड़क हादसा

संवाददाता निगोही/शाहजहांपुर

अमृत विचार : डालमिया चीनी मिल के सामने टैंकर ने ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी पर लाया गया। यहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घायल चालक को मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव पैतापुर निवासी 35 वर्षीय शिवम वर्मा ने गांव के ट्रैक्टर-ट्राली पर गन्ना लोड करवाया। गांच चालक रामपाल उनका गन्ना लेकर डालमिया चीनी मिल लेकर गया। शिवम ने चीनी मिल में अपना गन्ना तुलवाया। सोमवार की रात 12 बजे शिवम ने चीनी मिल में गन्ना तुलवाया और गन्ने की पर्ची लेकर ट्रैक्टर पर बैठकर अपने गांव आ रहा था। रामपाल ट्रैक्टर चला रहा था। डालमिया चीनी मिल के सामने टैंकर ने ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर सड़क पर पलट गया। शिवम ओर चालक रामपाल घायल हो गए। सूचना पर निगोही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। डाक्टर ने शिवम को मृत घोषित कर दिया।

जबकि चालक राजपाल को मेडिकल कालेज भेज दिया। चालक टैंकर लेकर भाग गया। मृतक शिवम वर्मा की पत्नी पूनम वर्मा और परिवार के अन्य लोगों का रो-रोकर बुराहाल है।

उसकी एक साल की बेटी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सड़क दुर्घटना में युवक और बहनोई घायल

तिलहर, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार साले-बहनोई हुए घायल। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत में बरेली रेफर किया। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मलूकापुर गांव के रोहित कठेरिया ने बताया कि उनकी बहन की शादी 21 फरवरी को है। शादी समारोह में शामिल होने के लिए उनके भाई अजय कुमार का साला सुदीप मंगलवार की सुबह देहरादून से बस द्वारा तिलहर तक आया था। तिलहर बाईपास चौराहा से अजय कुमार बाइक द्वारा सुदीप को लेने गए थे। अजय और सुदीप बाइक से गांव के लिए आ रहे थे तभी हाईवे पर राधा फिलिंग स्टेशन के पास अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह दोनों लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद गंभीर अवस्था में घायलों को इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : निगोही थाना क्षेत्र के गांव सतवां खुर्द निवासी संतोष वर्मा ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 15 फरवरी की रात नौ बजे उसके पिता राम किशन अपने घर से साइकिल से गार्ड की नौकरी करने जा रहे थे। उनके पास इकनाली बंदूक व कारतूस की पेटी थी। रेलवे क्रासिंग के सुभाषनगर तिराहे पर हाइड्रा वाहन ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता की मौत हो गयी ओर बंदूक टूट गयी। चालक वाहन लेकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## पुरानी रंजिश में किया हमला

- आधा दर्जन नामजद समेत कई अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचारः थाना पुवायां क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दुकान में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन नामजद व कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव नाहिल निवासी पीड़ित राहुल शुक्ला पुत्र ज्ञानेश शुक्ला के अनुसार 15 फरवरी की दोपहर वह अपनी दुकान पर बैठे थे। आरोप है कि उसी दौरान गांव के ही शैलेन्द्र शुक्ला, वीरेन्द्र शुक्ला, जितेन्द्र शुक्ला, धीरेंद्र शुक्ला, योगेंद्र शुक्ला समेत अन्य लोग एक राय होकर लाठी-डंडा, बांका, कांता व अवैध तमंचा लेकर दुकान में घुस आए। तहरीर में कहा गया है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मुकदमे में समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे राहुल शुक्ला के चाचा के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गए। बचाव में आए शिवम, राहुल व गोविंद को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने तमंचा तानकर फायर करने का प्रयास भी किया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जाते-जाते आरोपियों द्वारा मोबाइल फोन तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना पुवायां पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कैहमारिया गोशाला में सूखा भूसा खा रहे गोवंश

संवाददाता, खुटार


कैहमारिया गोशाला में सूखा भूसा खाते गोवंश। ● अमृत विचार


गोशाला में दिखवा बनी चारा मशीन व इंजन। ● अमृत विचार

अमृत विचारः ग्राम पंचायत कैहमारिया गोशाला में अव्यवस्थाओं के बीच गोवंशीय पशुओं का जीवन जान जोखिम में है। गोशाला में हरा चारा, दाना (चोकर) चन्नी से गायब है। गोवंशीय पशुओं को केवल सूखा भूसा खिलाया जा रहा है। इससे पशु बीमारी के कगार पर पहुंच गए हैं। गोशाला की देखरेख करने वाले स्थानीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं है। इससे गोशाला में पशुओं की हालत बदतर है। कुछ दिन पूर्व पशुओं के कंकाल मिलने से पहले ही यहां की अव्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो चुके हैं।

खुटार की ग्राम पंचायत कैहमारिया की गांव सभा मैदा खेड़ा में अस्थयी गोशाला है। इसमें करीब 165 गोवंश पशु पल रहे हैं। गोवंशों की देखरेख को दो महिलाएं समेत पांच ग्वाले हैं। प्रधान और सचिव की जिम्मेदारी है। अन्य अधिकारी निरीक्षण करने तक नहीं आते हैं। गोशाला में सूखा भूसा पशुओं को दिया जा रहा है। चन्नी में हरा चारा, दाना गायब है। सूखा भूसा के सहारे गोवंशीय पशु बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। सफाई व्यवस्था भी ठीक नहीं है। गंदगी के बीच पशु पल रहे हैं। मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित से शिकायत की गई। उन्होंने अधिकारियों के संज्ञान में मामला पहुंचाने की बात कही है।

> कैहमारिया गोशाला की कई बार शिकायत मिली है। अगर गोशाला में अव्यवस्थाएं हैं। तो सीडीओ से मामले की शिकायत कर संबंधित पर कार्रवाई कराई जायेगी। गोशाला के पास मिले शवों की भी जांच कराई जाएगी। – **नमित दीक्षित**, ब्लॉक प्रमुख खुटार

**जमीन पर डाल दिया गोशाला का बोर्ड :** गोशाला में का बोर्ड हाल ही में बनवाया गया। लेकिन उस बोर्ड को लगाने की जगह जमीन पर डाल दिया है। ताकि गोशाला पर किसी की निगाह नहीं पड़े। बोर्ड को पांच से छह हजार रुपये की कीमत से बनवाया गया था।

**चारा मशीन व इंजन बनी दिखावाः** गोशाला में रखी चारा मशीन व इंजन दिखावा हैं। मशीन को जंक लगने लगा है। गोवंशीय पशुओं के लिए हरा चारा काटने को मशीन व इंजन लाया गया था। लेकिन हरा चारा, दाना नहीं दिया जा रहा है।

### गोवंशों के अवशेष मिलने पर अधिकारियों ने नहीं दिया ध्यान

गोशाला से पांच सौ मीटर दूर गोवंशीय पशुओं के शव, कंकाल, सिर पड़ा मिला था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी। सोमवार को खंड विकास अधिकारी और थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। बाद में जेसीबी मंगवाकर अवशेषों को गड्ढों में दबा दिया था। लेकिन इतने गोवंश के शव, अवशेष मिलने पर अधिकारियों ने कार्रवाई तो दूर आगे जांच करने की जरूरत नहीं समझी। जबकि ग्रामीणों ने आशंका जताई थी कि गोवंशीय पशुओं के शव हैं। बीडीओ ने बिना जांच के कह दिया कि गोशाला के पशुओं के अवशेष नहीं हैं।

## राजस्व निरीक्षक और सभासद के बीच विवाद, दी तहरीर

संवाददाता, तिलहर

अमृत विचार : नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक और स्थानीय सभासद के बीच हुए विवाद का मामला कोतवाली पहुंच गया, जहां दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक सुशांत कुमार नगरपालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम, अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र कुमार तथा अन्य कर्मचारियों के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे वह अपने कार्यालय में बैठकर विभागीय कार्य निपटा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय सभासद सत्येंद्र सिंह ने एक कर्मचारी को भेजकर उन्हें मुख्य कार्यालय के सामने बुलवाया। आरोप है कि वहां पहुंचते ही सभासद ने उनके साथ गाली-गलौज की और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सिंह कांट्रक्शन के नाम से संबंधित एक भुगतान फाइल मांगी। सुशांत कुमार ने बताया कि अलमारी की चाबी उपलब्ध न होने के कारण वह तत्काल फाइल देने में असमर्थ थे, जिस पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की जानकारी उन्होंने तत्काल चेयरमैन हाजरा बेगम और अधिशासी अधिकारी को दी। इसके बाद चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में पालिका कर्मचारी कोतवाली पहुंचे और अधिशासी अधिकारी की ओर से सभासद सत्येंद्र सिंह के खिलाफ तहरीर दी गई। दूसरी ओर सभासद सत्येंद्र सिंह ने भी कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। उनका कहना है कि उन पर लगाए गए आरोप गलत हैं। वह अपने रिश्तेदार के भुगतान की जानकारी लेने गए थे, जहां उनसे बीस हजार रुपये कमीशन के रूप में मांगे गए। विरोध करने पर सुशांत कुमार और अन्य लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। सभासद अभिषेक सिंह के पहुंचने पर विवाद शांत हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सिद्ध बाबा समाधि को लेकर विवाद

उझानी, अमृत विचार : बरेली-मथुरा राजमार्ग पर उझानी क्षेत्र के गांव गंगोरी की सरकारी जमीन पर सिद्ध बाबा समाधि को लेकर विवाद शुरू हो गया है।

लोगों का कहना है कि कई साल से सिद्ध बाबा की समाधि पर लोग पूजा करने आते हैं लेकिन अब छेड़छाड़ करके इसका स्वरूप बदला जा रहा है। जो स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रधान, कोतवाली प्रभारी और तहसीलदार के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई। चादर और झंडे हटाने की मांग की। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने भी शिकायत की है। शिकायत के दौरान दौरान योगेश पाठक, प्रांत युवा गौरक्षा प्रमुख संजीव कुमार प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष अरविंद, उत्कर्ष मिश्रा, आशीष उपाध्याय आदि रहे। कहा कि सिद्ध बाबा समाधि को मूल स्वरूप में सुरक्षित रखा जाए। प्रशासन की ओर से जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



## डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

**सुविधायें**
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# बसंत उत्सव-2026 में साधना की त्रिवेणी प्रवाहित

## दूसरे चरण के दूसरे दिन का आरंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के दूसरे चरण के दूसरे दिन का आरंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी पटेल दाजी के सान्निध्य में देश-विदेश से पहुंचे सहस्रों अभ्यासी एकात्म भाव से ध्यान में लीन दिखाई दिए। सम्पूर्ण आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना के वातावरण से आलोकित रहा।

इस अवसर पर दाजी ने अपने संदेश में बाबूजी महाराज के वचनों का स्मरण कराते हुए कहा कि आत्मा अपनी जंजीरों से मुक्त होना चाहती है और यही सर्वोच्च महत्वाकांक्षा है। उन्होंने कहा कि मनुष्य वही बनना चाहता है जो वह वास्तव में है, किंतु उसे भूल चुका है। लक्ष्य ईश्वर के साथ पूर्ण एकत्व प्राप्त करना है और ध्येय की प्राप्ति तक विश्राम नहीं करना चाहिए। लक्ष्य के प्रति सजगता बनी रहे तो आलस्य स्वतः समाप्त हो जाता है। ध्यान सत्र के उपरांत मिशन के अभ्यासी एवं भजन गायक चरन प्रीत ने सजा दो घर गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं तथा लालाजी की याद में हम सब खो जाएं जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। इससे पंडाल भक्ति भाव से गूंज उठा। सायंकालीन सत्र में भी दाजी ने साधकों को ध्यान कराया। आयोजन की व्यवस्थाओं में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, एके गर्ग, सुयश सिन्हा, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार सिंह, शुभम सक्सेना, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी सहित अनेक साधकों का योगदान रहा।



बसंत उत्सव-2026 में पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद। ● अमृत विचार

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी की साधना

बसंत उत्सव में शामिल होने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तीन दिवसीय प्रवास पर आश्रम पहुंचे। रिलायंस परिसर में बने हेलीपैड पर उनके आगमन पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने स्वागत किया। इसके बाद वह काफिले के साथ आश्रम पहुंचे, जहां मिशन के सचिव उमा शंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा और राज गोपाल अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। आश्रम पहुंचकर पूर्व राष्ट्रपति ने दाजी को पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया तथा उनसे भेंट कर ध्यान साधना में सहभागिता की।

# हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के निर्देशानुसार जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले आजमीन-ए-हज का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम पुराना जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 67 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सकों की टीम ने सभी हज यात्रियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक टीके लगाए।

चिकित्सा टीम में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शोएब अली, मोहम्मद जावेद, अहमद सिद्दीकी, ज़हीम खान एवं स्टाफ नर्स पिंकी, शालिनी शर्मा, स्नेहा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने मौजूद रहकर टीकाकरण किया और पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीपी श्रीवास्तव ने हज यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, खान-पान, स्वच्छता तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी। इस मौके पर मदरसा नुरुल हुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां, मुईन खान, शारिक अली खां, साजिद अली खां, अब्दुल कादिर खां, निफ़ासत अली खान, सबीहा सुल्ताना, गुलाम कादिर, हज ट्रेनर मोहम्मद मशकूर हसन खां आदि का सहयोग रहा।

# बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, अजय बने अध्यक्ष



नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, महासचिव संतोष यादव व कोषाध्यक्ष।

संवाददाता, दातागंज

- सचिव पद पर निर्विरोध चुने गए संतोष यादव, कोषाध्यक्ष हुए सली रज्जाक

**अमृत विचार :** तहसील में मंगलवार को बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय कुमार गुप्ता ने जीत दर्ज की। सचिव पद पर संतोष यादव निर्विरोध चुने गए। कोषाध्यक्ष पद के दावेदार सली रज्जाक विजयी रहे।

बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 99 अधिवक्ताओं द्वारा डाले गए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए तीन लोग चुनाव मैदान में थे। जिसमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय कुमार गुप्ता को 39 मत प्राप्त हुए। दूसरे नंबर पर के पी सिंह को 34 मत प्राप्त हुए, तीसरे नंबर पर जाने आलम को 21 मत प्राप्त हुए। चुनाव अधिकारी धर्मेन्द्र पाल सिंह ने अजय कुमार गुप्ता को 5 मतो से विजयी घोषित किया। इसके अलावा संतोष सिंह निर्विरोध सचिव चुने गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए दो लोग चुनाव लड़े थे। जिसमें सली रज्जाक को 58 मत प्राप्त कर विजयी हुए। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी बलवीर सिंह को 21 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद में 6 मत निरस्त हुए तथा अध्यक्ष पद के लिए 5 मत निरस्त पाए गए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए अजय कुमार टीटू गुप्ता ने कहा। कि वह तहसील बार एसोसिएशन के लिए हर संभव मदद करेंगे और सार्थक कार्य करेंगे। मुंसिफी कोर्ट से जो थाने छूट गए है। उन्हें भी वापस लाने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा उन्होंने सभी मतदाताओं और निर्वाचन कराने वाली एल्डर कमेटी का आभार व्यक्त किया। एल्डर कमेटी में एडवोकेट धर्मेंद्र पाल सिंह मुख्य चुनाव अधिकारी, मोहम्मद जाहिद, आशा दीक्षित, विनोद कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह एडवोकेट सहायक चुनाव अधिकारी थे।

# शाहजहांपुर ओवरऑल चैंपियन



शाहजहांपुर की टीम के साथ बीएसए दिव्या गुप्ता।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** ओसीएफ स्थित स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 39वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों के उत्साह और शिक्षकों के समर्पण को राष्ट्र निर्माण की नींव बताया। प्रतियोगिता में 819 अंक हासिल कर शाहजहांपुर ने ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की।

तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं में शाहजहांपुर के खिलाड़ियों ने लगातार प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किए। कुश्ती के कई भार वर्गों में भी शाहजहांपुर और बदायूं के खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने प्रतियोगिता का विवरण प्रस्तुत कर प्रतिभागी शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में बीईओ मुख्यालय सुरेंद्र मौर्या, बीईओ भावलखेड़ा विनय मिश्रा, बीईओ जलालाबाद शाहीन सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों और निर्णायक मंडल ने भी आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

# दयानंद बोध रात्रि पर्व धूमधाम से मनाया

**तिलहर, अमृत विचार:** आर्य समाज में दयानंद बोध रात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर के प्रबंधक प्रणव शास्त्री तथा कन्या गुरुकुल के प्रबंधक ने आर्य समाज के कार्यों को और अधिक गतिशील बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आर्य समाज की ओर से प्रचारकों और कार्यकर्ताओं को पुष्प मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आर्य समाज के प्रधान सत्य प्रकाश आर्य और मंत्री लोकेश आर्य ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। समापन पर सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर के ब्रह्मचारी, ओम प्रकाश आर्य, दासीराम, सर्वेश आर्य, रविंद्र आर्य, कटरा आर्य समाज के मंत्री वीरेंद्र आर्य, कैलाश चंद्र, अशोक रस्तोगी, अरुण रस्तोगी, नन्हेंलाल, सर्वेंद्र कुमार, मानसी आर्य, ज्योति आर्य, विमला आर्य सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# प्रधानों से संवाद में स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रोहिलखंड अस्पताल में 7 हजार तक सर्जरी और अत्याधुनिक जांच की दी जानकारी

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने निकटवर्ती ग्रामों के प्रधानों के साथ आयोजित बैठक में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया।

यह बैठक वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें अस्पताल की आधुनिक सुविधाओं, एनएबीएल प्रमाणित लैब, विभिन्न रोगों के लिए विशेष छूट पैकेज और किफायती उपचार व्यवस्था की जानकारी दी गई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अस्पताल में सामान्य परिस्थितियों में प्रमुख सर्जरी अधिकतम सात हजार रुपये तक के शुल्क पर उपलब्ध हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों को बड़ी राहत मिल सकती है।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्स-रे सहित अन्य उन्नत मशीनें उपलब्ध हैं और जांच सुविधाएं विश्वसनीय मानकों के अनुरूप संचालित हैं। कैंसर, डायबिटीज, आर्थोपेडिक और स्त्री रोगों के लिए विशेष पैकेज लागू हैं, वहीं सामान्य बुखार, मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों के लिए किफायती जांच पैकेज उपलब्ध हैं। उन्होंने प्रधानों से आग्रह किया कि वे गांवों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाएं ताकि जरूरतमंद परिवार समय पर उपचार प्राप्त कर सकें।

कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने कहा कि अस्पताल में न्यूरो सर्जरी, आर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग, बाल रोग और ऑन्कोलॉजी सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक एक ही परिसर में उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को भटकना नहीं पड़ता। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य जांच, कैंसर स्क्रीनिंग और एनीमिया उपचार पर विशेष ध्यान देने की बात कही। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं डीन डॉ. रविंद्र नाथ शुक्ला ने कहा कि अनुशासन और समर्पण के साथ अस्पताल ग्रामीणों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहा है। बैठक में विभिन्न विभागाध्यक्षों ने अपनी प्रस्तुतियों में उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञ सेवाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पंडित श्यामा राव, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार चौहान और मीडिया एवं मार्केटिंग प्रभारी इंजीनियर सचिन चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधानों ने अस्पताल सेवाओं की सराहना करते हुए सुझाव दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक गांवों तक पहुंचे। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

# फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

# आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ADITYA
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# वरुण अर्जुन विवि में वरचैम खेल सप्ताह आरंभ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में जोर आजमाइश करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- टग ऑफ वॉर से हुई शुरुआत, खेलों के महत्व बताया
- प्रति-कुलाधिपति और कुलपति ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय, बंथरा-शाहजहांपुर के फुटबॉल ग्राउंड पर 17 फरवरी 2026 को आयोजित भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के खेल सप्ताह 'वरचैम' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल और कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं डीन डॉ. रविंद्र नाथ शुक्ला सहित विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, फैकल्टी सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन पर दर्शक उत्साह से झूमते नजर आए।

प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में छात्र जीवन में खेलों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि पढ़ाई के तनाव के बीच खेल विद्यार्थियों को मानसिक और शारीरिक संतुलन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल साहस और आत्मविश्वास का विकास करते हैं तथा स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में सहायक होते हैं। कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने विशेष रूप से छात्राओं को खेलों में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का माध्यम हैं।

उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए खेल फैकल्टी सदस्य डॉ. शादाब और अमन अवस्थी की सराहना की। डॉ. रविंद्र नाथ शुक्ला ने खेलों को अनुशासन, टीम भावना और सहनशक्ति का आधार बताते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं।

उद्घाटन के मुख्य आकर्षण के रूप में टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बालिका वर्ग में एमबीबीएस टीम ए ने एमबीबीएस टीम बी को पराजित किया। बालक वर्ग के पहले मुकाबले में एमबीबीएस टीम ए ने नर्सिंग टीम को हराया, जबकि दूसरे मैच में एमबीबीएस टीम बी ने फार्मेसी कॉलेज टीम को शिकस्त दी।

मुकाबले रोमांचक रहे और खिलाड़ियों की ऊर्जा ने दर्शकों को उत्साहित किया। कार्यक्रम में फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह, मेडिकल कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. संथानन कृष्णन, नर्सिंग कॉलेज के उप-प्राचार्य दीपक पचौरी, फार्मेसी कॉलेज के उप-प्राचार्य मोहम्मद जुनैद, पैरामेडिकल साइंसेज की उप-प्राचार्या नेहा गुप्ता सहित अन्य फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे। आयोजन समिति की ओर से फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स और बैडमिंटन सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी दी गई, जो सप्ताह भर आयोजित होंगी। 'वरचैम' खेल सप्ताह के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को खेल प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान किया है। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने छात्रों को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

# नो-मैपिंग नोटिसों की सुनवाई शीघ्र पूरी करने के आदेश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा 131-कटरा और 138-ददरौल के ईआरओ, एईआरओ तथा सुपरवाइजर के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में नो-मैपिंग कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। विधानसभा कटरा में कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर सुपरवाइजर विपिन कुमार और बीएलओ शालिनी शर्मा, मृदुला यादव के विरुद्ध निलंबन के निर्देश दिए गए। साथ ही एईआरओ सत्यप्रिय सरोहा, त्रिपुरुपेष तिवारी और सुरेंद्रनाथ पटेल से स्पष्टीकरण मांगा गया। विधानसभा ददरौल में एईआरओ सुरेश बहादुर पटेल की प्रगति अपेक्षित न मिलने पर उनके विरुद्ध भी स्पष्टीकरण के निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने नो-मैपिंग मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी का निस्तारण भी नियमित रूप से किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### बिना फिटनेस बच्चे ले जाने पर स्कूल की वैन सीज

**बदायूं, अमृत विचार :** एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम ने मंगलवार को चेकिंग अभियान चलाया। बिना फिटनेस के बच्चों को ले जाने वाली स्कूल वैन को सीज किया। साथ ही ओवरलोडिंग पर तीन, फिटनेस फेल दो ई-रिक्शा व एक लोडर को भी सीज किया है। इसके अलावा गलत तरीके से सवारियां बैठाने पर और मानक दरकिनार करने पर दो बसों का चालन हुआ। अभियान के दौरान प्रवर्तन सुपरवाइजर आदेश कुमार व चार पूर्व सैनिक रहे। बता दें कि स्कूल की वैन अक्सर बच्चों को नियम को ताक पर रखकर स्कूल ले जा रही हैं। लेकिन परिवहन विभाग गंभीरता से चेकिंग नहीं कर रहा है।

### गुस्साए व्यापारियों ने पंचायत कार्यालय पर लगाया ताला

**बदायूं, अमृत विचार :** अलापुर के मेन बाजार में नाले का गंदा पानी भरने की वजह से व्यापारियों में खासी नाराजगी है। जिसके चलते नगर पंचायत कार्यालय के गेट पर ताला डाल दिया और प्रदर्शन किया। नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों से नोकझोंक भी हुई। व्यापारियों ने कहा कि जलभराव की समस्या काफी समय से है। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि नाले के गंदे पानी को शीघ्र साफ कराया जाए, जिससे राहत मिल सके।

### बच्ची का अपहरण करने का आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** शादी समारोह से 10 फरवरी की रात छह साल की बच्ची का अपहरण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह इलेक्ट्रिशियन है। उसका समारोह से बच्ची को उठाने का वीडियो भी वायरल हुआ था। हालांकि रामलीला मैदान के गेट पर बच्ची रोती हुई बरामद कर ली गई थी। वह बच्ची के साथ गलत काम करना चाहता था लेकिन पुलिस और परिजनों की सक्रियता से बच्ची को छोड़ गया था। पुलिस ने आरोपी कृष्णा टॉवर निवासी विजय को गिरफ्तार करके जेल भेजा।

**परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की हुई तैनाती, नकल रोकने को छापेमारी करेंगे छह सचल दल**

# यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से, 98 केंद्रों पर बैठेंगे 67,945 परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो रही हैं। पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 98 केंद्रों पर 67945 परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से सभी तैयारी पूरी कर ली गईं हैं। मंगलवार को दिन भर केंद्रों पर सीटिंग प्लान करने के बाद डेस्क पर स्लिप चिपकाने का दौर चलता रहा। वहीं परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़ी इंतजाम किए गए हैं। सभी केंद्रों पर स्टैटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती गई है। एडीएम प्रशासन को परीक्षा नोडल बनाया गया है।

हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही है। मंगलवार को सभी परीक्षा केंद्रों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। केंद्रों पर डेस्क स्लिप और सीटिंग प्लान को चस्पा किया जाता रहा। बुधवार को सुबह की पाली में हाईस्कूल का हिंदी का प्रश्नपत्र है। जबकि शाम की पाली में इंटरमीडिएट का हिंदी की परीक्षा होगी। परीक्षार्थियों को सुबह की पाली में 8:15 तक प्रवेश दिया जाएगा। अगर किसी कारण के वह देरी से पहुंचता है तो उसे परीक्षा शुरू होने के उपरांत 30 मिनट तक केंद्र पर प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा।


मॉनिटरिंग सेल से केंद्रों की निगरानी करते कर्मचारी ● अमृत विचार


केंद्र पर डेस्क पर चिट चिपकाते शिक्षक।

### सक्रिय हुए कंट्रोल रूम

यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में राजकीय इंटर कॉलेज में मॉनिटरिंग कक्ष बनाया है। मॉनिटरिंग केंद्र से सभी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी की जा रही है। इसके लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। वहीं क्षेत्रीय कार्यालय के साथ ही लखनऊ से भी मॉनिटरिंग शुरू हो गई है। चार स्तर से केंद्रों की निगरानी की जाएगी। परीक्षा के दौरान अगर कहीं कोई गड़बड़ी मिली तो प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

| | |
|---|---|
| हाई स्कूल संस्थागत परीक्षार्थी | 37286 |
| हाई स्कूल व्यक्तिगत परीक्षार्थी | 83 |
| इंटरमीडिएट संस्थागत परीक्षार्थी | 29653 |
| इंटरमीडिएट व्यक्तिगत परीक्षार्थी | 923 |
| कुल हाई स्कूल इंटरमीडिए के परीक्षार्थी | 97945 |
| परीक्षकों की संख्या | 4486 |
| सुपर जोनल मजिस्ट्रेट | 02 |
| जोनल मजिस्ट्रेट | 10 |
| सेक्टर मजिस्ट्रेट | 18 |

| | |
|---|---|
| अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट | 06 |
| स्टेटिक मजिस्ट्रेट | 98 |
| अतिरिक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट | 21 |
| सचल दल | 06 |

**तहसीलवार परीक्षार्थियों की संख्या**

| | |
|---|---|
| सदर तहसील | 23569 |
| बिसौली तहसील | 14268 |
| बिल्सी तहसील | 13548 |
| दातागंज तहसील | 11536 |
| सहसवान तहसील | 5024 |

> बोर्ड परीक्षा को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूरी हैं। परीक्षा नकल विहीन और शुचिता के साथ संपन्न कराई जाएगी। अगर किसी केंद्र पर अव्यवस्था मिलती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **लालजी यादव,** जिला विद्यालय निरीक्षक

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** तेज रफ्तार वाहन ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई।हादसा सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में बदायूं-आंवला मार्ग स्थित गांव सालारपुर स्थित बीएसएनएल टॉवर के पास हुआ। बाइक सवार कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव मोगर निवासी प्रवेंद्र उर्फ पप्पू पुत्र जगदीश सिंह बाइक से बदायूं शहर से अपने गांव जा रहे थे। कुंवरगांव की ओर से आए वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार रदी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग पहुंचे। डायल 112 पुलिस पहुंची। युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंची। बताया कि प्रवेंद्र की पत्नी की कुछ दिन पहले मौत हुई थी।


प्रवेंद्र उर्फ पप्पू

# बदायूं में नहीं है बड़ा गांव, अस्पताल बनाने को शासन ने भेजे 30 लाख

**अफसोस: आयुर्वेदिक अस्पताल बनाने को भेजा बजट शासन को वापसी के लिए लिखा पत्र**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सरकार के भी अजब खेल हैं। आयुर्वेदिक अस्पताल भवन बनाने को दो साल पूर्व तीस लाख का बजट जारी किया। जब विभाग ने उक्त गांव की खोज की तो पूरे जनपद में गांव नहीं मिला। जिस पर आयुर्वेद विभाग ने शासन को लिखा कि इस नाम का कोई गांव नहीं है, लिहाजा बजट वापस कर लिया जाए। लेकिन सरकार ने बजट वापस नहीं लिया।

आयुर्वेद विभाग के जनपद में 26 अस्पताल हैं। जबकि 21 डाक्टर हैं। इसके साथ ही चार कस्बों में आयुर्वेद के अपने भवनों का निर्माण किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार दो साल पूर्व सरकार ने बड़ा गांव में आयुर्वेद का अस्पताल भवन निर्माण को तीस लाख का बजट जारी किया। बजट मिलने के बाद आयुर्वेद के जिम्मेदारों ने उक्त गांव की खोज की जो कहीं नहीं मिला। तहसील के राजस्व अभिलेख खंगाले गए उनमें भी बड़ा गांव नहीं है। और न ही बड़ा गांव में कोई अस्पताल पहले से है। पूर्व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने इस मामले को दबा दिया। अब फिर से आयुर्वेद के जिम्मेदारों से बड़ा गांव के बारे में जानकारी मांगी गयी है। जिस पर यूनानी एवं आयुर्वेदिक क्षेत्रीय अधिकारी डा. योगेंद्र सिंह ने शासन को फिर से पत्र लिखा कि जिले में बड़ा गांव नहीं है।




### आयुर्वेद चिकित्सकों की प्रशासन ने मांगी सूची

आयुर्वेद के जनपद में मात्र 21 चिकित्सक हैं जो जिला अस्पताल स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल से लेकर 25 अन्य अस्पतालों में कार्यरत हैं। अब जिला प्रशासन इन डॉक्टरों में से कुछ की एसआईआर पुनरीक्षण अभियान में ड्यूटी लगाना चाहता है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मंगलवार को सूची मांगी गयी है। यदि आयुर्वेद के कुछ डॉक्टरों की डयूटी लगा दी गयी तो कई अस्पताल बंद हो जाएंगे। वहां मरीजों को दिक्कत होगी। इस समस्या को लेकर आयुर्वेद विभाग परेशान है।

> जनपद में बड़ा गांव नहीं है जबकि बड़ा गांव में अस्पताल बनाने को तीस लाख रुपए स्वीकृत हो चुके हैं। शासन को पत्र लिखकर अवगत कराया जा चुका है फिर भी बार बार अस्पताल निर्माण का आदेश दिया जा रहा है जिसको लेकर समस्या बनी हुई है।
>
> **- डा. योगेन्द्र सिंह,** यूनानी एवं आयुर्वेदिक क्षेत्रीय अधिकारी

### अस्पताल निर्माण को नहीं मिली किस्त

आयुर्वेद के निर्माणाधीन अस्पताल भवनों की शेष धनराशि नहीं मिली है जिससे भवनों का निर्माण अधर में लटका है। आयुर्वेद के जनपद में जरीफनगर, कुंवरगांव, सहित चार स्थानो पर अस्पताल भवन बनाए जा रहे हैं। इनके निर्माण को पहली किस्त सरकार द्वारा मिल चुकी है लेकिन दूसरी किस्त अभी तक नहीं मिली है जिससे भवन निर्माण अधर में लटका है। आयुर्वेद विभाग द्वारा सरकार को तीन बार पत्राचार भी किया जा चुका है फिर भी शेष धन नहीं दिया गया है। कार्य अधूरा होने से निर्माण करने वाली संस्थाएं भी परेशान हैं।

### इग्नू में प्रवेश और नवीनीकरण की अंतिम तिथि 28 फरवरी

**बदायूं, अमृत विचार :** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी कर दी गई है। दोबारा पंजीकरण की भी अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है।

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. संजीव राठौर ने बताया कि जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश के लिए इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर लॉगिन करें। इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ़ के कोड 47 के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के कोड 47043 पर आवेदन करें। दो सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ दोबारा 28 फरवरी तक पंजीकरण करा सकते हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों में बीए, बीकॉम पाठ्यक्रमों सहित दो साल की अवधि के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हिंदी, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, एमकॉम, ग्राम विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं।

## सिद्ध बाबा समाधि पर रखी हरी चादर, विवाद गहराया


उझानी कोतवाल से बात करते संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर उझानी क्षेत्र के गांव गंगोरी की सरकारी जमीन पर सिद्ध बाबा समाधि को लेकर विवाद शुरू हो गया है। यह समाधि सड़क किनारे थी लेकिन चौड़ीकरण के दौरान ग्रामीणों की सहमति से वहां से हटाकर दूसरे जगह दो दिन पहले ही स्थापित किया गया था। जहां उर्दू में कुछ लिखा गया है और हरी चादर चढ़ाई गई है। जिससे तनाव की स्थिति बन गई है।

लोगों का कहना है कि कई साल से सिद्ध बाबा की समाधि पर लोग पूजा करने आते हैं लेकिन अब छेड़छाड़ करके इसका स्वरूप बदला जा रहा है। जो स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रधान, कोतवाली प्रभारी और तहसीलदार के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई। चादर और झंडे हटाने की मांग की। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने भी शिकायत की है। शिकायत के दौरान दौरान योगेश पाठक, प्रांत युवा गौरक्षा प्रमुख संजीव कुमार प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष अरविंद, उत्कर्ष मिश्रा, आशीष उपाध्याय आदि रहे। कहा कि सिद्ध बाबा समाधि को मूल स्वरूप में सुरक्षित रखा जाए।

### दिव्यांग के प्लाट पर कब्जे का प्रयास

**उसहैत, अमृत विचार :** उसहैत निवासी दिव्यांग सचिन कुमार ने पुलिस से शिकायत करके बताया कि साहपुर मार्ग पर गाटा संख्या 345 पर उनका सवा बीघा का प्लाट है। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। कुछ दिन पहले दबंगई के बल पर कुछ लोगों ने पेड़ लगवाए थे। शिकायत पर राजस्व विभाग और पुलिस ने पेड़ हटवाकर प्लाट कब्जा मुक्त कराया था। आरोप है कि उनकी दिव्यांगता का फायदा उठाकर 12 फरवरी को दूसरे पक्ष ने प्लाट पर खोदाई शुरू करा दी। साथ ही अवैध रूप से एक धार्मिक स्थल बना दिया है। दिव्यांग ने अतिक्रमण हटवाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**● आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई**

## दातागंज मार्ग पर अतिक्रमण हटाने को 15 दिन का समय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**● बदायूं से दातागंज मार्ग का किया जाना है चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण**

**अमृत विचार :** बदायूं-दातागंज मार्ग का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का काम जल्द शुरू होना है लेकिन इस मार्ग पर आबादी वाले क्षेत्र में ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर लिया है। जिसके चलते लोक निर्माण विभाग की ओर से 15 दिनों के भी अतिक्रमण खुद हटाने की चेतावनी दी गई है। निर्धारित अवधि में अतिक्रमण खुद नहीं हटाया तो कार्रवाई की जाएगी।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि बदायूं से दातागंज मार्ग का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य प्रस्तावित है। चौड़ीकरण का काम जल्द ही शुरू किया जाना है। इस मार्ग की आबादी वाले क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कुछ स्थानीय लोगों ने मकान, दुकान, रैंप, चबूतरा आदि बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। जो अवैध निर्माण की श्रेणी में है। इस अतिक्रमण को हटाते हुए चौड़ीकरण का काम किया जाना है। उन्होंने अतिक्रमण करने वालों को निर्देशित किया है कि वह 15 दिनों के भीतर खुद ही अतिक्रमण हटा लें। वर्ना अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। जिसके व्यय की क्षतिपूर्ति भी संबंधित व्यक्ति की होगी।

### भागवत सुनने गए युवक से मारपीट, तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**विजय नगला, अमृत विचार :** शिव मंदिर पर भागवत कथा सुनने गए युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव अंबियापुर निवास अभिषेक पुत्र वीरपाल ने तहरीर देकर बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर पर रात 10 बजे भागवत चल रही थी। वह भागवत सुनने मंदिर पर गए थे। कथा के पंडाल में कुर्सी पर बैठ गए। आरोप है कि गांव के ही कुंवर पाल उनसे कुर्सी छीन ली और गाली-गलौज करने लगे। अभिषेक ने गाली देने का विरोध किया। इसी दौरान कुंवर पाल के साथी उमेश और नेत्रपाल पहुंच गए। तीनों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। मौके पर भगदड़ मच गई।

## शासन से एक लाख बच्चों को इंजेक्शन लगाने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शासन से इस बार स्वास्थ्य विभाग को पांच साल तक के एक लाख बच्चों को रूबेला बीमारी से बचाव को इंजेक्शन लगाने का लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य पूरा करने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं। जिले के सभी स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने 16 फरवरी से मिजिल्स रूबेला रोग के बचाव को अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के पहले दिन करीब 16 हजार बच्चों को इंजेक्शन लगाए गए जबकि दूसरे दिन 18 हजार से अधिक पांच साल तक बच्चों को इंजेक्शन लगाए गए। विभाग के अनुसार अब तक करीब 35 हजार बच्चों को इंजेक्शन लगाए गए हैं। स्कूली बच्चों को इंजेक्शन लगाने से पहले उनके मां बाप और शिक्षकों को बीमारी के बारे में जानकारी देनी होती है उसके बाद ही बच्चों को रूबेला बीमारी से बचाव का इंजेक्शन लगाया जाता है। विभागीय सूत्रों के अनुसार गांव देहात में लोग इंजेक्शन लगवाने से कतारते हैं जिससे स्वास्थ्य विभाग की टीमों को परेशानी होती है। ब्लॉक बिसौली के ग्राम सिचौली में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्कूली बच्चों की पहले रैली निकाली बाद में रूबेला बीमारी के बारे में जानकारी दी और फिर बच्चों को इंजेक्शन लगाए गए। अधिकांश अभिभावक इंजेक्शन नहीं लगाते हैं इसलिए टीम के सदस्य पहले शिक्षकों को समझाते हैं बाद में शिक्षक और टीम के सदस्य ग्रामीणों को बीमारी से बचाव की जानकारी देते हैं।

रूबेला मीजल्स अभियान के नोडल डॉ. मोहम्मद असलम ने बताया कि अभियान 27 फरवरी तक चलेगा। सभी स्कूलों में बच्चों को इंजेक्शन लगाने हैं। एक लाख बच्चों को इंजेक्शन लगाने का लक्ष्य मिला है। विभाग लक्ष्य हासिल करने में जुटा है। सीएमओ कार्यालय द्वारा प्रतिदिन की रिपोर्ट तलब की जा रही है। किसी को छुट्टी नहीं दी जा रही है। जब तक अभियान चलेगा स्कूलों में जागरूकता रैलियां आयोजित की जाएंगी।


बिसौली के गांव सिचौली के स्कूल में रूबेला से बचाव को रैली निकालते बच्चे।

### प्रधानों सदस्यों का लिया सहयोग

विकास खंड कादरचौक और विकासखंड सहसवान क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों में कुछ जगहों पर ग्रामीणों ने विरोध किया तो एसीएमओ और एमओआईसी ने लोगों को समझा बुझा कर शांत किया और रूबेला बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिसके बाद ग्रामीणों ने बच्चों के इंजेक्शन लगवाए। अभियान के दौरान ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी साथ लिया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को मौके पर ही समझाया जा सके।

**त्योहार** — **पिचकारी से लेकर रंगों की दिखेगी बाजार में भरमार, दूसरी तरफ इबादत और इफ्तार की सामग्री**

# बाजार में बढ़ने लगी होली-रमजान की रौनक, खरीदारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** तीन मार्च की होली है, इसके अगले दिन दुल्हेड़ी मनाई जाएगी। होली के त्योहार में 15 दिन का ही समय शेष बचा है। वहीं दूसरी ओर 19 फरवरी से रमजान शुरू होने वाले हैं। इन त्योहारों के नजदीक आने पर बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। लोग खरीदने के लिए बाजार में पहुंच रहे हैं। इस बार पिचकारी से लेकर होली के सामान के लिए भी बाजार में और अधिक रौनक आने की उम्मीद है। ग्राहकों की आमद देख दुकानदार प्रसन्न नजर आ रहे हैं।

सहालग का सीजन चल रहा है। सहालग के सीजन में वैसे ही बाजार में अधिक भीड़ भाड़ देखने को मिल रही है। अब त्योहार भी नजदीक हैं। मुस्लिम समाज ईद उल फितर का त्योहार मनाएगा। रमजान 19 फरवरी से शुरू हो रहे हैं। वहीं हिन्दू धर्म को मानने वाले लोग होली का त्योहार मनाने की तैयारी में लग गए हैं। त्योहारों के नजदीक आते ही बाजार में और अधिक चहल पहल बढ़ गई है। जिससे व्यापारी वर्ग खुश दिखाई दे रहा है। व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में बिक्री और बढ़ेगी।

अनुमान है कि सहालग, होली और रमजान के दौरान जिले में करीब 80 टन से ज्यादा किराना के सामान की खपत होगी। दुकानदारों ने भी रमजान और होली को लेकर सामग्री सजाना शुरू कर दी हैं। वहीं रमजान के लिए विशेष तौर पर खजूर बिकने के लिए अरब कंट्री से पहुंचे हैं।


नेहरू चौक पर सजी कचरी पापड़ की दुकान पर खरीदारी करते लोग।

### दुकानदारों ने मंगाया चिप्स और पापड़ का स्टॉक

होली त्योहार को देखते हुए व्यापारियों खाद्य सामग्री का स्टॉक जुटाना शुरू कर दिया है। इनमें बादाम, काजू, चिप्स, कचरी और पापड़ के अलावा अन्य खाद्य पदार्थ का स्टॉक शामिल है। व्यापारी कृष्ण कुमार का कहना है कि कल से रमजान शुरू हो रहे हैं। होली त्योहार भी 15 दिन बाद मनाया जाएगा। होली का त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आएगा। वैसे बिक्री में अभी और इजाफा होगा। पिचकारी के थोक विक्रेता शैलेश कुमार का कहना है कि इस बार का सीजन पिछले कुछ वर्षों की तुलना में अधिक फायदेमंद साबित होगा। दिल्ली, कानपुर, आगरा और अलीगढ़ से पिचकारी मंगवाई हैं। इनमें गोदामों में रखा गया है। जल्द ही दुकान पर सजाया जाएगा।

### फायर सिलेंडर और पटाखा गुलाल की होगी डिमांड

हर बार की तरह इस बार होली पर नए तरह की पिचकारी बाजार में देखने को मिलेगी। रंग बिक्रेता राम माहेश्वरी ने बताया कि पिछले साल फायर सिलेंडर और पटाखा गुलाल की डिमांड अधिक रहेगी। इस बार भी यह आकर्षित करेंगी। इसके साथ ही केसरिया रंग की टोपी और पगड़ी बाजार की रौनक बनेगी।

## ओरछी में भूपेंद्र चौधरी का किया स्वागत


औरछी चौराहे पर कार्यकर्ताओं से घिरे भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे पर जैसे ही उनका काफिला पहुंचा, समूचा क्षेत्र भाजपा के नारों और उत्साह से सराबोर हो गया। स्वागत समारोह का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता और बिसौली विधायक आशुतोष मौर्या ने किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में स्थानीय नेताओं के साथ-साथ दुर्गेश वार्ष्णेय सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्थानीय व्यापारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पार्टी पदाधिकारियों और व्यापारियों ने भूपेंद्र चौधरी को भगवान राम की प्रतिमा भेंट की। कार्यकर्ताओं ने उन्हें मालाओं से लाद दिया और पुष्प वर्षा कर उनके नेतृत्व की सराहना की। नेताओं ने इसे आगामी संगठनात्मक कार्यों के लिए ऊर्जा भरने वाला क्षण बताया । थाना फैजगंज बेहटा पुलिस औरछी चौराहे पर मुस्तैद रही, जिससे यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनी रही। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 8 फरवरी 2026, रविवार 22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# जिले के सात केंद्रों पर शुरू हुईं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं

## पहले दिन हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न, पेपर अच्छा होने से खुश होकर बाहर निकले 10वीं के परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाएं शुरू हो गईं। मंगलवार को हाईस्कूल गणित विषय का पेपर हुआ। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का पेपर हुआ। जिले में बनाए गए सात परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सुबह के समय विद्यार्थी केंद्रों पर निर्धारित समय से पहले पहुंचे। उन्हें कड़ी जांच के बीच कक्ष में प्रवेश दिया गया।

परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की गई। डेढ़ बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्र-छात्राएं केंद्रों से बाहर निकले। जिले भर में करीब एक हजार से अधिक विद्यार्थी गणित विषय की परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से विशेष सतर्कता बरती गई। केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्रों के अंदर उड़नदस्तों द्वारा निरीक्षण किया गया। सुबह के समय परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों की गहन जांच की गई, जिससे किसी भी तरह की नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग की आशंका न रहे। केंद्र अधीक्षकों के द्वारा भी कक्षाओं का निरीक्षण किया जाता रहा। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों के बाहर विद्यार्थियों की मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली।



परीक्षा केंद्र के बाहर लाइन में खड़े विद्यार्थी ● अमृत विचार



केंद्र के अंदर प्रवेश से पूर्व विद्यार्थियों की तलाशी लेते शिक्षक। ● अमृत विचार



परीक्षा देकर बाहर निकलने पर पेपर को लेकर बातचीत करते विद्यार्थी ● अमृत विचार

- **परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से पहले पहुंच गए थे परीक्षार्थी, जांच के बाद मिला प्रवेश**

### बाहर ही रखवा दिए गए परीक्षार्थियों के बैग

सीबीएसई बोर्ड की ओर से बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सुबह के समय केंद्र पर पहुंचे परीक्षार्थियों से बैग बाहर ही रखा दिए गए थे। किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक उपकरण स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर व अन्य गैजेट को केंद्र के अंदर ले जाने पर पूरी तरह से पाबंदी रही। बच्चों के साथ पहुंचे अभिभावकों से भी केंद्र के मुख्य गेट से दूर रहने की अपील केंद्र व्यवस्थापकों के द्वारा की गई थी।

### पाठ्यक्रम के अनुसार था पेपर

परीक्षा देकर बाहर निकले विद्यार्थियों ने बताया कि गणित का पेपर पाठ्यक्रम के अनुसार ही था। लगभग सभी प्रश्न अभ्यास आधारित था। पेपर आसान होने पर प्रश्न हल करने में मदद मिली। कुछ छात्रों ने बताया कि पेपर अधिक लंबा था। जिससे पेपर थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहा। लेकिन तैयारी अच्छी होने के कारण हल करने में अधिक कठिनाई नहीं हुई।

### इंटर के विद्यार्थियों के चेहरों पर दिखी मायूसी

सीबीएसई हाईस्कूल के साथ इंटरमीडिएट का फिजिकल एजुकेशन का पेपर हुआ। इंटरमीडिएट की परीक्षा दूसरी पाली में हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले विद्यार्थियों पर मायूसी साफ दिखाई दिखाई दे रही थी। पेपर का स्तर अधिक कठिन रहा। विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र के खंड ''अ'' में बहुविकल्पीय प्रश्न थे जो आसान से कठिन स्तर के थे। खंड ''ब'' थोड़ा कठिन था। प्रायिकता पर आधारित एक सेट में व्यावहारिक प्रश्न थे। बताया कि प्रश्नपत्र के खंड ''ग'' और ''द'' में व्यावहारिक और उच्च स्तरीय चिंतन कौशल पर आधारित प्रश्न थे। खंड ''ई'' में एनसीईआरटी से केस स्टडी प्रश्न थे जो वास्तविक जीवन की स्थितियों पर आधारित थे। बताया कि पेपर अधिक कठिन होने की वजह से कुछ प्रश्न छूट गए।

# राष्ट्रहित में लगाएं अपनी शक्ति व सामर्थ्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारत स्काउट और गाइड संस्था की ओर से उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिया में चल रहे स्काउट-गाइड शिविर के दूसरे दिन अनुशासन, सेवा, साहस और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्कूली प्रांगण स्काउट-गाइड के नारों, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और विभिन्न गतिविधियों से गूंजा। बच्चों ने प्राथमिक चिकित्सा, गांठ व बंधन, तंबू निर्माण, गैजेट्स निर्माण, आपदा प्रबंधन और मॉक ड्रिल की ट्रेनिंग ली। प्रशिक्षण के दौरान टीमों को युद्ध के समय, हवाई हमलों, प्राकृतिक आपदाओं और आकस्मिक घटनाओं में स्वयं को सुरक्षित रखने तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की तकनीक सिखाई गईं।

पूर्व प्रधानाध्यापक गीता सिंह ने कहा कि बच्चे अपनी शक्ति और सामर्थ्य को पहचानें और राष्ट्रहित में लगाएं। जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए संकल्पित हों। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने युवाओं में जोश भरा । उन्होंने कहा कि आपातकालीन हालत में घबराहट सबसे बड़ा शत्रु है।

युवा संकट की घड़ी में धैर्य रखें, जल्दबाजी में निर्णय न लें और उपलब्ध संसाधनों का समझदारी से प्रयोग करें। उन्होंने मॉक ड्रिल को सुरक्षा का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए कहा कि बार बार किया गया अभ्यास ही वास्तविक आपदा में जीवन बचाता है। शिक्षक राजीव कुमार ने कहा कि सेवा, अनुशासन और देशभक्ति के बिना राष्ट्रीय प्रगति अधूरी है। स्काउटिंग युवाओं में देश के प्रति समर्पण और समाज के प्रति संवेदनशीलता का भाव जगाती है।

शिक्षिका प्रतिभा सिंह, प्रशिक्षक नंदराम शाक्य ने आग में फंसे लोगों को निकालने, डूबते व्यक्तियों को बचाने, टेंट निर्माण, भोजन बनाने, गांठ बंधन बनाने की ट्रेनिंग दी गई। शिक्षिका श्वेता गुप्ता, अनुदेशक कुसुम लता, मिथलेश, करुणेश आदि मौजूद रहीं।



स्काउट-गाइड शिविर में बच्चों को जानकारी देते पूर्व ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव शर्मा।

## खेत से लौटते समय करंट लगने से युवक की मौत

**वजीरगंज, अमृत विचार :** दोस्तों के साथ खेत पर घूमने गया युवक खेत में लगे खंभे के सपोर्ट के लिए लोहे की रॉड के संपर्क में आ गया। वह तार से चिपक किया। साथी ने किसी तरह उसे छुड़ाया। परिजनों को सूचना देकर युवक को चिकित्सक के पास ले गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कस्बा के वार्ड 2 के गौटिया प्रदीप (27) पुत्र मुकेश बाबू दोपहर अपने दोस्तों के साथ खेतों पर घूमने गए थे। रास्ते में एक खेत में पानी भरा हुआ था। खेत से लौटते समय प्रदीप का पैर खेत की गूल में फिसल गया। पास में ही नलकूप के लिए जा रही लाइन का गला हुआ खंभा लगा था। जो तिरछा होने की वजह से लोहे की रॉड की सपोर्ट लगाई गई थी। फिसलने के दौरान गिरते समय उनका हाथ लोहे की रॉड पर लग गया। वह रॉड से चिपक गए। साथी घबरा गया। उसने पास में पड़ी लकड़ी से रॉड से छुड़ाया। अस्पताल में चिकित्सक के मौत घोषित करने के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है।

# आरटीई के तहत प्रवेश को जिले में हुए 5202 आवेदन, 447 निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **आज निकलेगी लॉटरी, डीएम करेंगे बच्चों को स्कूलों का होगा आवंटन**
- **जिले में 865 से अधिक स्कूलों में बच्चों को मिलेगा निशुल्क प्रवेश।**

**अमृत विचार:** निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूल में प्रवेश के लिए प्रथम चरण के आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिले भर से 5202 आवेदन किए गए। सत्यापन के बाद 447 आवेदन निरस्त कर दिए गए। सत्यापन के दौरान 4,755 सही पाए गए। बुधवार को लॉटरी के माध्यम से बच्चों को स्कूल आवंटित किया जाएगा। लॉटरी डीएम के द्वारा निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पूरी कर ली गई है।

आरटीई के तहत प्रथम चरण के आवेदन की प्रक्रिया दो फरवरी को शुरू हुई थी। जिसकी अंतिम तिथि 16 फरवरी निर्धारित थी। बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने की चाहत रखने वाले अभिभावकों ने आवेदन किए थे। प्रथम चरण में जिले भर से 5202 आवेदन हुए। इनका बीईओ और बीएसए के द्वारा सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान 4,755 सही पाए गए। 447 आवेदन निरस्त कर दिए गए। पहले चरण में आवेदन करने वाले बच्चों के लिए लॉटरी 18 फरवरी को जारी की जाएगी। लॉटरी जिला अधिकारी के द्वारा निकाली जाएगी। लॉटरी के माध्यम से स्कूलों का आवंटन किया जाएगा। इसके बाद जिले के 865 विद्यालयों में बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।

> प्रथम चरण के आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। पांच हजार से अधिक आवेदन हुए हैं। चार सौ के अधिक आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। 18 फरवरी को लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटित किए जाएंगे। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।
> –वीरेंद्र कुमार सिंह, बीएसए

### 21 फरवरी से शुरू होगी आवेदन की प्रक्रिया

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी जाएगी। प्रथम चरण पूरा होने के बाद दूसरे चरण के आवेदन 21 फरवरी से सात मार्च तक किए जा सकेंगे। वहीं, तीसरे चरण में 12 मार्च से 25 मार्च तक आवेदन का अवसर मिलेगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने 29 मार्च तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा है।

### निजी स्कूलों में 25 फीसद सीटें होती है आरक्षित

आरटीई अधिनियम के तहत, निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें गरीब बच्चों के लिए आरक्षित होती हैं। इन बच्चों की पढ़ाई, कॉपी-किताब का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है। जिले में आरटीई के लिए 865 विद्यालय पंजीकृत हैं और लगभग पांच हजार सीटों पर प्रवेश का लक्ष्य विभाग द्वारा रखा गया है।

## घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** घर में घुसकर लोगों के साथ मारपीट की गई। बर्तन और खाने-पीने की चीजें सड़क पर फेंक दी। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव आमगांव निवासी रामवीर सिंह ने बताया कि 16 फरवरी की रात लगभग 8 बजे आनेद्र उनके घर में घुस आए और मारपीट की। घर में रखा समान सड़क पर फेंकने लगे। उनकी बेटी निक्की को जान से मारने की धमकी दी। डर से रामवीर और बेटी कमरे में बंद हो गए। उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। आरोपी मौके से भाग गया। अगले दिन आनेद्र फिर से घर आए और गाली-गलौज की। कहा कि वह घर उसका है। वही घर के मालिक हैं। रामवीर सिंह ने पुलिस को दोबारा सूचना दी। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में ही करें योग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित योग शिविर में बरेली के मिलिट्री अस्पताल की गायनो की चिकित्सक मेजर डॉ. नलिनी राठौर पहुंचीं। उन्होंने गर्भावस्था में योग को लेकर जागरूकता के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि गर्भावस्था में योग हल्के, सुरक्षित और सरल व्यायाम स्वास्थ्य तकनीक, विश्राम की प्रक्रिया है। जो मन और शिशु दोनों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है। गर्भावस्था में योग के प्रमुख लाभ कमर दर्द, पैरों में सूजन, ऐंठन, तनाव, चिंता में कमी नींद का बेहतर होना, रक्त संचार में सुधार, मांसपेशियों को मजबूत बनाने, सामान्य प्रसव की तैयारी में सहायता, मां और शिशु के प्रति भावनात्मक लगाव हैं। योग करने के साथ सावधानी भी जरूरी होती है। योग शुरू करने से पहले चिकित्सक की सलाह लें। प्रशिक्षित योग शिक्षक के मार्गदर्शन में अभ्यास, कठिन तेज व उल्टे आसानों से बचाव, ज्यादा देर तक सांस रोककर प्राणायाम न करना, पांच महीने बाद पेट के बल ज्यादा देर न लेटना, चक्कर आने, दर्द व रक्तस्त्राव होने पर अभ्यास रोकना आदि है। योग कोई प्रतियोगिता नहीं है। इसे अपनी क्षमता व आराम के अनुसार नियमित रूप से करें। सुरक्षित व सही अभ्यास से स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। लवली चौहान, दीक्षा कश्यप, कमला, शांति, प्रभा सिंह, सुनीता गुप्ता, संध्या यादव, दीपा सिंह, प्रवेश चौहान, अनीता, जिला विकास अधिकारी अखिलेश चौबे उपस्थित रहे।



योग शिविर के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- **ऑडिटोरियम में आयोजित शिविर में बरेली की चिकित्सक ने किया जागरूक**

# जात-पात का भेदभाव त्यागें हिंदू : संत धर्मदास



हिंदू सम्मेलन में बोलते मुख्य अतिथि संत धर्मदास।



सैदपुर के हिंदू सम्मेलन में मौजूद मातृशक्ति और ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, वजीरगंज

- **सैदपुर में आयोजित किया गया हिंदू सम्मेलन**

**अमृत विचार :** सनातन संरक्षण समिति की ओर से सैदपुर के प्राचीन शिव मंदिर पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जनसैलाब उमड़ा। बच्चों ने देशभक्ति संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मातृशक्ति, युवाओं और हिंदू समाज के लोगों ने एकजुटता का संदेश देकर वातावरण को ओजस्वी बना दिया। मुख्य अतिथि संत धर्मदास ने कहा कि जात-पात का भेदभाव त्याग कर हिंदू पहचान अपनाना अनिवार्य है। इस समागम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना और सनातन संस्कृति का संरक्षण करना है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि जात-पात में बंटकर लोग भटक रहे हैं। भेदभाव को त्याग दें और सिर्फ हिंदू पहचानें। कहा कि अगर हम अपनी अगली पीढ़ी को संस्कारित करेंगे, तभी भारत को दोबारा हिंदू राष्ट्र के गौरवशाली पथ पर अग्रसर किया जा सकेगा। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक सुधांशु अत्रि ने संगठन की शक्ति के बारे में विस्तार से बताया। आह्वान किया कि हिंदू समाज का उत्थान तभी संभव है जब हम आपसी मतभेदों को भुलाकर संगठित रहेंगे। मातृ शक्ति के रूप में प्रधानाचार्य पल्लवी शर्मा ने भी धर्म रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश प्रदेश मीडिया सह संयोजक आशीष देव मिश्रा ने हिंदुत्व की शक्ति पर जोर देते हुए भारत के विभाजन की ऐतिहासिक भूलों को याद किया। उन्होंने हाल ही में पहलगाम में हुई दुखद घटना का जिक्र करते हुए सुरक्षा और एकजुटता की आवश्यकता जताई। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र हित में तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष कृपाशंकर शर्मा ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन शशांक शर्मा ने किया। इस मौके पर हिमांशु पाराशरी, अनुज कांत मिश्रा, सोनपाल मौर्य, लेखराज मौर्य, सुनील राठौर, मोहित शर्मा, विक्की मौर्य, हिमांशु पाराशरी, प्रिंस देव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बदायूं डायरी

### राजकीय पॉलीटेक्निक में हुआ सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन



**बिल्सी, अमृत विचार :** राजकीय पॉलीटेक्निक में डीजी कोडर के तत्वावधान में एक दिवसीय सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल कौशल, तकनीकी ज्ञान तथा रोजगार से जुड़ी आधुनिक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यशाला के उपरांत विद्यार्थियों के ज्ञान का मूल्यांकन करने के लिए एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और नई तकनीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य मुराद आलम ने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार और कार्यशालाएं छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होती हैं, तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने को प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में धर्मेंद्र पाल, आकाश पटेल, विजय विक्रम, बीपी राहुल, अमन देवल, अंश चौहान, सलोनी शंखधार, करण यादव एवं प्रवेश कुमार उपस्थित रहे।



### विधिक सेवाओं के प्रचार को वाहन रवाना

**बदायूं, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में वाहन के माध्यम से विधिक सेवाओं के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा उपलब्ध कराया गया है। वाहन को जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन को रवाना करने से पूर्व जनपद न्यायाधीश विवेक संगल द्वारा अन्य न्यायिक अधिकारीगणों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके बाद वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश ने बताया कि उक्त वाहन जनपद के सुदूर इलाकों में भी न्याय की अलख जगाएगा। साथ ही जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदान की जाने वाली नि :शुल्क विधिक जानकारी दूरदराज के गांवों में रहने वाले आम नागरिकों के लिए सुलभ होगी, न्याय की डगर अब और आसान की जाएगी।





### धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**बिसौली, अमृत विचार :** क़स्बा स्तिथ डीडीएमएल स्कूल का 95 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कस्बे के इस विद्यालय की 1932 में साहू विशेश्वर दयाल ने अपने पिता साहू मदन लाल की पुण्यतिथि में नींव रख क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को एक नया आयाम दिया था। बिसौली का विख्यात कॉलेज मदनलाल इंटर कॉलेज इनके पिता साहू मदन लाल के नाम से ही है। आज इस विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर अनेक स्कूली छात्र और अभिभावक के साथ मुख्य अतिथि के रूप में कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर, विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि प्रकाश अग्रवाल, समिति के सदस्य संजय अग्रवाल, क्षितिज अग्रवाल, नीलम गर्ग, प्रधानाध्यापक बबीता गुप्ता, प्रबंधक राजीव गर्ग उपस्थित रहे। संचालन राहुल प्रजापति ने किया।

### डीएम ने तहसील सहसवान का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**बदायूं, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को तहसील सहसवान का निरीक्षण किया। डीएम ने तहसील की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रख-रखाव तथा न्यायिक कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कर्मचारी अधिकारियों निर्देश दिए कि अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित किया जाए तथा रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितैषी बनाया जाए। डीएम ने एसडीएम व तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण कर लंबित वादों की स्थिति की जानकारी ली। उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने विभिन्न अनुभागों का भ्रमण कर कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य निष्पादन एवं अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की जांच की। रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने दस्तावेजों को गहनता से परखा और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

**न्यूज ब्रीफ**

### फंदे पर मिला महिला का शव, घर में कोहराम

**वजीरगंज, अमृत विचार** : वजीरगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का शव उसके घर के बरामद में लटका मिला। परिजनों में चीत्कार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामला गांव दूवों का है। गांव निवासी तसकीम (35) पत्नी निजाकतउल्ला ने सोमवार रात परिवार के साथ खाना खाया। परिजन सोने चले गए थे। रात किसी समय तसकीम घर के बरामदे में लगे कुंडे से लटक गईं। परिजनों ने शव लटका देखा को कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर वजीरगंज पुलिस गांव पहुंचे। परिजनों ने बताया कि तसकीम ने आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### समय बदला, अब 3 बजे तक खुलेंगे बेसिक स्कूल

**बदायूं, अमृत विचार** : बीएसए ने परिषदीय स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया है। कोहरे के कारण स्कूल सुबह दस बजे से खुल रहे थे। अब मौसम साफ हो गया है। अब सभी स्कूल सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक संचालित होंगे। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षक, शिक्षिकों अनुदेशक व शिक्षा मित्रों की उपस्थिति सुबह 8 :45 बजे से दोपहर तीन बजे तक अनिवार्य होगी। इसी अवधि में विद्यालय संबंधी सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य पूरे किए जाएंगे। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि कोई शिक्षक अथवा स्टाफ निर्धारित समयावधि में विद्यालय में उपस्थित नहीं पाया जाता है, तो उसे अनुपस्थित मानते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### रामायण पाठ के बाद मंदिर में की तोड़फोड़

**कुंवरगांव, अमृत विचार** : कैली गांव में बीते सोमवार को दिन भर मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण रहा। समापन के कुछ ही देर बाद उपद्रवियों ने वहां पहुंचकर विघ्न डाल दिया। मंदिर में तोड़ फोड़ करने के साथ व्यास गद्दी भी तोड़ तोड़ डाली। जिस पर आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर तहरीर दी है। अखंड रामायण पाठ के बाद शाम को विधिवत समापन किया। लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। आरोप है कि कार्यक्रम खत्म होते ही गांव निवासी अमनेश और उसका भाई राजकुमार शराब के नशे में मंदिर परिसर में पहुंच गए। दोनों पर व्यास गद्दी पलटने, जनरेटर में तोड़फोड़ करने और लाइटें तोड़ डालीं। घटना से गांव में रोष फैल गया। लोगों का कहना है कि धार्मिक आयोजन में इस तरह की हरकत से भावनाएं आहत हुई हैं।

# फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव में होमगार्ड समेत चार लोगों के घरों में लाखों की चोरी

## गंगोली गांव को चोरों ने बनाया निशाना, सप्ताह भर पहले खेड़ादास के घरों में हुई चोरी का खुलासा नहीं

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार** : फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांवों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कुछ दिन पहले एक ही गांव खेड़ादास के सात घरों को निशाना बनाने के बाद चोरों ने अब सप्ताह भर में गांव गंगोली को निशाना बनाया है। चोरों ने होमगार्ड समेत चार घरों से माल साफ कर लिया जबकि एक अन्य घर से चोरी नहीं कर सके। ग्रामीणों का कहना कि चोर बंद मकानों की रेकी करके निशाना बना रहे हैं। लगातार हो रही चोरियों की वजह से ग्रामीण परेशान हैं। उनकी रातों की नींद उड़ गई है। चोर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं लेकिन पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही।



गांव में चोरी के बाद फैला पड़ा सामान। ● अमृत विचार



चोरी के बाद घरों के बाहर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

चोरों ने 11 फरवरी की रात खेड़ादास से नकदी और सोने-चांदी के जेवर से लेकर राशन और देशी घी तक चोरी कर लिया था। पुलिस घटना का खुलासा करने में नाकाम है। अब चोरों ने सोमवार रात गंगोली के घरों से चोरी कर ली। चोरों ने बंद घरों के ताले तोड़कर नकदी, जेवर, कपड़ों से लेकर बर्तन चोरी कर लिए। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने घरों के ताले टूटे देखे तो डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से जानकारी की। बीरबल पुत्र मिट्ठू लाल ने बताया कि चोर उनके दूसरे मकान का ताला तोड़कर सोने की चेन, अंगूठी, चांदी की गुलशन पट्टी, गुच्छा, खंडुआ, पीतल के बर्तन चोरी करके ले गए। इसके अलावा चोर होमगार्ड होराम के घर से चांदी की चेन, पाजेब, खंडुआ और नगदी चोरी की गई। इसके अलावा बाहर रहकर मजदूरी करने वाले सुमन पुत्र कल्लू व पुष्पेंद्र के घर के ताले भी टूटे मिले। ग्रामीणों ने उन्हें फोन करके सूचना दी। उनके आने के बाद चोरी हुए सामान की जानकारी होगी। चोरों ने विजेंद्र के घर से चोरी का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना है कि चोरों ने इससे पहले पास के गांव के घरों को निशाना बनाया था। पुलिस अभी तक चोरों का पता नहीं लगा सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में चोरों का



चोरी के बाद परेशान बैठी महिला।



चोरी के बाद चारपाई पर बैठा होमगार्ड।

संगठित गिरोह काम कर रहा है। जो दिन में रेकी करके पता लगाता है कि कौन सा घर बंद है और कौन बाहर रहता है। फिर रात को चोरी करता है। गिरोह चोरी करने के बाद पास के जिलों में चला जाता होगा।

## रोजगार सेवकों ने दी 25 से धरना-प्रदर्शन की चेतावनी




बीडीओ को ज्ञापन देते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार** : मंगलवार को ब्लॉक परिसर में रोजगार सेवकों ने मनरेगा कार्यों में अभिसरण (डबटेलिंग) लागू न किए जाने को लेकर कड़ा विरोध जताया और बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। रोजगार सेवकों का आरोप है कि मनरेगा में चतुर्थ राज्य वित्त आयोग एवं 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत अभिसरण संबंधी आदेश पूर्व में दो बार बीडीओ द्वारा जारी किए जा चुके हैं, लेकिन किसी भी ग्राम पंचायत में इन आदेशों का पालन नहीं कराया गया। रोजगार सेवकों का कहना है कि ग्राम निधि से होने वाले सभी विकास कार्यों में श्रमिकों का भुगतान मनरेगा के माध्यम से किया जाना चाहिए, ताकि मजदूरों को समय पर रोजगार और भुगतान मिल सके। इस संबंध में 20 जून 2018 को मुख्य सचिव, स्तर से स्पष्ट शासनादेश जारी किया गया था। इसके बावजूद आदेशों की अनदेखी की जा रही है, जो सीधे तौर पर शासनादेश का उल्लंघन है।

ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने उल्लेख किया कि बीडीओ के निर्देशों का उल्लंघन होने के बावजूद अब तक संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पूर्व आदेशों के अनुरूप कार्यवाही कर अभिसरण की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से लागू नहीं की गई, तो समस्त रोजगार सेवक 25 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## चुनाव संपन्न, बार एसोसिएशन के अजय कुमार गुप्ता चुने गए अध्यक्ष

संवाददाता ,दातागंज

**अमृत विचार** : तहसील में मंगलवार को बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय कुमार गुप्ता ने जीत दर्ज की। सचिव पद पर संतोष यादव निर्विरोध चुने गए। कोषाध्यक्ष पद के दावेदार सली रज्जाक विजयी रहे।

बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 99 अधिवक्ताओं द्वारा डाले गए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए तीन लोग चुनाव मैदान में थे। जिसमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय कुमार गुप्ता को 39 मत प्राप्त हुए। दूसरे नंबर पर के पी सिंह को 34 मत प्राप्त हुए, तीसरे नंबर पर जाने आलम को 21 मत प्राप्त हुए। चुनाव अधिकारी धर्मेन्द्र पाल सिंह ने अजय कुमार गुप्ता को 5 मतों से विजयी घोषित किया। इसके अलावा संतोष सिंह निर्विरोध सचिव चुने गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए दो लोग चुनाव लड़े थे। जिसमें सली



बार अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, महासचिव संतोष यादव ,कोषाध्यक्ष सली रज्जाक।

**● सचिव पद पर निर्विरोध संतोष यादव, कोषाध्यक्ष सली रज्जाक**

रज्जाक को 58 मत प्राप्त कर विजयी हुए। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी बलवीर सिंह को 21 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद में 6 मत निरस्त हुए तथा अध्यक्ष पद के लिए 5 मत निरस्त पाए गए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए अजय कुमार टीटू गुप्ता ने कहा। कि वह तहसील बार एसोसिएशन के लिए हर संभव मदद करेंगे और सार्थक कार्य करेंगे। मुंसिफी कोर्ट से जो थाने छूट गए है। उन्हें भी वापस लाने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा उन्होंने सभी मतदाताओं और निर्वाचन कराने वाली एल्डर कमेटी का आभार व्यक्त किया। एल्डर कमेटी में एडवोकेट धर्मेंद्र पाल सिंह मुख्य चुनाव अधिकारी ,मोहम्मद जाहिद, आशा दीक्षित , विनोद कुमार सिंह,अजीत कुमार सिंह एडवोकेट सहायक चुनाव अधिकारी थे।

## मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**बदायूं, अमृत विचार** : बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर मंगलवार को खेड़ा नवादा में बूथ चलो अभियान के अंतर्गत चार बूथों की संयुक्त बैठक सेक्टर अध्यक्ष पवन कुमार के आवास पर आयोजित की गयी। अगले विधानसभा चुनाव मे पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया।

मंगलवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष रूपेश कुमार गौतम ने की। संचालन जयपाल सिंह मंडल प्रभारी ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि वृजेंद्र बिक्रम सिंह युवा मंडल प्रभारी तथा विशिष्ट अतिथि रणवीर कश्यप रहे। बैठक में बसपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने का आवाहन किया गया। बूथ कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें पवन कुमार के सेक्टर अध्यक्ष, मनोनीत किया गया। अगले विधानसभा चुनाव में मायावती को पुनः मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

## ट्रांसफार्मर हटाने की मांग, प्रदर्शन

संवाददाता, उसावां

**अमृत विचार** : नगर पंचायत उसावां में जय किसान आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड पर लगे 30 साल पुराने जर्जर ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर एडीओ पंचायत नागेंद्र कुमार को ज्ञापन भी सौंपा। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि ट्रांसफार्मर नहीं हटाया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

कस्बे के बस स्टेंड पर जर्जर ट्रांसफार्मर रखा है। जिससे लोगों को दिक्कत होती है। उक्त ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार शाम को जय किसान आंदोलन कार्यकर्ताओं ने मुरादाबाद-फर्रुखाबाद रोड स्थित मैन बस स्टैंड मार्केट गली चौराहे से प्रदर्शन शुरू किया। इसके बाद कार्यकर्ता ब्लॉक परिसर पहुंचे, वहां धरना देने के बाद संगठन सदस्यों ने एडीओ पंचायत को ज्ञापन देते हुए बताया कि यह ट्रांसफार्मर 30 वर्षों से मुख्य चौराहे पर लगा है। इसकी जर्जर हालत के कारण हर 10 से 15 दिन में हादसे होते रहते हैं, जिसमें आम नागरिक और कई बिजली कर्मचारी भी झुलस चुके हैं। किसान नेता डॉक्टर रामबाबू यादव ने कहा कि यह बिजली विभाग की घोर लापरवाही है। पिछले पांच वर्षों से लगातार इस संबंध में आवेदन दे रहे हैं, लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया। मजबूरन उन्हें जिलाधिकारी कार्यालय जाना पड़ा। उन्होंने जिलाधिकारी से इसे हटाकर ब्लॉक परिसर में सुरक्षित स्थान पर रखने की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ट्रांसफार्मर नहीं हटाया गया, तो वे ब्लॉक परिसर में बड़ा धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर डॉक्टर रामबाबू यादव (किसान नेता), धनु लाल गुप्ता, बलिस्टर गुप्ता, सुभाष अंडा वाले, गुड्डु रेडी वाले और मेडिकल स्टोर मालिक विवेक गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



एडीओ नागेंद्र कुमार को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

## त्योहार शांति-सद्भाव के साथ मनाएं

संवाददाता, उसावां

**अमृत विचार** : थाना उसावां परिसर में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य आगामी त्योहारों, विशेषकर रमजान और होली के दौरान क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखना था। एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार सिंह ने लोगों से रमजान और होली के पर्वों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। कहा कि सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें।

सीओ दातागंज केके तिवारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने रमजान और होली को राष्ट्रीय त्योहार बताते हुए इन पर्वों पर शांति बनाए रखने पर जोर दिया। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति शांति भंग करने या किसी को परेशान करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरपाल सिंह तोमर ने सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आह्वान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र, पवन गुप्ता, विपिन गुप्ता, ध्रुव चौहान, देवेंद्र, राघवेंद्र सिंह, अर्जुन, वीरपाल सिंह, अगनपाल, सुनील, दिलशाद, ओमकार, बृज किशोर सिंह, शिव कृष्ण, झीलेन्द्र दीक्षित, रमाकान्त दीक्षित आदि उपस्थित रहे।



थाना उसावां में पीस कमेटी की बैठक लेते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

**● थाना उसावां में आयोजित की गई पीस कमेटी की बैठक**

## धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**बिल्सी, अमृत विचार** : एसएम पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का मंगलवार को जेएस रॉयल पैलेस में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। यहां बच्चों ने धार्मिक-देश भक्ति गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। मेधावी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। एसडीएम प्रेमपाल सिंह एवं अध्यक्ष प्रखर उपाध्याय ने मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर बीईओ गौतम प्रकाश, कोतवाल मनोज कुमार सिंह, ऋषिकांत उपाध्याय, प्रधानाचार्य अवनेश कुमार शाक्य, प्रशासक अमृतलाल शर्मा, फरहीन खां, मीनू सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## केंद्र मिला बंद, पुष्टाहार की गाड़ी वापस

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार**: सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव बल्लिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र तीन माह से बंद चल रहा है। बच्चों और महिलाओं में वितरण किए पुष्टाहार लेकर पहुंच रही वापस लौट रही है। मंगलवार को पुष्टाहार लेकर पहुंची गाड़ी के कर्मचारियों को आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला। जिसकी जानकारी समूह की महिलाओं ने सीडीपीओ दी।

क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों और महिलाओं में पोषाहार वितरण के लिए महिला शक्ति प्रेरणा लघु उद्योग द्वारा पोषाहार उपलब्ध कराया जाता है। गाड़ी द्वारा गांव गांव आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार उपलब्ध कराती है। जिसे आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा रिसीव कराया जाता है। मंगलवार को महिला शक्ति प्रेरणा लघु उद्योग द्वारा बल्लिया स्थित केंद्र पर गाड़ी पुष्टाहार लेकर पहुंची। लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र बंद था। केंद्र बंद होने पर गाड़ी वापस लौटआई। बीएमएम राहुल ने बताया कि गाड़ी पोषाहार लेकर गई थी, लेकिन केंद्र बंद था इसलिए गाड़ी लौट आई। सीडीपीओ धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने की सूचना मिली है। सुपरवाइजर शिवानी को इसकी जांच हेतु निर्देशित कर दिया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं आंगनबाड़ी अल्का भारती का कहना है कि उनके पैर में चोट लगी है। मायके रहकर इलाज करा रही हैं। जिसकी जानकारी उनके द्वारा सुपरवाइजर को दी गई है।



आंगनबाड़ी केंद्र पर लटका ताला।

**● पिछले तीन माह से बंद चल रहा है बल्लिया का आंगनबाड़ी केंद्र**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28/02/2004 बैनामा बही संख्या 1 जिल्द संख्या 1468 पेज संख्या 257-278 जिसका क्रमांक नंबर 719/2004 है जिसमें विक्रेता राजवती वर्मा, एवं कुसुमलता है और क्रेता श्रीमती संतोष अग्निहोत्री है यह बैनामा हमारी बैग से वास्तव मे खो गया है। **ओमश्री पत्नी विजय कुमार नि मोहल्ला दाखिनौआ कस्बा अल्लाहगंज शाहजहांपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अब्दुल रउफ व नसरीन खातून को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **जुवैदा पत्नी मरहूम नूर अहमद नि. म.सं. 125 कस्बा फतेहगंज पं., जिला बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0856954 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं गुम हो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **प्रखर सिंह पुत्र राम औतार सिंह निवासी:- ग्राम सरौता पोस्ट कछला, बदायूं**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## फूड विभाग की विसंगतियों के खिलाफ प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय आह्वान पर व्यापारियों ने फूड विभाग की विसंगतियों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन सहायक आयुक्त सीएल यादव को सौंपा।

संगठन के जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता न कहा कि सभी प्रकार के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में रजिस्ट्रेशन के लिए 12 लाख टर्नओवर के स्थान पर 40 लाख वार्षिक टर्नओवर तक का काम करने वाले व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन की सीमा में रखा जाए। खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम में फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा का प्रावधान खत्म हो। ऑनलाइन व फूड चेन सप्लाई डिलीवरी करने वाले व्यक्ति के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों के अनुसार रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस बनवाए जाने का आदेश पारित हो। प्रदेश मंत्री पवन जैन ने कहा कि हर जिले में एक ही रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी नियुक्त किया जाए। किसी भी प्रकार की कमी पाई जाने पर सिर्फ पैकिंग करने वाली फर्म या कंपनी को ही दोषी माना जाए। होल सेलर व रिटेलर को दंडित न करें। ऑनलाइन फूड सप्लाई चेन की सैंपलिंग भी नियमानुसार की जाए।

प्रदेश मंत्री अवधेश वर्मा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये जाए कि सैंपल भरे जाते समय फार्म-5 क पूरी तरह से भरकर व्यापारी को मौके पर उपलब्ध कराएं। सीलबंद वस्तु की सैंपलिंग की दशा में निर्माता को फार्म 5 क पंजीकृत डाक से भेजें। सैंपलिंग के दौरान संगठन के पदाधिकारी को बुलाया जाए। जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने कहा कि फर्जी शिकायत के आधार पर की जा रही सैंपलिंग बंद हो। जिला कोषाध्यक्ष अमित वैश्य ने कहा कि अंधाधुंध कीटनाशक व रासायनिक खाद जानलेवा हैं। बीमारियां फैल रही हैं। जिसके लिए मानक तय करें। खेती में प्रयोग होने वाले रासायनिक खाद के मानकों की जांच हो। जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लांबा व जावेद खान, दिनेश गुप्ता, भूपेंद्र गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, संजीव आहूजा, सर्वेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, संजय रस्तोगी, दीपक सक्सेना, संजय शर्मा, नितिन गुप्ता, कुलदीप वैश्य, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।



सहायक आयुक्त को मांगों के बारे में बताते व्यापार संगठन के पदाधिकारी।

**● फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा का प्राविधान खत्म किया जाए : नवनीत गुप्ता**

## नैनो डीएपी के प्रति इफको ने किसानों को किया जागरूक

**बदायूं, अमृत विचार**: ब्लॉक वजीरगंज के गांव निमठोली में मंगलवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित रहे इफको मेरठ के उप महाप्रबंधक ब्रजवीर सिंह तथा कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को नैनो डीएपी के प्रति जागरूक किया।

इफको उप महाप्रबंधक ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों की खपत कम करने एवं संतुलित उर्वरक के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए मक्का एवं गन्ना की फसल में इफको नैनो डीएपी तथा इफको तरल कंसोर्टिया के उपयोग की जानकारी दी। किसान होरीलाल के खेत पर आलू की फसल की खोदाई की गयी। सामने आए परिणाम को उपस्थित किसानों को दिखाया। इस मौके पर जितेंद्र कुमार गंगवार, इफको क्षेत्र प्रबंधक, अनिल कुमार सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने एसआईआर के सम्बंध में की बैठक

**बदायूं, अमृत विचार**: जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। डीएम ने जिले में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के सम्बंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया।

डीएम ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के पूर्व में घोषित कार्यक्रम को संशोधित किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि अब 06 मार्च निर्धारित की गई है। दावे-आपत्तियों का निस्तारण 27 मार्च को किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा। डीएम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराकर सक्रिय सहभागिता निभाएं और इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक कार्य में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट में स्थित ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। डीएम ने सीसीटीवी से की जा रही निगरानी को दिखा। वेयरहाउस में कक्षों पर लगाई गई सील को चेक किया।

**स्टेट ब्रीफ**

## नीचे अस्पताल, ऊपर चल रहा देह व्यापार

**बरेली, अमृत विचार** : पीलीभीत रोड पर निजी हॉस्पिटल की दूसरी मंजिल पर कथित स्पा सेंटर में देह व्यापार चल रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेकेंड फ्लोर पर बने इस स्पा सेंटर में संदिग्ध युवकों और युवतियों की आवाजाही बढ़ गई। देर रात तक आना-जाना और बंद कमरों में गतिविधियां आसपास के लोगों को खटकने लगीं। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अचानक हुई कार्रवाई से अंदर मौजूद लोगों में भगदड़ जैसे हालात बने। पुलिस ने स्पा सेंटर का ऑफिस तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया और मौजूद लोगों से पूछताछ की। बताते हैं कि कुछ लोग पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग निकले। बारादरी पुलिस

## चालक और परिचालकों की छुट्टियां रद्.

**बरेली, अमृत विचार** : परिवहन निगम ने अब होली की तैयारी शुरू कर दी है। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए हर रूट पर बसों का निरंतर संचालन होता रहे, इसके लिए 28 फरवरी से नौ मार्च तक विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। प्रबंध निदेशक परिवहन निगम प्रभु एन. सिंह की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि योजना के शुरुआती दिनों में दिल्ली से पूर्वी दिशा के यात्रियों को ले जाने के लिए अधिक से अधिक बसें चलाई जाएं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र0सं0 1: ई–प्रापण निविदा संख्याः उप मु0ई0–नि0–पुल–जीकेपी–03–2026 दिनांकः 13.03.2026, कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के सहजनवा–दोहरीघाट नई लाइन परियोजना के अन्तर्गत मगहर–सहजनवा–जगतबेला–बांसगांव खंड के बीच ट्रैक बिछाना, लोडिंग/अनलोडिंग, विभिन्न पी.वे सामग्रियों की ढुलाई और अन्य विविध कार्य, **अनुमानित निविदा मुल्यः** Rs.20,23,41,709.10, **बयाना राशि (रु0):** 11,61,800.00, **निविदा प्रपत्र का मुल्य(रु0):** 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 (चौबीस) माह, **बिड प्रारम्भ करने की तिथि** दिनांक **27.02.2026**, उपरोक्त **ई निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि**–दिनांक **13.03.2026 15.00 बजे** तक, उपरोक्त **ई–निविदा खुलने की तिथि**– दिनांक **13.03.2026 15.00 बजे** निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेवसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इन्जी0/निर्माण पुल पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

**मुजाधि/डब्लू–465**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**



**सम्मन वास्ते गजट**

**न्यायालय उप जिला अधिकारी तहसील सदर व जिला बरेली**

वाद संख्या T202512130124798 सन् 2025

शिवम अग्रवाल आदि ....... प्रार्थीगण **बनाम** हाजी इमरान खाँ आदि ........... विपक्षीगण **बनाम** 1. हाजी मुहम्मद इमरान खाँ पुत्र हाजी सरदार मुहम्मद खाँ निवासी 150/151 मुलूकपुर नाला बरेली 2. मूल चन्द्र पुत्र श्री मोहन लाल निवासी ग्राम सहसिया हुसैन पुर परगना व तहसील व जिला बरेली 3. पवन गंगवार उम्र बालिग पुत्र श्री छोटे सिंह उर्फ धर्मेन्द्र 4. श्रीमती नन्ही देवी पत्नी श्री छोटे सिंह उर्फ धर्मेन्द्र 5. तारूश गंगवार पुत्र श्री केसर सिंह 6. विशाल गंगवार पुत्र श्री केसर सिंह 7. श्रीमती वीनेश पत्नी श्री केसर सिंह निवासीगण गांधीपुरम बरेली 8. श्रीमती नन्ही देवी पत्नी श्री छोटे सिंह निवासी ग्राम सहसिया हुसैन पुर परगना व तहसील व जिला बरेली 9. राम पाल पुत्र श्री जीवन 'मृतक' 9/1– श्रीमती कंचन पत्नी स्व0 पप्पू निवासी ग्राम सहसिया हुसैन पुर परगना व तहसील व जिला बरेली 10. डाल चन्द्र पुत्र श्री जीवन निवासीगण ग्राम सहसिया हुसैन पुर परगना व तहसील व जिला बरेली 11. शाहिद हसन खाँ पुत्र श्री अब्दुल अजीज खाँ 12. मुशाहिद हसन खाँ पुत्र श्री अब्दुल अजीज खाँ निवासीगण 494 जखीरा बरेली 13. गुलजार खाँ पुत्र श्री महमूद खाँ निवासी 232 जखीरा बरेली 14. जमुना प्रसाद उम्र बालिग पुत्र श्री मेवा राम 15. बाबू राम पुत्र श्री नत्थू लाल 16– बेचे लाल पुत्र श्री नत्थू लाल । 17. हर प्रसाद पुत्र श्री नत्थू लाल समस्त निवासीगण ग्राम सहसिया हुसैन पुर परगना व तहसील व जिला बरेली 18. ग्राम सभा सहसिया हुसैन पुर परगना व तहसील व जिला बरेली द्वारा प्रधान/चेयरमैन एल0एम0सी0 ............**विपक्षीगण** चूँकि मुसम्मी वादीगण ने आपके नाम उक्त वर्णित प्रार्थना पत्र तूदाबन्दी दायर प्रस्तुत किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि तारीख 19.02.2026 को आपत्ति व निरस्तारण हेतु नियत है लिहाजा आप असालतन या मारफत किसी वकील के, जो मुकदमा हाजा से व खूबी वाकिफ हो और मुकदमा/ प्रार्थना पत्र हाजा की जवाबदेही कर सके, मय कागजात मुकदमा के हाजिर हो, वरना आपकी गैर हाजिरी में प्रार्थना पत्र हाजा फैसला करते हुए अदालत मुनासिव हुकुम सादिर कर देगी। आज बतारीख 16.02.2026 मेरे दस्तखत व मुह अदालत से जारी किया गया। आज्ञानुसार

(मुन्सरिम)

**न्यायालय उप जिला अधिकारी तहसील सदर व जिला बरेली।**



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–आक्शन सूचना**

**संख्याः इज्जत०/सी/ई–ऑक्शन/2026/02, दिनांक 16-02-2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई–ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एन.एफ.आर. ठेको हेतु बोलिया आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटलॉग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई–ऑक्शन का विवरण निम्नवत हैः–

**श्रेणीः** NFR, **कैटलाग सं.:** IZN-NFR-MIX-02, **एसेट विवरणः** इज्जतनगर मंडल के विभिन्न लोकेशनो जैसे स्टेशन, स्टेशन एरिया, एल.सी.गेट एवं एल.सी.गेट एरिया में तीन वर्ष हेतु विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु तथा काठगोदाम स्टेशन पर बाइक रेन्टिंग कियोस्क की तीन वर्ष हेतु स्थापना के सम्बन्ध में। **ऑक्शन प्रारम्भः** 25-02-2026, 10:00:00, **ऑक्शन समापनः** 25-02-2026, 11:00:00, **नोटः (1)** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई–ऑक्शन से संबंधित अधिक जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* देखें। **(2)** उक्त ई–ऑक्शन आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **(3)** ई–ऑक्शन संबंधित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम व शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। **(4)** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई–ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **(5)** सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि उक्त ई–ऑक्शन से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर**

**मुजाधि/वाणिज्य-262**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**


### वाराणसी के अशोका इंस्टीट्यूट के बुद्ध सभागार में अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत जनमित्र अवार्ड से सम्मानित

# साहित्य की सार्थकता तभी जब वह समाज हित में हो : डॉ. रीता बहुगुणा जोशी

**वाराणसी कार्यालय**

**अमृत विचार :** मंगलवार को वाराणसी के अशोका इंस्टीट्यूट के बुद्ध सभागार में वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर पर अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत को जनमित्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजेश श्रीनेत कई बड़े समाचारपत्रों में भी संपादक रहे हैं। 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर पर इतिहासविद व पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने राजेश श्रीनेत को सम्मान देते हुए कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बहुआयामी प्रतिभा के संपादक है।

इतिहासविद व पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने इस अवसर पर कहा कि साहित्य नैतिक मूल्य, मानवीय संवेदनाएं व प्रेम विकसित कर समाज में शांति स्थापित करता है। साहित्य समाज को संस्कारित व जागृत करने का साधन होता है। इसकी सार्थकता सामाजिक उत्तरदायित्व और समाज हित में ही निहित होती है। उन्होंने कहा कि अच्छा लेखन वही है जिसकी पुस्तकें पढ़ी जाएं और जिनसे समाज को वास्तविक लाभ मिले। वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर डॉ. जोशी ने यह भी कहा कि जीवन का कोई भी मार्ग सरल नहीं होता। हर उपलब्धि के पीछे संघर्ष की लंबी यात्रा छिपी होती है। 'सपनों की पगडंडियां' केवल एक व्यक्ति विशेष की जीवनी नहीं,



वाराणसी में इतिहासविद व पूर्व सांसद डा.रीता बहुगुणा जोशी से पुरस्कार प्राप्त करते अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत।

बल्कि संघर्ष, संकल्प और शिक्षा के प्रति समर्पण की गाथा है। डॉ. जोशी ने काशी की धरती को विद्वानों और विचारकों की जन्मस्थली बताया। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मिश्रा ने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है। आने वाले समय में पत्रकारिता किस रूप में होगी, इसका अनुमान लगाना आसान नहीं है।ऐसे समय में विजय विनीत ने पत्रकारिता और एआई जैसे विषयों पर गंभीर लेखन कर पत्रकारों और पत्रकारिता के विद्यार्थियों को दिशा देने का काम किया है। उन्होंने विजय विनीत की चर्चित कृति 'मैं इश्क लिखूं तुम बनारस समझना' का उल्लेख करते हुए कहा कि स्मृतियों को साहित्य में ढालना साधारण कार्य नहीं है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि विजय विनीत केवल लेखक नहीं, बल्कि संवेदनशील और निर्भीक पत्रकार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के निवर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडे ने कहा कि विजय विनीत ने अत्यंत स्पष्ट और सादगीपूर्ण भाषा में प्रोफेसर कुशवाहा के व्यक्तित्व को उकेरा है। वरिष्ठ लेखक एवं रंगकर्मी व्योमेश शुक्ल ने कहा कहा कि विजय विनीत ऐसे लेखक हैं जो किसी चरित्र को उसकी वास्तविकता में प्रस्तुत करने का साहस रखते हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखक एवं रंगकर्मी व्योमेश शुक्ल ने भी अपने विचार रखे। इससे पहले अशोका इंस्टीट्यूट के संस्थापक अशोक कुमार मौर्य को मानवाधिकार जन निगरानी समिति की ओर से 'जनमित्र अवार्ड' से सम्मानित किया गया। पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार राम जी यादव, उद्घोषक अशोक आनंद, रणभेरी न्यूज़ की संपादक समेला आफरीन की प्रतिनिधि सुमन अग्रहरि, पत्रकार रोहित सेठ चित्रकार अमित मेहता के अलावा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्त और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह सहित अनेक साहित्यकारों, पत्रकारों और कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक विजय विनीत ने अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया। संचालन अशोक आनंद ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन 'मेरा शहर' संस्था की अध्यक्ष सोनम उपाध्याय ने किया।

# दंपती ने साड़ी से लगाया फंदा, मौत

### कमरे में लटके मिले शव, 9 महीने की गर्भवती थी पत्नी, दो साल पहले हुई थी शादी

**संवाददाता , संभल/ बबराला**

**अमृत विचारः** जुनावई थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक ही साड़ी के फंदे बनाकर पति पत्नी ने आत्महत्या कर ली। विवाहिता नौ माह की गर्भवती थी। 2 साल पहले शादी हुई थी।

गांव खेड़ामानी निवासी खोराज यादव (25) पुत्र प्रेमपाल यादव और उसकी पत्नी सरोज (22) के शव मंगलवार सुबह करीब आठ बजे कमरे में एक ही साड़ी से बने फंदों पर लटके मिले। सरोज नौ माह की गर्भवती थी और यह दंपती का पहला बच्चा था। सुबह देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने दरवाजा



खोरा ज व उसकी पत्नी सरोज।

खटखटाया, नहीं खुलने पर जैसे-तैसे दरवाजा खोला। दोनों के शव एक ही साड़ी से बने फंदों पर लटके देख परिवार में कोहराम मच गया। सरोज का मायका धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी में है। दो वर्ष पूर्व दोनों की शादी हुई थी। परिजनआत्महत्या की बजह नहीं बता सके। ग्रामीणों में चर्चा है कि खोराज शराब का आदी था और इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होता था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मृतक का छोटा भाई राजेंद्र एक दिन पहले ही दिल्ली से गांव लौटा था। मां कठोरी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया। इसके बाद आपसी सहमति से दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गर्भवती पत्नी और पति द्वारा फंदे पर लटककर जान देने की वजह को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं लेकिन कोई खुलकर नहीं बता रहा कि आखिर रात को ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से पति पत्नी ने फंदे पर लटककर जान दे दी। बड़ी बात यह कि मां की कोख में पल रहे मासूम की भी दुनिया देखने से पहले ही मौत हो गई।

### खेत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**बबराला,अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर में मंगलवार को 19 वर्षीय दुर्वेश यादव पुत्र भूदेव यादव का शव घर से करीब आधा किलोमीटर दूर गेहूं के खेत में नीम के पेड़ से लटका मिला। सुबह करीब 5 :45 बजे पीआरवी को सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान उसकी जेब से नरौरा से बैरपुर तक का रोडवेज बस टिकट मिला। परिजनों के अनुसार वह नोएडा में काम करता था और हाल ही में गांव लौटा था। थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने बताया कि दुर्वेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## अंशिका बनीं क्रीड़ा समारोह की चैंपियन

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय के क्रीड़ा समारोह का तीसरे दिन रिले रेस के साथ समापन हो गया। बीएससी की छात्रा अंशिका प्रतियोगिता की ओवरऑल चैंपियन बनीं। मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी अमित कुमार रिछारिया ने विजेताओं को मेडल पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

महाविद्यालय की सरिता गौतम के निर्देशन में हुई रिले रेस में पहले स्थान पर रही टीम में हिबा बी, मंजरुल फात्मा, इल्मा, अंशिका रहीं। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को खेल का महत्व समझाते हुए अनुशासन, सार्थकता के बारे में जानकारी दी। बताया कि स्टेडियम में कई खेल सिखाए जाते हैं। प्राचार्य डॉ. वंदना ने छात्राओं को बताया कि खेल को अनुशासन और खेल की भावना से खेलने वाले खिलाड़ी ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

# अर्जित बने नगर अध्यक्ष हिमांशु महामंत्री मनोनीत

**संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **जलालाबाद इकाई में नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं, प्रांतीय अध्यक्ष की सहमति से हुआ मनोनयन**

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार के तहत जलालाबाद इकाई में नई नियुक्तियां की गई हैं। जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल की सहमति से अर्जित गुप्ता सोनू को नगर अध्यक्ष और हिमांशु सेठ को महामंत्री मनोनीत किया है।

जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने बताया कि अर्जित गुप्ता और हिमांशु सेठ लंबे समय से व्यापारी हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनकी निष्ठा और समर्पण को देखते हुए प्रांतीय अध्यक्ष की सहमति से उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों पदाधिकारी संगठन को सशक्त बनाने के साथ व्यापारियों



अर्जित गुप्ता शानू।



हिमांशु सेठ।

की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत रहेंगे। मनोनयन पर प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता, जिला वरिष्ठ महामंत्री सुशील गुप्ता, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन अख्तर, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सैयद अनवर मिया, संजीव गुप्ता, मोहम्मद शाहिद, गोपाल सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

## हिंदू सम्मेलन में बाल योगी दीनानाथ महाराज ने दिया एकता का संदेश

**ओरछी, अमृत विचार :** मंगलवार को कस्बा फैजगंज बेहटा में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर धर्म और समाज के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बाल योगी दीनानाथ महाराज रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिशुपाल तिवारी ने की। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं माल्यार्पण के साथ हुआ, बाल योगी दीनानाथ महाराज ने हिंदू समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। सम्मेलन के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों और आयोजकों ने समाज में जागरूकता का संकल्प लिया।


**बअदालत अपर जिला जज, कक्ष सं.-6, बरेली**

सिविल मिस. अपील सं.- 20 सन् 2023

**सखावत हुसैन ............. अपीलार्थी बनाम**

**नौशाद अली आदि .......... प्रत्यर्थीगण**

3/1. श्रीमती रामकली पत्नी स्व. मोती लाल शर्मा 3/2. राकेश शर्मा पुत्र स्व. मोती लाल शर्मा 3/3. पप्पू शर्मा पुत्र स्व. मोती लाल शर्मा 3/4. कृष्णा शर्मा पुत्री स्व. मोती लाल शर्मा समस्त निवासीगण जगतपुर, पुराना शहर, तहसील व जिला बरेली 3/5. नन्हीं शर्मा पुत्री स्व. मोती लाल शर्मा निवासी सिद्ध बाबा नगर, फरीदपुर, तहसील फरीदपुर, जिला बरेली 4/1. सोनू शर्मा 4/2. राजेन्द्र शर्मा (दोनों पुत्रगण स्व. मुंशी लाल शर्मा) 4/3. भूरी शर्मा 4/4. पूजा शर्मा (दोनों पुत्रीगण स्व. मुंशी लाल शर्मा) समस्त निवासीगण बिथरी चैनपुर, तहसील व जिला बरेली

चूंकि मुसम्मी सखावत हुसैन ने आपके नाम एक सिविल मिस. अपील सं.- 20/2023 सखावत हुसैन बनाम नौशाद अली आदि दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 18.02.2026 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 18.02.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

जज


## सीएचसी पर आशा कार्यकर्ताओं का छठे दिन प्रदर्शन

**जैतीपुर, अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन लगातार छठे दिन जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने अपने बकाया भुगतान और अन्य मांगों को लेकर सीएचसी परिसर में विरोध जताया। चिकित्सा प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा जब तक उनका पिछला बकाया भुगतान नहीं हो जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

## यूजीसी के नए नियमों के विरोध में करणी सेना का प्रदर्शन

**संवाददाता, पुवायां**

- **राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा, 8 मार्च को दिल्ली कूच की चेतावनी**

**अमृत विचारः** यूजीसी की ओर से लागू किए गए नए नियमों का विरोध करते हुए क्षत्रिय करणी सेना ने उन्हें काला कानून 2026 करार दिया है। संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा और नियमों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष विक्रम प्रताप सिंह के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार का वर्ग आधारित भेदभाव संविधान के अनुच्छेद 14 में प्रदत्त समानता के अधिकार के विपरीत है।

संगठन का आरोप है कि नए प्रावधानों से शिक्षा प्रणाली में असमानता बढ़ेगी और सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के हित प्रभावित होंगे। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि वर्तमान नियम समाज में विभाजन की स्थिति उत्पन्न करेंगे और राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक समरसता को कमजोर करेंगे। संगठन ने मांग की कि शिक्षा संस्थानों में जाति, वर्ग, धर्म और लिंग के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव समाप्त किया जाए तथा सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए समान शिकायत निवारण और प्रतिस्पर्धात्मक व्यवस्था लागू की जाए।

साथ ही नई शिक्षा नीति में सभी वर्गों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की बात कही गई। करणी सेना ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 8 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों के हस्ताक्षर दर्ज हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन को उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया है। इस दौरान सुभाष सिंह, राघवेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 200 से कम न हो सरकारी गेहूं खरीद केंद्र

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। इस दौरान किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। आगामी गेहूं खरीद में जिले में सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों की संख्या कम से कम 180 से 200 करने की मांग की, ताकि किसानों को सुविधाजनक तरीके से गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त हो सके। एक हैंडलिंग ठेकेदार को



एडीएम न्यायिक को ज्ञापन देते भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता।

एक ही क्रय केन्द्र का ठेका दिया जाए। पूरनपुर चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी गन्ना किसानों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। पूर्व में भी इनकी तैनाती चीनी मिल पूरनपुर रह चुकी है। वर्ष 2023 में विवादित रह चुके हैं। गन्ना किसानों की शिकायत पर उक्त सीसीओ को चीनी मिल से हटाया गया था। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में लिंक मार्ग बहुत ही जर्जर हो चुकी हैं। किसानों को अपनी उपजों को ले जाने व स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में परशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सड़कों की मरम्मत करवायी जाए। डीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक रोशनी यादव को सौंपा गया। संचालन मरौरी ब्लाक अध्यक्ष बलराम वर्मा ने किया। जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह चीमा, पूरनपुर तहसील अध्यक्ष कुलवंत सिंह सोनी,बालकराम, सर्वेश कुमार, तरसेम सिंह, ओमकार श्रीवास्तव, सतीश कुमार, हेमराज वर्मा, रोशन लाल वर्मा, पूरनलाल, निर्मल सिंह, जोति सिंह, रुपराम वर्मा, वंशीधर, चन्दसेन, ताराचंद, अशोक कुमार,शमीम अली,राजेन्द्र कुमार, हसीना वेगम आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम के स्थानांतरण तक जारी रहेगा बहिष्कार

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन द्वारा एसडीएम प्रशासन के स्थानांतरण की मांग को लेकर न्यायालय का बहिष्कार मंगलवार को भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक एसडीएम प्रशासन का स्थानांतरण नहीं हो जाता, तब तक उनके न्यायालय का पूर्ण रूप से बहिष्कार जारी रखा जाएगा। तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और रोष व्यक्त किया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि तहसील बिल्सी में भ्रष्टाचार चरम पर है, और उच्च अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे, जिससे आम जनता प्रभावित हो रही है। महासचिव ज्ञान सिंह त्यागी ने कहा कि एसडीएम प्रशासन का व्यवहार अधिवक्ताओं एवं फरियादियों के प्रति उचित नहीं है, जिससे मामलों का समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा। प्रदर्शन में मुकेश कुमार सिंह, विवेक राठी, गिरीश बाबू, सोहनपाल, रामनाथ शर्मा, सलीम मियां, हेमेंद्र सिंह, वीरपाल सिंह, बागीश माहेश्वरी, श्रीराम, योगेश बिसारिया, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मसीत वलीनगर विकास खंड नबावगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025 – 26 में ग्राम पंचायत मसीत वलीनगर में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है –प्रथम श्रेणी ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रेत, रोड़ी, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | रियासत के घर से इश्तियाक अली के घर तक सीसी और नाली निर्माण कार्य | 600000/– | मनरेगा |
| 2. | रोहिताश के घर से ओमकार के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य। | 575000/– | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 18.02.2026 से दिनांक 21.02.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 21.02.2026 दोपहर 3:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**प्रधान – जमुना देवी** **सचिव – पुष्पेंद्र शाक्य**



**कार्यालय नगर पंचायत अल्हागंज जनपद-शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 216 /न.प.अ./ई.नि.सू./2025–26 दिनांक : 16.02.2026

**ई–निविदा**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में शासनादेश संख्या–482/2025/7415/नौ–5–2025/001–Com.No. 1995876 Date 15.12.2025 द्वारा पेयजल हेतु व्यवस्था योजना व शासनादेश सं.–534/2026/नौ–5–2026/002–Com.No. 2002135 Date 02.01.2026 द्वारा नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना एवं शासनादेश सं.–191/2025/ आर. एफ.–187/नौ–9–2025/007–ई–1976027 दिनांक–14.10.2025 द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या–83 की प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु दिनांक 18.02.2026 से दिनांक 12.03.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ऑन लाईन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही वेवसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। आमंत्रित ई–निविदायें दिनांक 12.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| बिड प्रकाशित करने की तिथि | दिनांक 18.02.2026 को पूर्वान्ह 11 बजे |
| ऑनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि | दिनांक 18.02.2026 से 12.03.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 13.03.2026 को पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| बिड खुलने की तिथि | दिनांक 12.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे |

**(एच.एन. उपाध्याय) अधिशासी अधिकारी** **शिवानी वर्मा अध्यक्ष**


# बुलडोजर से 42 एकड़ गेहूं नष्ट कराया गया

**संवाददाता, बंडा**

- **एसडीएम के नेतृत्व में चला अभियान, 30-35 किसानों को लाखों का नुकसान**

**अमृत विचारः** फगुनिहाई गांव में बुधवार को स्थानीय वन विभाग और एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल के नेतृत्व में करीब 19.04 हेक्टेयर, लगभग 42 एकड़, खड़ी गेहूं की फसल नष्ट कर दी गई।

वन भूमि पर अवैध कब्जा बताते हुए की गई इस कार्रवाई में बलजीत सिंह, दारा सिंह, लखविंदर सिंह, सतनाम सिंह, बिट्टू, संतोष सिंह, मंगा सिंह, बिंदर सिंह, संजीत सिंह सहित लगभग 30 से 35 किसानों के खेत शामिल थे। चार ट्रैक्टर और तीन जेसीबी मशीनों से फसल जुतवाकर खत्म कर दी गई, जिससे प्रभावित किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार यह भूमि वन विभाग के अभिलेखों में दर्ज है, जबकि किसानों का कहना है कि उनके दादा-परदादा वर्ष 1952 से 42 एकड़ जमीन के पट्टे पर खेती करते आ रहे थे और 30 से 35 किसानों के नाम दर्ज हैं। वन विभाग ने इसे अवैध अतिक्रमण मानते हुए कार्रवाई की। एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया कि यह अभियान उच्च अधिकारियों के आदेशों के अनुपालन में वन क्षेत्र को बचाने के उद्देश्य से चलाया गया। किसानों का आरोप है कि उन्हें पहले कोई लिखित या मौखिक सूचना नहीं दी गई और फसल कटाई के चंद दिन पहले यह कार्रवाई कर दी गई, जिससे वे असहाय हो गए। फसल नष्ट होते देख किसान आंसू बहाते नजर आए। प्रशासन का कहना है कि कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण और विधिक अनुपालन के तहत की गई है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांकः 638/ई–टेण्डर/25–26 दिनांकः 11.02.2026

**अल्पकालीन ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई–निविदा दिनांक 19.02.2026 से दिनांक 25.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 25.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः–

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (लाख | निविदा की धरोहर धनराशि (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+ जी0एस0टी0 (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | जनपद बरेली में लोक निर्माण विभाग के आफिसर्स हॉस्टल की मरम्मत व सुधार कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 32.90 | 3.29 | 944.00 | 06 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 2. | जनपद बरेली में लोक निर्माण विभाग के आफिसर्स ट्रांजिट की मरम्मत व सुधार कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 25.90 | 2.59 | 944.00 | 06 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 3. | जनपद बरेली में लोक निर्माण विभाग के आफिसर्स ट्रांजिट की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 31.40 | 3.14 | 944.00 | 06 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर Login किया जा सकता है।

**UP-246436 दिनांक 17.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**(भगत सिंह) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0बरेली**

## न्यूज ब्रीफ

### बसपा में सिद्धार्थ राजाराम व नौशाद का बढ़ा कद

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा सुप्रीमो मायावती ने संगठन में उच्च पदों पर फेरबदल किया है। माना जा रहा है कि आने वाले पंचायत और विधान सभा चुनावों के चलते पार्टी को गतिशील करने के लिए यह कदम उठाया गया है। बसपा प्रमुख के भतीजे आकाश आनंद के ससुर सिद्धार्थ गौतम का कद बढ़ा दिया है। उन्हें दिल्ली, गुजरात, छत्तीसगढ़ और केरल का प्रभारी बनाया गया है। राजाराम का भी कद बढ़ाया गया है। उन्हें मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा रामजी गौतम को महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु का प्रभारी बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के 18 मंडल प्रभारियों की जिम्मेदारियों में भी फेरबदल किया गए हैं। मुस्लिम चेहरे नौशाद अली को यूपी के कानपुर, लखनऊ, आगरा और मेरठ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### निर्धारित स्टॉप पर बसों का ठहराव सुनिश्चित करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन. सिंह ने कहा कि सभी बसों का संचालन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि सभी चालक एवं परिचालक प्रत्येक निर्धारित स्टॉप पर बस को अनिवार्य रूप से रोकें तथा यात्रियों को सुरक्षित रूप से उनके गंतव्य तक पहुँचाएं। इससे जहां यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं निगम के राजस्व में भी वृद्धि सुनिश्चित होगी। प्रबंध निदेशक, मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त क्षेत्रों की समीक्षा कर रहे थे। निगम मुख्यालय में संपन्न बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी जांच स्कॉड दल दिन एवं रात्रि दोनों समय प्रभावी जांच व्यवस्था लागू करें। प्रभु एन सिंह ने कहा कि नियमित एवं सख्त जांच व्यवस्था से अनियमितताओं पर नियंत्रण पाया जा सकेगा तथा निगम की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित होगी।

### दो आईपीएस का केन्द्र में हुआ इन्पैनलमेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी कैडर के दो आईपीएस अफसरों का केन्द्र में आईजी पद के लिए इन्पैनलमेंट हुआ है। वर्ष 2006 के आईपीएस आकाश कुलहरि और मनोज कुमार हैं। आकाश कुलहरि मौजूदा समय में झांसी रेंज के आईजी हैं। इन्पैनलमेंट होने के बाद दोनों अधिकारियों की केन्द्र में आईजी पद पर सेवा ली जा सकती हैं।

### वसूली 70 फीसदी से कम तो होगी कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी पावर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार ने तल्ख लहजे में अफसरों को निर्देश दिए कि बिजली बिल वसूली और बिल राहत योजना में तेजी लाई जाए। यदि संतोषजनक परिणाम नहीं आ रहे तो फिर जिम्मेदार अफसरों से जवाब तलब किया जाए। साथ ही कहा कि एक दिसंबर-25 से अभी तक ढाई महाने में कारपोरेशन को 4,934 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ हैप्रबन्ध निदेशक ने मंगलवार को शक्ति भवन में बिल वसूली को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जहां भी बिजली बिल राहत योजना में प्रगति सही नहीं है, वहां कार्रवाई की जायेगी। इसमें एक-एक बकायेदार उपभोक्ता को ढूढकर पैसा जमा कराया जाए। जहां भी फीडर घाटे में है, वहां अभियान चलाकर व्यवस्था सुधारें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वसूली की धनराशि जहां 70 फीसदी से कम हैं, वहां कार्रवाई होनी चाहिए। पांच किलोवाट से ऊपर के उपभोक्ताओं से सम्पर्क कर उनका बकाया जमा कराएं।



# हमने शंकराचार्य से क्षमा मांग अपनी गलती स्वीकार कर ली थी : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शंकराचार्य मामले में सफाई देते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी कुछ नहीं जानते हैं, सपा सरकार के दौरान काशी में वह घटना गलत परिस्थितियों और भाजपा के तांडव की वजह से हुई थी, तब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य नहीं थे, लेकिन उस घटना के बाद शंकराचार्य से हम लोगों ने क्षमा मांगते हुए अपनी गलती स्वीकार कर ली थी। हम लोग शंकराचार्य जी के साथ हैं।

### भाजपाइयों ने मेडिकल कॉलेजों की बिल्डिंग खड़ी करने में केवल कमीशन खाया

■ अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने सपा के समय में बने मेडिकल कॉलेज, कैंसर इंस्टीट्यूट व अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की है। भाजपाइयों ने अपने समय में बने मेडिकल कॉलेजों की बिल्डिंग खड़ी करने में केवल कमीशन खाया है लेकिन उन्हें चलाया नहीं है। मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल, ट्रामा सेंटर बिना स्टॉफ के खड़े हैं। सपा प्रमुख ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि भाजपाइयों ने अपने कार्यालय, और मुख्य भाजपाई जी ने अपनी आयुष यूनिवर्सिटी तो खोल ली है परंतु जनहित में काम करने वाले आम अस्पतालों की पूरी तरह उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को तो ये समझ लेना चाहिए कि अगले मंत्रिमंडल विस्तार में उनसे विभाग छीनने का आधार बनाया जा रहा है। विभाग में वो नेम प्लेट पर ही मंत्री हैं, कोई उनकी सुनता भी नहीं है।

सपा प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि, यूपी में अपराधियों के डर व वसूली की वजह से कर्फ्यू जैसी पाबंदी रहती है। पूरे यूपी में गैरकानूनी लोगों का राज है। कमीशनखोर ही सरकार चला रहे हैं। भाजपा ने कुंभ और माघ मेले की सनातन परंपरा को तोड़ा, परम पूज्य शंकराचार्य का अपमान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की धरोहर को तोड़ने का पाप किया उसे एआई बताने का झूठा प्रचार किया। सनातन समाज और पाल समाज के लोग मुख्यमंत्री से बहुत नाराज हैं। धोखेबाज भाजपा लोगों को ठगने का काम कर रही है। कहा कि इन्होंने काशी में करीब सौ मंदिर भी तोड़े हैं। नेपाल नरेश का दान किया हुआ घंटा भी गायब हो गया है।

### अनुदान पर पाएं यंत्र 20 तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि विभाग ने फसल अवशेष के इन-सीटू एवं एक्स सीटू प्रबंधन के यंत्रों की बिक्री के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर 20 फरवरी कर दी है। एग्रीग्रेटर का लक्ष्य दो यंत्र वितरण का है, इसके सापेक्ष आवेदन तीन आए हैं और अधिक एफपीओ के प्रतिभाग करने के लिए मौका दिया है। उपनिदेशक कृषि विनय कुमार कौशल ने बताया कि एफपीओ को अनुदान पर यंत्र दिए जाएंगे। यह यंत्र फसल कटाते समय अवशेष जमीन में दबा देती है।

# एम-पैक्स से आत्मनिर्भर बने 54 लाख किसान

## सरकार ने सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया ऋण, उन्नत बीज और उर्वरक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सहकारिता आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में योगी सरकार के एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान का व्यापक परिणाम दिख रहा है। अभियान के जरिए अब तक करीब 54 लाख किसान सहकारी ढांचे से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़े हैं। योगी सरकार का फोकस बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (एम-पैक्स) से लोगों को जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती वित्तीय और कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

- **जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक नए खाते खोले गए, 550 करोड़ की राशि खातों में जमा हुई**

विशेष अभियान के तहत किसानों को कम ब्याज दरों पर फसली ऋण, उन्नत गुणवत्ता के बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए गए। इससे खेती की लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक नए खाते खोले गए हैं। इन खातों में अब तक लगभग 550 करोड़ रुपये की राशि जमा कराई जा चुकी है। वहीं, सदस्यों की भागीदारी से 110 करोड़ रुपये की अंश पूंजी जुटाई गई जिसके आधार पर कुल 660 करोड़ रुपये की धनराशि सहकारी तंत्र में प्रवाहित हुई। इससे गांवों में ऋण प्रवाह बढ़ा है और छोटे किसानों को सहूलियतें आसान हुई हैं।

### ग्रामीणों को घर के पास ही पंजीकरण और अन्य सेवाएं

■ योगी सरकार ने सहकारी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए सदस्यता प्रक्रिया को भी पूरी तरह डिजिटल किया है। अब एम-पैक्स से जुड़ने के लिए डिजिटल पोर्टल और मोबाइल आधारित पंजीकरण की सुविधा लागू कर दी गई है। इससे ग्रामीणों को घर के पास ही पंजीकरण और अन्य सेवाएं मिल रहीं हैं। देश में पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम-पैक्स का सदस्यता महाअभियान शुरू किया। यह सदस्यता महाअभियान दो चरणों में चलाया गया।

### क्यूआर कोड और यूपीआई भुगतान से आई पारदर्शिता

■ सहकारी समितियों को मजबूत करना योगी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। एम-पैक्स पर डिजिटल भुगतान प्रणाली क्यूआर कोड के जरिए शुरू की गई है। क्यूआर कोड और यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली शुरु हो जाने से कैशलेस एवं पारदर्शी भुगतान व्यवस्था लागू हुई है। इससे उर्वरक वितरण में पारदर्शी एवं सुविधाजनक तरीके से वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि सहकार से समृद्धि का लक्ष्य तेजी से हासिल किया जा सके।

### अब एक क्लिक पर समस्याओं का समाधान

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपुर (राजस्थान) से किसानों के समर्पित एआई प्लेटफार्म "भारत विस्तार" 2026 का मंगलवार को विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की। इस नवाचारपूर्ण प्लेटफार्म का उद्देश्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से खेती-किसानी को अधिक समृद्ध, सशक्त और सरल बनाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि "भारत विस्तार" देश की कृषि व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। इसके माध्यम से किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान अब एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। किसान अपने मोबाइल फोन से 155261 डायल कर खेती से जुड़े प्रश्नों के त्वरित और सटीक उत्तर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक पर आधारित यह प्रणाली किसानों को मौसम, बीज, खाद, फसल प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्रदान करेगी। इससे कृषि क्षेत्र अधिक आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी बनेगा।



सूर्य प्रताप शाही।



राजधानी में मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़कर नारेबाजी करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

# कांग्रेसियों की पुलिस से नोकझोंक, धक्का-मुक्की

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में विधानसभा घेरने जाते समय हिरासत में लिए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मनरेगा बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस ने पुलिस ने नोकझोंक और धक्का-मुक्की हो गई। कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राज, विधायक अराधना मिश्रा मोना समेत करीब 50 नेताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया, जहां से सभी को रिहा कर दिया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वह पुलिस का भय दिखाकर रोकने का प्रयास है, लेकिन वह रुकने वाले नहीं हैं। मनरेगा रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा है। मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस नेता माल ऐवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय पर एकत्र हुए। दोपहर में वहां से विधानसभा का घेराव करने के लिए निकले। विधानभवन से पहले पुलिस व आरएएफ के जवानों ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की समग्र आर्थिक प्रणाली को चलाने वाला आधार स्तंभ था। मनरेगा कोरोना काल की भीषण महामारी के दौर में प्रवासियों को रोजगार उपलब्ध कराकर जीवनदायिनी साबित हुई। अब मोदी सरकार खत्म करने पर अमादा है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस बल का प्रयोग किया गया है। इसकी वह कड़ी निंदा करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया है सरकार इतनी डर गई कि लखनऊ समेत प्रदेश भर में कई बड़े नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया। इसके बाद भी भारी संख्या में कोने-कोने से नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल रहे। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार को मनरेगा को पूर्व की तरह लागू करना चाहिए। विधायक अराधना मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस सदा गांव व गरीब के साथ खड़ी है। प्रदर्शन में सांसद किशोरी लाल शर्मा, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, राजेश तिवारी, नीलांशु चतुर्वेदी, प्रदीप नरवाल, वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, लखनऊ के जिला अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव और शहजाद आलम सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।



विधायक आराधना मिश्रा को बैरिकेडिंग पर चढ़ने से रोकते पुलिसकर्मी।

# सपा सरकार में बिजली के तारों पर सूखते थे कपड़े:शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **विधान परिषद में ऊर्जा मंत्री के आरोप पर सपा सदस्य भड़के**

**अमृत विचार :** उप्र. विधान परिषद के बजट सत्र में मंगलवार को बिजली व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नियम 105 के तहत सपा सदस्यों ने प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को बदहाल बताते हुए सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा और मुकुल यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे जमीनी हकीकत से परे हैं। उत्पादन न बढ़ने से कटौती बढ़ी है और आमजन परेशान है। कनेक्शन शुल्क 500 रुपये से बढ़कर 6000 रुपये कर दिया गया है।

इस पर जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सपा सरकार ने भ्रष्टाचार के बबूल लगाए थे, उन्हें साफ करने का कार्य हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने दावा किया कि बिजली उत्पादन और आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड बनाया है। वर्ष 2017 से अब तक उपभोक्ताओं की संख्या दोगुने से अधिक हो गई है। आपूर्ति भी उसी अनुपात में बढ़ी है। इसी दौरान मंत्री के "सपा सरकार में बिजली के तारों पर महिलाएं कपड़े सुखाती थीं" वाले बयान पर सपा सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया और सदन से बहिर्गमन कर दिया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार करते हुए विषय को सरकार को भेज दिया।

शून्य प्रहर में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच भगवान राम के संदर्भ में भी तीखी बहस हुई। वहीं निर्दलीय सदस्य डॉ. आकाश अग्रवाल और राज बहादुर सिंह चंदेल ने निजी विद्यालयों में में 6 से 14 साल तक के गरीब परिवार के बच्चों के प्रवेश व प्रतिपूर्ति राशि का मुद्दा उठाया। सरकारी स्कूलों में प्रतिछात्र आने वाले प्रतिवर्ष 38859 रूपए का खर्च के सापेक्ष निजी विद्यालयों को मिलने वाले प्रति छात्र मात्र 450 रूपए को बढ़ाने की मांग की। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने श्रावस्ती में सेवानिवृत्त शिक्षकों को जीपीएफ भुगतान न मिलने का प्रश्न उठाया, जिस पर माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने एक माह में भुगतान का आश्वासन दिया। सत्र के दौरान सदन में कई मुद्दों पर गर्मागर्म बहस देखने को मिली

### व्यावसायिक शिक्षकों के विनियमितीकरण की मांग

■ अमृत विचार, लखनऊ : विधान परिषद में बजट पर चर्चा से पहले व्यावसायिक शिक्षकों के विनियमितीकरण का मुद्दा जोर-शोर से उठा। नियम 110 के तहत शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी और अक्षय प्रताप सिंह ने वर्ष 1989-90 से निर्धारित मानदेय पर कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों को नियमित करने की मांग की। भोजनावकाश के बाद चर्चा में सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा, डॉ. मान सिंह और नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षकों के करीब 2500 पद रिक्त हैं। उन्होंने मांग की कि माध्यमिक व बेसिक विद्यालयों में इन पदों को मान्यता देकर शिक्षकों का विनियमितीकरण किया जाए। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने जवाब देते हुए कहा कि संबंधित शिक्षक प्रारंभ में 1500 रुपये मानदेय पर तैनात हुए थे, जिसे बढ़ाकर वर्तमान में 20 हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये अतिथि विषय विशेषज्ञ प्रति व्याख्यान मानदेय प्राप्त करते हैं और इनके विनियमितीकरण की फिलहाल कोई योजना नहीं है। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी के आग्रह पर सभापति ने मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के निर्देश राज्य सरकार को दिए। इससे पूर्व प्रमुख सचिव ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2026 सदन के पटल पर रखे, जिन्हें पारित कर दिया गया।

### 'कुष्टआश्रम' शब्द हटाने को लेकर विधेयक पारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में मंगलवार को नगर विकास मंत्री ने 'कुष्टआश्रम' शब्द को हटाने संबंधी संशोधन विधेयक पेश किया। मंत्री ने कहा कि समय के साथ सामाजिक सोच और भाषा में बदलाव आवश्यक है तथा सम्मानजनक शब्दावली का उपयोग किया जाना चाहिए। बाद में सपा की प्रवर समिति की मांग विधानसभा अध्यक्ष ने खारिज कर दी। मंत्री ने सदन को बताया कि संबंधित अधिनियम/नियमावली में प्रयुक्त 'कुष्टआश्रम' शब्द अब सामाजिक रूप से संवेदनशील माना जाता है। इसे हटाकर अधिक सम्मानजनक और मानवीय शब्द का प्रयोग किया जाएगा, ताकि किसी भी वर्ग की भावनाएं आहत न हों।

**विधानसभा** — चित्रकूट से सपा विधायक अनिल प्रधान के प्रश्न के उत्तर में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने

# बेसिक शिक्षा में 46,944 पद रिक्त, फिलहाल भर्ती की योजना नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में सहायक अध्यापक सीधी भर्ती के 46,944 पद रिक्त हैं, लेकिन सरकार की ओर से फिलहाल नई भर्ती की कोई योजना नहीं है। यह जानकारी बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में दी।

चित्रकूट से सपा विधायक अनिल प्रधान के प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 से 8 जनवरी 2026 के बीच सरकार ने 5,856 अभ्यर्थियों का चयन एवं नियुक्ति की है। हालांकि, प्राथमिक विद्यालयों में बड़ी संख्या में पद खाली होने के बावजूद नई भर्ती पर सरकार विचार नहीं कर रही है। विधायक ने यह भी पूछा कि क्या शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए नए पद सृजित कर भर्ती परीक्षा कराने पर विचार किया जा रहा है। इस पर सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब दिया गया- जी नहीं।मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त संख्या में शिक्षक और शिक्षामित्र कार्यरत हैं तथा एक भी परिषदीय विद्यालय बंद नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को सरकार पांच-पांच लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा दे रही है। इनके मानदेय में वृद्धि पर भी विचार किया जा रहा है, जिसकी जानकारी शीघ्र सदन को दी जाएगी।

### बगैर कागज पढ़े बोलेंगे तो दिक्कत हो जाएगी : राजभर

■ पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने प्रश्नकाल में कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का सीधे जनता के द्वारा चुनाव कराने के लिए दो बार केंद्र को पत्र लिख चुके हैं। सपा सदस्य अतुल प्रधान के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि इसमें जो संशोधन होना है उसे केंद्र सरकार को ही करना है। विपक्ष ने डबल इंजन सरकार का हवाला दिया तो मंत्री बोले...तभी तो भइया दो बार पत्र लिख चुके हैं और मिल भी आए हैं। सिंगल इंजन की सरकार होती तो यह भी न हो पाता। एक प्रश्न के जवाब में मंत्री लिखित उत्तर पढ़ने लगे तो विपक्ष ने इस पर तंज कसा। राजभर बोले बगैर कागज पढ़े यदि हम बोलेंगे तो आपको दिक्कत हो जाएगी।

### कॉल न उठाने पर बने 'अलर्ट नंबर' की व्यवस्था

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक नई व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कई बार जनप्रतिनिधि या आम नागरिक किसी अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश करते हैं, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होती। ऐसी स्थिति में एक अधिकृत "अलर्ट नंबर" की व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिससे तत्काल ध्यान दिया जा सके। वे विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर सुझाव प्रस्तुत कर रहे थे। मंत्री ने प्रस्ताव रखा कि प्रदेश स्तर पर एक केंद्रीय अलर्ट नंबर हो और हर जिले में अलग कंट्रोल नंबर निर्धारित किया जाए। यदि कोई अधिकारी कॉल रिसीव नहीं करता, तो शिकायतकर्ता उस अधिकृत नंबर पर सूचना दे सके। इसके बाद संबंधित अधिकारी को कॉल या संदेश जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि उनसे तुरंत संपर्क अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यह नंबर ऐसा हो, जिसे सभी अधिकारी पहचानें और कॉल आते ही उसकी गंभीरता समझें। असीम अरुण ने यह भी कहा कि कई बार अधिकारी अवकाश, शोक या आपात स्थिति के कारण कॉल नहीं उठा पाते। ऐसे मामलों में फीडबैक सिस्टम होना चाहिए, जिससे अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट हो और अनावश्यक गलतफहमी न बने। उन्होंने सुझाव दिया कि पूरी प्रक्रिया में डिजिटल रिकॉर्ड, रिस्पॉन्स टाइम की निगरानी और लंबित मामलों की उच्च स्तर पर समीक्षा हो। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

# जन्म-मृत्यु और निवास प्रमाण पत्र न बनने के मुद्दे पर सपा का बहिर्गमन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **विपक्ष का आरोप: प्रमाण पत्र रोककर एसआईआर प्रभावित कर रही सरकार**
- **सरकार का जवाब: आरोप निराधार, जहां दिक्कत होगी वहां कराई जाएगी जांच**

**अमृत विचार:** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को जन्म-मृत्यु और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी न होने के मुद्दे पर सदन में तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान विपक्ष समर्थकों को मतदाता बनने से रोकने के उद्देश्य से जानबूझकर प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। सरकार ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि प्रदेश में हर जगह प्रमाण पत्र बन रहे हैं और यदि कहीं किसी स्तर पर समस्या है तो जांच कराकर समाधान होगा। जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

सपा की ओर से यह मुद्दा सदन में मनोज कुमार पारस और कमाल अख्तर ने उठाया। मनोज कुमार पारस ने कहा कि वर्तमान समय में जन्म-मृत्यु और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में आवेदन उपजिलाधिकारी कार्यालयों में लंबित पड़े हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

पारस ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में मूल निवास प्रमाण पत्र की अनिवार्यता है, जबकि प्रशासन उसे जारी नहीं कर रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोग मतदाता बनने से वंचित हो सकते हैं।कमाल अख्तर ने भी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में पहले जिस प्रक्रिया के तहत प्रमाण पत्र बनाए जाते थे, उसे समाप्त कर दिया गया है।

उन्होंने नगर विकास मंत्री से मांग की कि पुरानी व्यवस्था को बहाल किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोपों को और गंभीर बताते हुए कहा कि एक एसडीएम ने स्वयं उन्हें बताया है कि ऊपर से प्रमाण पत्र न बनाने के निर्देश दिए गए हैं।



जीव को यह भ्रम है कि यह संसार ही सत्य है, किंतु जैसा वह समझ रहा है वैसा नहीं है, वास्तव में संसार असत्य है।

–रविदास, संत

## एआई का कुंभ

नई दिल्ली में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट 2026 भारत की डिजिटल कूटनीति और उभरती तकनीकी शक्ति का सार्वजनिक प्रदर्शन है। ग्लोबल साउथ में आकार और भागीदारी के लिहाज से पहली बार ब्रिटेन, सोल, पेरिस से भी विशाल एआई मंच सजा है, जो भारत के इस क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक प्रभाव की कहानी कहता है। वैश्विक नेताओं, तकनीकी दिग्गजों और नीति-निर्माताओं की यहां उपस्थिति ने यह संकेत दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बहस अब सिलिकॉन वैली या यूरोप तक सीमित नहीं रही। यह सही है कि भारत इस क्षेत्र में अभी संक्रमणकाल में है। वह न तो पूरी तरह स्थापित शक्ति है न ही मात्र संभावनाओं का देश। उच्च-स्तरीय चिप निर्माण, मूलभूत मॉडल विकास और उन्नत अनुसंधान में भारत अभी भी अमेरिका और चीन से पीछे है।

भारतीय आईटी उद्योग, स्टार्टअप इकोसिस्टम और विशाल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर आदि ने मजबूत आधार दिया है। अनुमान है कि 2030 तक भारत का एआई बाज़ार 15–20 अरब डॉलर से अधिक का हो सकता है, हालांकि हमें और तेज बढ़त के लिए डेटा और बुनियादी ढांचे की चुनौती से निबटना होगा। एआई का ईंधन डेटा है, देश में व्यवस्थित डेटा-संग्रह, मानकीकरण और सुरक्षित भंडारण की कमी है। डेटा सेंटर क्षमता बढ़ने के बावजूद मांग के अनुपात में अपर्याप्त है। यदि स्थानीय भाषाओं, कृषि, स्वास्थ्य और जलवायु जैसे क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण डेटा उपलब्ध नहीं होगा, तो भारतीय एआई मॉडल सीमित रह जाएंगे, इसीलिए 'रेगुलेटरी सैंडबॉक्स' और डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क की चर्चा अहम है। नवाचार और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना ही वास्तविक चुनौती है। विशेषज्ञों का यह दावा कि तीन वर्षों में एआई का उपयोग हजार गुना बढ़ सकता है, किंचित अतिशयोक्तिपूर्ण हो सकता है, पर पूरी तरह अवास्तविक भी नहीं। गौरतलब है, उपयोग में वृद्धि का अर्थ उत्पादकता वृद्धि और समावेशन तभी होगा जब कौशल विकास समानांतर चले, क्योंकि एआई का सामाजिक प्रभाव दोधारी तलवार है, जो नई स्किल सीखेंगे, उनके लिए अवसर बढ़ेंगे; जो नहीं सीखेंगे, उनके लिए रोजगार संकट गहराएगा। अतः सरकार को स्किल इंडिया कार्यक्रम में संरचनात्मक बदलाव करने होंगे। केवल पारंपरिक आईटी प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं; डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, एआई एथिक्स और बहुभाषी मॉडलिंग जैसे कौशल को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना होगा। उद्योग–अकादमिक साझेदारी, माइक्रो-क्रेडेंशियल और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण को बढ़ावा देना समय की मांग है। एआई का सबसे बड़ा प्रभाव कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में दिख सकता है। कृषि में मौसम पूर्वानुमान, मिट्टी विश्लेषण और फसल रोग पहचान; स्वास्थ्य में डायग्नोस्टिक एल्गोरिद्म और टेलीमेडिसिन; शिक्षा में वैयक्तिकृत लर्निंग प्लेटफॉर्म, ये सभी नवाचार भारत जैसे विशाल और विविध देश में क्रांतिकारी सिद्ध हो सकते हैं।

इस समिट का सबसे बड़ा संदेश यह है कि एआई केवल तकनीकी दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का औजार है। भारत यदि नवाचार, नियमन और समावेशन के संतुलन को साध लेता है तो वह न केवल अपने लिए बल्कि ग्लोबल साउथ के लिए भी एक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

### प्रसंगवश

## सृजन, सुविधा और नकल की नई संस्कृति

कहा जाता है कि हर नई तकनीक अपने साथ सुविधा लेकर आती है, पर कुछ तकनीकें धीरे-धीरे हमारी सोच और आदतों को भी बदल देती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज ऐसे ही मोड़ पर खड़ी है। उसने लिखने की गति बढ़ाई है, उसे आसान और सुलभ बनाया है; पर उसी अनुपात में उसने सृजन के अर्थ को धुंधला भी किया है। अब प्रश्न यह नहीं रह गया कि 'लिखा कितना अच्छा है', बल्कि यह बन गया है कि 'लिखा किसने है और किस तरह लिखा है।'

जब किसी लेख, कविता या विचार को पढ़ते हुए यह बोध होता है कि वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रचा गया है, तो पाठक के भीतर कुछ टूट-सा जाता है। शब्द सधे हुए होते हैं, भाव भी उपयुक्त लगते हैं, पर कहीं एक रिक्तता रह जाती है। जैसे सुंदर शरीर हो, पर उसमें प्राण न हों। रचना का वह जादू, जो लेखक और पाठक के बीच एक अदृश्य संबंध बनाता है, अचानक समाप्त हो जाता है। यह केवल सौंदर्य का नहीं, विश्वास का भी प्रश्न है।



डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

समस्या यह नहीं है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता लिख सकती है। समस्या यह है कि वह लिखते समय मनुष्य होने का भ्रम रचती है। वह अनुभव की नकल करती है, पीड़ा की भाषा बोलती है, प्रेम और करुणा के मुहावरे दोहराती है। बिना कभी असफलता, भय या दुविधा से गुज़रे। जब ऐसी सामग्री किसी मनुष्य के नाम से प्रस्तुत की जाती है, तो वह तकनीकी सहायता नहीं रह जाती; वह बौद्धिक नकल का रूप ले लेती है।

यह नकल कोई नई बात नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से इस मानसिकता को पोषित करती रही है कि अंक सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं, प्रक्रिया नहीं। परीक्षा में नकल करके उत्तीर्ण होना, दूसरों की उत्तर पुस्तिकाओं से विचार उठाना और फिर उसी सफलता का गर्वपूर्वक प्रदर्शन, यह सब समाज में किसी न किसी रूप में स्वीकार्य रहा है। आज वही प्रवृत्ति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नई शक्ल में सामने आई है। अंतर केवल इतना है कि अब नकल अधिक चमकदार, अधिक विश्वसनीय और अधिक सुरक्षित दिखाई देती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न सामग्री की एक पहचान बन चुकी है। भाषा की दृष्टि से निर्दोष, संरचना में संतुलित और भावनात्मक रूप से 'उचित'। पर यही परिपूर्णता उसे संदिग्ध भी बनाती है, क्योंकि वास्तविक सृजन प्रायः परिपूर्ण नहीं होता। उसमें झिझक होती है, दोहराव होता है, कभी-कभी असंगति भी होती है। सच्चा लेखक अपने ही विचारों से जूझता है, अपनी ही सीमाओं से संघर्ष करता है। उस संघर्ष की छाया शब्दों में दिखती है। वही रचना को जीवंत बनाती है। आज सामाजिक माध्यमों और अंकीय मंचों पर सामग्री की बाढ़ है। हर विषय पर, हर दृष्टिकोण से, तुरंत लेख उपलब्ध हैं। इस भीड़ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक तीव्र यंत्र की तरह काम करती है, जो पहले से मौजूद हज़ारों विचारों को जोड़कर एक नया पैकेज बना देती है। यह पैकेज उपयोगी हो सकता है, जानकारीपूर्ण हो सकता है, पर क्या वह दृष्टि दे सकता है? क्या वह जोखिम उठा सकता है? क्या वह यह स्वीकार कर सकता है कि 'मैं गलत भी हो सकता हूं'?

यहीं मनुष्य और यंत्र के बीच मूल अंतर स्पष्ट होता है। मनुष्य अपनी बात कहते समय डरता है। आलोचना से, अस्वीकार से, असफलता से और यही डर उसकी आवाज़ को विशिष्ट बनाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को न आलोचना का भय है, न अस्वीकार का, इसलिए वह सुरक्षित भाषा में लिखती है। सबको स्वीकार्य, किसी को असुविधाजनक न लगे ऐसी। परिणामस्वरूप, हम ऐसी रचनाएं पढ़ रहे हैं जो सब कुछ कहती हैं, पर वास्तव में कुछ भी नहीं कहतीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## रेयर अर्थः वैश्विक शक्ति संतुलन का नया अध्याय





जय प्रकाश पांडेय

लेखक

आर्थिक व रणनीतिक सोच में कुछ विषय ऐसे होते हैं, जो लंबे समय तक हाशिये पर रहते हैं, पर जब वे केंद्र में आते हैं, तो विकास की पूरी दिशा को बदल देते हैं। क्रिटिकल मिनरल्स भारत के लिए ऐसा ही विषय बन चुका है। ऊर्जा संक्रमण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर निर्माण, रक्षा प्रौद्योगिकी और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स इन सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की चर्चा तब तक अधूरी है, जब तक उन खनिजों की सुरक्षित, सस्ती और सतत उपलब्धता सुनिश्चित न हो, जिन पर ये तकनीकें निर्भर करती हैं। भारत का भविष्य केवल बिजली उत्पादन या विनिर्माण क्षमता से नहीं, बल्कि उन खनिजों की रणनीतिक उपलब्धता से तय होगा, जिन्हें अब 'क्रिटिकल' कहा जा रहा है।

इस विमर्श की औपचारिक शुरुआत 2023 में हुई, जब भारत सरकार ने 30 क्रिटिकल मिनरल्स की सूची जारी की। लिथियम, कोबाल्ट, निकल, ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, तांबा, गैलियम, जर्मेनियम और टंगस्टन जैसे खनिजों को इस श्रेणी में रखने के पीछे दो स्पष्ट तर्क थे। पहला, ये खनिज ऊर्जा संक्रमण, ईवी बैटरियों, सोलर-विंड प्रणालियों, सेमीकंडक्टर और रक्षा उपकरणों के लिए अनिवार्य हैं। दूसरा, इनकी वैश्विक आपूर्ति कुछ गिने-चुने देशों में अत्यधिक संकेंद्रित है, जिससे किसी भी भू-राजनीतिक तनाव की स्थिति में आपूर्ति बाधित होने का जोखिम बहुत अधिक हो जाता है। यह सूची केवल एक तकनीकी दस्तावेज़ नहीं थी; यह भारत की उस रणनीतिक चिंता का लिखित रूप थी, जो फॉसिल फ्यूल युग से मिली निर्भरता की सीख से उपजी है।

इसी सोच को संस्थागत रूप देने के लिए राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) की परिकल्पना की गई और 2025 में इसे औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस मिशन का उद्देश्य केवल खनन बढ़ाना नहीं, बल्कि सुरक्षित, विविध और लचीली आपूर्ति-श्रंखलाएं विकसित करना है। वर्ष 2030 तक लगभग 1,200 संभावित क्रिटिकल मिनरल डिपॉजिट्स की पहचान और वर्ष 2031 तक 100 से अधिक ब्लॉक्स की नीलामी जैसे लक्ष्य यह दर्शाते हैं कि भारत घरेलू संसाधनों को गंभीरता से खंगालना चाहता है। वर्ष 2024–25 में शुरू हुई सैकड़ों अन्वेषण परियोजनाएं, जिनमें रेयर अर्थ्स, लिथियम और कोबाल्ट पर विशेष फोकस है, इसी दिशा में प्रारंभिक कदम हैं।

> भारत का भविष्य केवल बिजली उत्पादन या विनिर्माण क्षमता से नहीं, बल्कि उन खनिजों की रणनीतिक उपलब्धता से तय होगा, जिन्हें अब 'क्रिटिकल' कहा जा रहा है।

फिर भी, नीति-निर्माताओं को यह भ्रम नहीं है कि खनन ही समाधान है। थिंक-टैंक आधारित विश्लेषण यह रेखांकित करते हैं कि भारत की चुनौती खनन से अधिक प्रसंस्करण और परिशोधन क्षमता की कमी में निहित है। परिणामस्वरूप, कच्चे अयस्क के निष्कर्षण या आयात के बाद मूल्य-वर्धन का बड़ा हिस्सा विदेशी रिफाइनिंग केंद्रों में स्थानांतरित हो जाता है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो भारत ऊर्जा संक्रमण की दौड़ में उपभोक्ता तो बनेगा, पर निर्णायक खिलाड़ी नहीं।

केंद्रीय बजट 2025–26 और 2026–27 को एक साथ पढ़ने पर यह स्पष्ट होता है कि राज्य ने इस संरचनात्मक समस्या को समझ लिया है। वर्ष 2025–26 के बजट में 25 क्रिटिकल मिनरल्स पर मूल सीमा शुल्क को शून्य करना और बारह क्रिटिकल खनिजों के स्क्रैप, कोबाल्ट पाउडर तथा लिथियम-आयन बैटरी अपशिष्ट पर मूल सीमा शुल्क समाप्त करना रीसाइक्लिंग उद्योग और द्वितीयक उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस नीतिगत पहल थी। इससे राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन के उस स्तंभ को बल मिला, जो आयात-निर्भरता घटाने और सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।

बजट 2026–27 ने इसी नीतिगत दिशा को आगे बढ़ाते हुए प्रसंस्करण के लिए आवश्यक पूंजीगत उपकरणों पर मूल सीमा शुल्क पूरी तरह समाप्त कर दिया। यह निर्णय किसी तात्कालिक रियायत से अधिक, उस वास्तविकता की स्वीकारोक्ति है कि क्रिटिकल खनिजों से जुड़ी प्रसंस्करण परियोजनाएं स्वभावतः पूंजी-सघन और जोखिमपूर्ण होती हैं। इन्हें व्यवहार्य बनाने के लिए प्रारंभिक चरण में लागत का बोझ केवल निजी निवेशकों पर छोड़ देना व्यावहारिक नहीं है। इसी क्रम में, कुछ क्रिटिकल खनिजों को आयकर अधिनियम की प्रासंगिक अनुसूची में शामिल कर अन्वेषण और पूर्वेक्षण पर होने वाले खर्च को कर-कटौती योग्य बनाने का प्रस्ताव भी किया गया है। यह व्यवस्था इस संकेत के रूप में देखी जानी चाहिए कि राज्य खनिज अन्वेषण की अनिश्चितताओं को निजी क्षेत्र के साथ साझा करने और दीर्घकालिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने को तैयार है।

बजट 2026–27 का सबसे प्रतीकात्मक और रणनीतिक निर्णय रेयर अर्थ कॉरिडोरों की घोषणा के रूप में सामने आया है। ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव किसी साधारण क्षेत्रीय विकास योजना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चीन-केंद्रित वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला से उत्पन्न जोखिमों को सीधे संबोधित करता है। इन कॉरिडोरों को राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन से जोड़ते हुए खनन, प्रसंस्करण और विनिर्माण की पूरी श्रृंखला को एक साझा भौगोलिक और संस्थागत ढांचे में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। इसका आशय स्पष्ट है, भारत अब रेयर अर्थ तत्वों को केवल कच्चे खनिज के रूप में नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के मोटर, पवन ऊर्जा टर्बाइन, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण जैसी रणनीतिक आवश्यकताओं के लिए अनिवार्य इनपुट के रूप में देखने लगा है। इस घरेलू रणनीति को वैश्विक परिप्रेक्ष्य से काटकर नहीं देखा जा सकता। अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषण लगातार यह संकेत देते रहे हैं कि क्रिटिकल खनिजों के परिशोधन और प्रसंस्करण में चीन की प्रभुत्वपूर्ण स्थिति ने अनेक देशों को रणनीतिक असुरक्षा के दायरे में ला खड़ा किया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



जयपुर में हिंगोनिया गौशाला के पास से एक जानवर का कटा सिर लाकर लटकाया गया। यह सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश है। इस मामले में जो आरोपी है, उसे भाजपा का एक विधायक बचा रहा है।

**–टीकाराम जूली**
नेता प्रतिपक्ष
राजस्थान

आप मेरा नाम ले रहे हैं? अगर इस मामले में कोई भी मेरा आदमी शामिल पाया गया, तो मैं इसी वक्त विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा।

**–गोपाल शर्मा**
विधायक
भारतीय जनता पार्टी



## 60% युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य की दिक्कत



पंकज चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

विकसित भारत के सामने आज जो प्रमुख चुनौतियां हैं, उनमें सबसे ऊपर युवाओं की बिगड़ती मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। बकौल इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में पाए जा रहे हैं। इन युवाओं के सामने काम का बढ़ता दबाव, प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाओं और इनसे जूझते समय बड़ी संख्या में वे अवसाद, बैचेनी की गिरफ्त में आ जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के मानसिक विकार होने पर रोगी समझ ही नहीं पाता कि उसके मन के साथ कुछ असामान्य है। जिस तरह मानसिक रोग तेजी से फैल रहे हैं, हमारे पास उस तुलना में चिकित्सक और इलाज के विकल्प गौण हैं। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां देश की बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएमएचएस) स्वीकार कर रहा है कि माकूल उपचार अधिकांश मरीजों की पहुंच से बाहर है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में 19.73 करोड़ लोग (कुल आबादी का लगभग 14.3 प्रतिशत) किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित थे। इनमें 4.57 करोड़ अवसाद और 4.49 करोड़ बैचेनी के शिकार हैं। बेंगलुरु के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस (निमहांस) के सर्वे में सामने आया है कि 13-17 वर्ष वाले लगभग 7.3 प्रतिशत किशोर किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं व डिजिटल जीवन-शैली इसके प्रमुख कारण हैं।

> इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी के मुताबिक देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले युवाओं में पाए जा रहे हैं।

सर्वाधिक खराब हालत राजधानी दिल्ली के हैं, जहां 11.23 फीसदी आबादी मानसिक बीमारियों से जूझ रही है। यह बात दिल्ली सरकार की 2025 की सालाना सांख्यिकी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट कहती है कि राजधानी में कोई सात फीसदी लोगों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है, जिससे उनके सीखने और रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयां झेलनी पड़ रही हैं। अवसाद, चिंता और सिजोफ्रेनिया जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या 4.28 फीसदी है। मानसिक रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि दिल्ली में अकेलापन, सामाजिकता के अभाव के साथ ही प्रदूषण, ट्राफिक जाम, आर्थिक असमानता जैसे कारण मानसिक रोगों को बढ़ा रहे हैं।

बात अकेले राजधानी की नहीं है, देश के दूरस्थ अंचलों में छोटे गांव तक मानसिक विकार का विस्तार बेहद खतरनाक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा पश्चिम बंगाल के कृषि प्रधान क्षेत्रों में किया गया एक अध्ययन इसके मूल कारणों पर प्रकाश डालता है। अध्ययन कहता है कि जिन किसानों के खेतों में सप्ताह में एक बार कीटनाशक का छिड़काव होता है, उनमें डिप्रेशन, याद्दाश्त में कमी और रोजमर्रा की गतिविधियों में गिरावट का खतरा तीन गुना तक बढ़ जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) में प्रकाशित इस अध्ययन में आईसीएमआर का सरकार को सुझाव है कि किसानों को कीटनाशक छिड़कते समय सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए जाएं, साथ ही ग्रामीण इलाकों में कीटनाशक-जनित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम शुरू किए जाएं।

डब्लूएचओ व अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक शोध में कुछ साल पहले ही बता दिया था कि देश में चौथी सबसे बड़ी बीमारी अवसाद या डिप्रेशन है। आज देश की सबसे बड़ी दूसरी बीमारी हार्ट अटैक के बाद अवसाद को कहा जा रहा है। बढ़ती जरूरतें, जिंदगी में बढ़ती भागदौड़, रिश्तों के बंधन ढीले होना; इस दौर की कुछ ऐसी त्रासदियां हैं, जो इंसान को भीतर ही भीतर खाए जा रही हैं। ये सब ऐसे विकारों को आमंत्रित कर रहा है, जिनके प्रारंभिक लक्षण नजर नहीं आते। जब मर्ज बढ़ जाता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। विडंबना है कि सरकार में बैठे नीति-निर्धारक मानसिक बीमारियों को अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

'जय विज्ञान' के युग में मनोविकारों को एक रोग के बनिस्पत ऊपरी व्याधा या नियति समझने वालों की संख्या बहुत अधिक है। तभी ऐसे रोगों के इलाज के लिए डाक्टरों के बजाए पीर-फकीरों, मजार-मंदिरों पर अधिक भीड़ होती है। सामान्य डॉक्टर मानसिक रोगों को पहचानने और रोगियों को मनोचिकित्सक के पास भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसके चलते ओझा, पुरोहित, मोलवी और तथाकथित यौन विशेषज्ञ अवैध रूप से मनोचिकित्सक का दुष्कार्य कर रहे हैं। भारत में 1982 में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू हुआ था, लेकिन इसकी मंथर गति ने रोग को भयानक बना दिया। इतने लोगों के इलाज के लिए कोई 32 हजार मनोचिकित्सकों की जरूरत है। देशभर में इनकी संख्या बमुश्किल नौ हजार है। यानी एक लाख पर औसतन 0.75 डाक्टर। इनमें भी तीन हजार तो चार महानगरों तक ही सिमटे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कहानी मोगली की

रुडयार्ड किपलिंग का मशहूर किरदार 'मोगली' जिसे भेड़ियों ने पाला था, वो किरदार दरअसल एक अंग्रेज कमांडर 'विलियम हेनरी स्लीमैन' द्वारा लिखे गए संस्मरण से उठाया गया था, हालांकि किपलिंग ने ये कभी नहीं माना कि उन्होंने स्लीमैन के लेखों से प्रेरणा ली, लेकिन तथ्यात्मक रूप से यही बात सच है कि भेड़ियों द्वारा इंसानी बच्चों को पालने की घटनाएं उत्तर प्रदेश के जंगलों में बहुत बार देखी गईं और सबसे पहले इन घटनाओं को स्लीमैन ने ही लिपिबद्ध किया।



जिया इम्तियाज

ब्लॉगर

मुझे पता नहीं था कि अम्मी हमारे बचपन में सुल्तानपुर में आने वाले भेड़ियों की, बच्चों को उठा ले जाने की, कई बच्चों के बच जाने और कइयों के मारे जाने की जो पुरानी कहानियां सुनाती थीं, उन कहानियों में एक खास बात भी थी कि सुल्तानपुर के जंगल वाक़ई एक वक्त में भेड़ियों का गढ़ हुआ करते थे और भारत में सबसे पहले भेड़िया मानव का ज़िक्र स्लीमैन ने 'सुल्तानपुर' के जंगलों में ही मिले बच्चे के बारे में किया था।

स्लीमैन ने लिखा था कि सन् 1848 में सुल्तानपुर के एक गांव 'चंदौर' में अंग्रेज सिपाहियों को गोमती नदी के किनारे एक मांद से एक मादा भेड़िया निकलती दिखी, इसके पीछे तीन भेड़िया शावक चल रहे थे और चौथा इंसानी बच्चा था, जो इस मादा भेड़िया के पीछे चार पैरों पर चल रहा था। सिपाहियों ने मादा भेड़िया को मारकर उस इंसानी बच्चे को कब्जे में कर लिया पर वो बच्चा इंसानों के हाथ नहीं आना चाहता था, वो बच्चा भेड़िये की तरह गुर्राता था, इस बच्चे को 'हसनपुर' के राजा को सौंप दिया गया।

हसनपुर के राजा ने इस बच्चे को एक अंग्रेज अधिकारी को दे दिया था, ये बच्चा दो साल तक रहा, पर कभी इंसानी समाज में लौट नहीं सका और वो केवल कुत्तों और गीदड़ों से मित्रवत रहा, 1850 में अचानक एक दिन उस बच्चे की मृत्यु हो गई। स्लीमैन ने दूसरा ज़िक्र सुल्तानपुर के एक दूसरे गांव में 1849 में मिले एक भेड़िया बच्चे का किया है, जिस बच्चे के जिस्म पर बने बर्थ मार्क देखकर उसको जन्म देने वाली मां ने पहचान लिया। जिस स्त्री का बच्चा छह साल पहले घर से कोई जानवर उठाकर ले गया था, ये बच्चा भी भेड़िये ने पाल लिया था और ये बच्चा भी मानव समाज में घुलमिल नही पाया और एक दिन वापस जंगल में भाग गया। स्लीमैन ने अपनी डायरी में लिखा था, 'सुल्तानपुर के आसपास असंख्य भेड़िये हैं, गोमती नदी के किनारे बने खड्डों में बहुत से बच्चों को भेड़ियों द्वारा कस्बों, गांवों और शिविरों से ले जाया जाता है'।

**–फेसबुक वॉल से**



### सामयिकी

## एआई समिटः नवाचार से राष्ट्र निर्माण तक

आज दुनिया के विभिन्न देश अपनी नीतियों में नई-नई तकनीकों व नवाचारों को शामिल कर अपने देश की विभिन्न पारंपरिक कार्यप्रणालियों को लगातार बदल रहे हैं। विशेष रूप से एआई ने वैश्विक स्तर पर कार्य प्रणाली और मानव भूमिका को गहराई से प्रभावित किया है, इसलिए आज इसे विकास के लिए अनिवार्य और बहुत ही अहम् माना जा रहा है। इसी संदर्भ में, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण एआई शिखर सम्मेलन (इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026; 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक) आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एआई की संभावनाओं, इसकी चुनौतियों, रोजगार पर इसका प्रभाव और आम जीवन में इसके उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ाना है।

आज एआई का दायरा स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, कारोबार और रक्षा जैसे क्षेत्रों तक फैल चुका है, जिससे नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन यह भी कटु सत्य है कि रोजगार पर प्रभाव, जोखिम, डेटा सुरक्षा और पर्यावरणीय असर जैसी चिंताएं भी इसके कारण सामने आई हैं। विशेष रूप से डेटा केंद्रों में ऊर्जा और पानी की बढ़ती खपत को लेकर प्रश्न उठ रहे हैं। इसलिए एआई आधारित विकास को सफल बनाने के लिए इसके लाभों के साथ-साथ संभावित खतरों के समाधान पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है।



सुनील कुमार महला

लेखक

पांच दिवसीय कार्यक्रम ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला प्रमुख एआई शिखर सम्मेलन माना जा रहा है, जिसमें 300 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं और एआई नीति तथा नवाचार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। यह समिट भारत मंडपम सहित नई दिल्ली के विभिन्न स्थलों पर आयोजित हो रही है तथा इसमें 100 से अधिक देशों की भागीदारी है, साथ ही शीर्ष तकनीकी कंपनियों जैसे गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), शोधकर्ता, नीति-निर्माता और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हो रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि 800 से अधिक प्रदर्शक, स्टार्टअप, शोध संस्थान और राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल इसमें भाग ले रहे हैं।

16-20 फरवरी तक आयोजित यह एआई शिखर सम्मेलन भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है, जबकि उससे आगे केवल संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन हैं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार भारत का स्कोर 21.59 है, जबकि अमेरिका का 78.6 और चीन का 36.95 है। इस सूचकांक में भारत कई विकसित देशों जैसे दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस से आगे है।

भारत वर्तमान में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ एआई के क्षेत्र में अग्रणी विकासशील देश भी बन चुका है, इसलिए इस स्तर का वैश्विक आयोजन पहली बार किसी विकासशील देश में होना ऐतिहासिक माना जा रहा है। सम्मेलन में 13 देशों के लगभग 300 पवेलियन वाले एक्सपो का आयोजन भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता को भी प्रदर्शित करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एआई के माध्यम से आम लोगों तक तकनीक के लाभ पहुंचाने, सस्ती तकनीक उपलब्ध कराने और वैश्विक असमानताओं को कम करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते देश निवेश बढ़ाए, प्रतिभाओं को बनाए रखे और अनुकूल तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# आदिवासी अंचल का सांस्कृतिक पर्व भगोरिया

आदिवासी अंचल में प्रति वर्ष मनाया जाने वाला भोंगर्या अर्थात भगोरिया पर्व जनजाति समाज का मुख्य त्योहार है। इसे आलीराजपुर, झाबुआ और धार जिले में आदिवासी बहुल क्षेत्र के समीपस्थ ग्रामों के निकटतम साप्ताहिक हाट या कहीं पर जहां हाट भी नहीं लगता है, वहां वर्ष में एक दिन मनाया जाता है। मांदल की थाप और बांसुरी की मदमाती धुन, जब महुआ के फूल की मादक खुशबू महकने लगती है, बौराए हुए आम की एक खास महक और ताड़ी का भरपूर सुरूर अपने यौवन पर आ जाता है और होली का सप्ताह करीब हो, तो समझ लो कि भगोरिया आ गया। होलिका दहन का दिन आखिरी भगोरिया पर्व और इसके 6 दिन पूर्व के यानी पूरे 7 दिन यह पर्व होता हैं।


अनिल तंवर
सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी

## आदिवासी समाज का विशेष हाट

कुछ लोग (गैर-आदिवासी मीडिया) द्वारा आदिवासियों को बदनाम करने के लिए भोंगर्या हाट को परिणय पर्व या वैलेंटाइन डे से संबोधित करते हैं, जो एक सोची-समझी साजिश के तहत पूरे आदिवासी समाज को बदनाम करने की कोशिश की जा रही हैं। इस पर्व में कभी भी पान खिलाकर और गुलाल लगाकर लड़की भगाने का जो मिथ्या प्रचार किया जाता रहा है। वह केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने तथा आदिवासी संस्कृति को बदनाम करने की साजिश रही है। पूर्व में यहां, जो गिने-चुने फोटोग्राफर आते थे, उन्होंने अपनी छपास की भूख और प्रसिद्धि के कारण इस पर्व को गलत रूप में प्रचारित किया। आदिवासी समाज के युवक और युवतियां अब जागृत हो चुके हैं और उनका कहना है कि गैर आदिवासी मीडिया इस प्रकार का भ्रम फैलाना बंद करे। यह न तो कोई परिणय पर्व है और न ही कोई त्योहार है। यह सिर्फ होली पूर्व एक विशेष हाट हैं, जिसमें आदिवासी बच्चों से लेकर बुजुर्ग उत्साह और जोश के साथ भोंगर्या हाट में जाकर ढोल-मांदल, थाली,बांसुरी की मिश्रित मधुर ध्वनि के साथ नाच-गाना कर एन्जॉय करते हैं और होली पूजन के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी करते हैं।

## सात दिनों तक चलेगा मेला



अंचल का प्रमुख आदिवासी लोकपर्व भगोरिया इस वर्ष 24 फरवरी से आरंभ होकर 2 मार्च तक चलेगा। वर्ष में एक बार मनाए जाने वाले इस पर्व के कारण हफ्तेभर तक क्षेत्र में उल्लास छाया रहता है। पर्व मनाने के लिए पलायन स्थलों से भी ग्रामीण बड़ी संख्या में अपने गांव लौटेंगे। लगभग चार दर्जन स्थानों पर भगोरिया मेला लगेगा, जिस दिन का संस्कृति प्रेमी बेसब्री से इंतजार करते है, वह पर्व अब त्योहारिया हाट से प्रारंभ होगा। इसमें मस्ती व उल्लास रहेगा, तो आदिवासी संस्कृति की झलक भी नजर आएगी। पेट की आग बुझाने के लिए क्षेत्र की 70 प्रतिशत जनता पलायन करती है। रोजगार की तलाश में दूर-दूर तक जाने वाले ग्रामीण जहां कहीं भी होंगे, भगोरिया की महक उन्हें अपने गांव लौटने के लिए वापस मजबूर करेगी।

वार्षिक मेले भगोरिया की प्रमुख विशेषता यह है कि 7 दिनों तक लगातार यह चलता है। हर दिन कहीं न कहीं भगोरिया मेला रहता है। इन मेलों में गांव के गांव उमड़ पड़ते है। छोटे बच्चे से लेकर वृद्ध तक अनिवार्य रूप से इसमें सहभागिता करते है। ढोल, मांदल, बांसुरी जैसे वाद्य यंत्रों की मीठी ध्वनि और लोक संगीत के बीच जब सामूहिक नृत्य का दौर भगोरिया मेले में चलता है, तो चारों ओर उल्लास ही उल्लास बिखर जाता है। साथ ही होती है झूला-चकरी की मस्ती व पान तथा अन्य व्यंजनों की भरमार। चाहे जितने जीवन में संघर्ष हो, लेकिन सब कुछ भूलकर हर ग्रामीण भगोरिया की मस्ती में डूबा दिखाई पड़ता है।



## रियासत काल से चल रहा है त्योहार

रियासत काल से चल रही धुलेंडी के सात दिन पहले से यह पर्व आरंभ हो जाता है। रियासत काल से ही यह पारंपारिक त्योहार यहां चल रहा है। पर्व को लेकर अलग-अलग इतिहास भी बताया जाता है। कुछ इतिहासकार कहते हैं कि ग्राम भगोर से यह पर्व आरंभ हुआ, इसलिए इसका नाम भगोरिया पड़ गया। कुछ लोगों का मानना है कि होली के पूर्व लगने वाले हाटों को गुलालिया हाट कहा जाता था। इसमें खूब गुलाल उड़ती थी। बाद में होली के पूर्व मनाए जाने वाले इन साप्ताहिक हाटों को भगोरिया कहा जाने लगा। मान्यता चाहे जो हो, लेकिन मैदानी हकीकत यह है कि यह वार्षिक पर्व अपनी संस्कृति की सुगंध हमेशा से चारों ओर बिखेर रहा है।

## अनोखी परंपरा

# फामादीहाना : मौत के पार रिश्तों का उत्सव



दुनिया में कुछ परंपराएं ऐसी होती हैं, जो पहली नजर में हैरान करती हैं, लेकिन गहराई से समझने पर इंसानी संवेदनाओं और रिश्तों की नई परतें खोलती हैं। ऐसी ही एक अनोखी परंपरा अफ्रीकी द्वीपीय देश मेडागास्कर में देखने को मिलती है, जहां लोग अपने गुजरे हुए अपनों को याद करने के लिए कब्र से बाहर लाते हैं और उनके साथ नाचते-गाते हैं। यहां मृत्यु को अंतिम विदाई नहीं, बल्कि दोबारा मिलन का अवसर माना जाता है। मेडागास्कर के मालगासी समुदाय में निभाई जाने वाली इस परंपरा को फामादीहाना कहा जाता है, जिसका अर्थ है-"हड्डियों को पलटना।" यह रस्म हर पांच से सात साल में आयोजित की जाती है। इस दौरान परिवार के लोग अपने पूर्वजों की कब्रें खोलते हैं, उनके अवशेषों को बाहर निकालकर नए, सुंदर रेशमी कफनों में लपेटते हैं और फिर संगीत, ढोल-नगाड़ों और गीतों के साथ नृत्य करते हैं। यह दृश्य किसी शोक समारोह से अधिक एक उत्सव जैसा लगता है।

मालगासी समाज में यह विश्वास गहराई से रचा-बसा है कि मृत्यु के बाद भी आत्माएं पूरी तरह विदा नहीं होतीं। माना जाता है कि पूर्वजों की आत्माएं आसपास ही रहती हैं और समय-समय पर अपने परिजनों का हाल जानने धरती पर लौटती हैं। फामादीहाना उन्हीं आत्माओं के सम्मान, उनसे संवाद और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। इस रस्म के दौरान लोग अपने दिवंगत प्रियजनों से बातें करते हैं, उन्हें परिवार की नई पीढ़ी से परिचित कराते हैं और जीवन की घटनाएं साझा करते हैं। फामादीहाना के समय कब्रिस्तान का माहौल बिल्कुल बदल जाता है। वहां ढोल बजते हैं, लोग पारंपरिक परिधान पहनकर नृत्य करते हैं, सामूहिक भोज पकता है और पूरे इलाके में उत्सव का रंग बिखर जाता है। बाहरी दुनिया से आने वाले पर्यटकों के लिए यह दृश्य चौंकाने वाला और असामान्य हो सकता है, लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह बेहद पवित्र और भावनात्मक अनुभव होता है। यहां तक कि उंगली से इशारा करना भी वर्जित माना जाता है, क्योंकि ऐसा करने से आत्माओं के नाराज होने की मान्यता है। पहली नजर में फामादीहाना डरावनी या रहस्यमयी लग सकती है, लेकिन मालगासी लोगों के लिए यह मौत का उत्सव नहीं, बल्कि यादों, सम्मान और प्रेम का प्रतीक है। शायद यही कारण है कि सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है और यह हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि दुनिया में रिश्तों को देखने और निभाने के कितने अलग-अलग तरीके हो सकते हैं।

## आर्ट गैलरी

# राफेल की 'द ट्रांसफिगरेशन'

द ट्रांसफिगरेशन नाम का आर्टवर्क मशहूर रेनेसां आर्टिस्ट राफेल का एक मास्टरपीस है, जिसे साल 1520 में पूरा किया गया था। पैनल पर बनी यह ऑयल पेंटिंग हाई रेनेसां आर्टिस्ट्री का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो अपने धार्मिक जॉनर के लिए जानी जाती है। आर्टवर्क में, देखने वाले को एक ज़बरदस्त चित्रण देखने को मिलता है, जिसमें एक्सप्रेसिव फिगर्स की भीड़ है, जो एक साफ ड्रामैटिक इंटेंसिटी में लिपटी हुई है। इन फिगर्स को इमोशन की एक जबरदस्त गहराई के साथ दिखाया गया है, जिसमें गहरी भक्ति से लेकर डरावने अविश्वास तक शामिल हैं। कंपोजिशन में कई दिव्य और इंसानी कैरेक्टर्स हैं, जो डायनैमिक रूप से बातचीत करते हैं।



राफेल पेंट की गई फिगर्स में थ्री-डायमेंशनल क्वालिटी लाने के लिए काइरोस्कोरो का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनकी असली जैसी मौजूदगी और बढ़ जाती है। कलर पैलेट में रिच टोन भरे हुए हैं, जो कपड़ों की ड्रेपरी और फिगर्स के शरीर को बहुत बारीकी से दिखाते हैं और सीन की कहानी कहने की ताकत पर ज़ोर देते हैं।

### राफेल के बारे में



राफेल सैंजियो दा अर्बिनो, जिन्हें राफेल के नाम से बेहतर जाना जाता है, हाई रेनेसां कॉल के सबसे महान पेंटर्स में से एक थे। उनका जन्म 1483 में इटली में एक आर्टिस्ट परिवार में हुआ था और उन्होंने पेंटिंग के लिए शुरू से ही टैलेंट दिखाया और जल्द ही एक जाने-माने आर्टिस्ट बन गए। यह वह समय था जब पूरे यूरोप में आर्ट फल-फूल रहा था। इसकी पहचान क्लासिकल एंटीक्विटी और ह्यूमनिज्म में दिलचस्पी थी, जिससे पर्सपेक्टिव और काइरोस्कोरो जैसी पेंटिंग टेक्नीक में नए डेवलपमेंट हुए। इस दौरान, लियोनार्डो दा विंची और माइकल एंजेलो बुओनारोती जैसे कई महान आर्टिस्ट उभरे। राफेल के काम में लियोनार्डो दा विंची और माइकल एंजेलो जैसे उनके कंटेंपरेरी लोगों के साथ-साथ पेरुगिनो जैसे पहले के मास्टर्स का भी असर दिखता है, जिन्होंने उन्हें उनकी अप्रेंटिसशिप के दौरान सिखाया था। उन्होंने उनकी स्टाइल को अपने यूनिक विजन के साथ मिलाया, जिससे ऐसी पेंटिंग्स बनीं, जो टेक्निकली परफेक्ट और इमोशनली एक्सप्रेसिव दोनों थीं।

## लोकायन

# परंपरा और उत्सव का संगम तिब्बती नव वर्ष लोसार

हमारा देश वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा का देश है। यहां सभी धर्म के त्योहार धूमधाम व सामूहिक रूप से मनाए जाते हैं। इसी प्रकार देश के कुछ प्रदेशों में तिब्बती नव वर्ष लोसार भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। भारत में अंग्रेजी नव वर्ष मनाना तो आम बात है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि हमारे देश में तिब्बती नव वर्ष लोसार भी व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। लोसर 18 फरवरी से मनाया जाएगा और इसका मुख्य उत्सव आमतौर पर तीन दिनों तक चलता है, लेकिन यह त्योहार 15 दिनों तक मनाया जाता है।

**क्या है लोसार उत्सव :** 'लोसार' दो तिब्बती शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें 'लो' का अर्थ 'नया' और 'सर' का अर्थ 'वर्ष' होता है। इस प्रकार इसका सामूहिक अर्थ 'नया साल' है। लोसार तिब्बत, नेपाल और भूटान का सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध त्योहार माना जाता है। भारत में यह मुख्य रूप से सिक्किम, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तिब्बती समुदायों और स्थानीय जनजातियों द्वारा मनाया जाता है। यह उत्सव जीवन के नवीनीकरण, समृद्धि और आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक है।



**सांस्कृतिक महत्व :** हालांकि लोसार को 'तिब्बती नव वर्ष' कहा जाता है, लेकिन इसकी जड़ें बौद्ध धर्म के आगमन से भी पहले की हैं। यह मूल रूप से 'बोन' परंपरा का हिस्सा था, जिसमें लोग सर्दियों के अंत में प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए पूजा करते थे। बाद में जब बौद्ध धर्म तिब्बत की मुख्य धारा बना, तो यह उत्सव आध्यात्मिक और धार्मिक रंगों में रंग गया। लोसार का मुख्य उत्सव आमतौर पर तीन दिनों तक चलता है, जबकि समूचा पर्व लगभग 15 दिनों तक मनाया जाता है। लोसार में साफ-सफाई को विशेष महत्व दिया जाता है। इसका पहला दिन 'लामा लोसार' कहलाता है, जिसमें घरों की पुताई और गहन सफाई की जाती है। पुरानी और अनुपयोगी वस्तुओं को हटाया जाता है। मान्यता है कि इससे घर में स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि का वास होता है। इस अवसर पर घरों की सजावट की जाती है और नई प्रार्थना-पताकाएं लगाई जाती हैं।

**तीन दिनों तक चलते हैं कार्यक्रम :** लोसार उत्सव के पहले दिन सूर्योदय से पूर्व ही मठों में शंखनाद गूंजने लगता है। लोग अपने गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। तिब्बती और लद्दाखी परिवार घरों में धार्मिक अनुष्ठान करते हैं, जिनमें दीप प्रज्वलन और बौद्ध मंत्रों का पाठ शामिल होता है। इस दिन तिब्बती लामा और उच्च गुरुओं की दीर्घायु के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं। दूसरा दिन 'ग्यालपो लोसार' अर्थात 'राजाओं का दिन' कहलाता है। यह दिन सामुदायिक मेल-मिलाप का प्रतीक होता है। ऐतिहासिक रूप से यह शासकों और उनके मंत्रियों के बीच संवाद का दिन रहा है। आज यह सार्वजनिक समारोहों, नृत्य-गीत और मेलों के रूप में मनाया जाता है। लद्दाख और धर्मशाला की सड़कों पर पारंपरिक परिधानों में सजे लोग एक-दूसरे को 'ताशी देलेक' कहकर नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं।

तीसरा दिन 'चो-क्योंग लोसार' यानी 'धर्म रक्षकों का दिन' होता है। इस दिन लोग पहाड़ियों और पर्वत चोटियों पर जाकर धूप (सांग) जलाते हैं और प्रार्थना-पताकाएं (लुंगटा) फहराते हैं। ये पताकाएं शांति, करुणा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती हैं।


**मुखौटा नृत्य (छम) :** लोसार उत्सव का सबसे आकर्षक और रोमांचक पक्ष मठों में होने वाला 'छम' या मुखौटा नृत्य है। यह नृत्य बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक होता है। रंग-बिरंगे रेशमी वस्त्रों और भव्य मुखौटों में सजे लामा जब नृत्य करते हैं, तो दर्शकों को एक अलग ही आध्यात्मिक संसार का अनुभव होता है।

# मिस्र में मिले शैलचित्र का भारतीय संदर्भ में महत्व

मिस्र के दक्षिणी सिनाई स्थित उम्म अरक पठार पर लगभग 10,000 वर्ष पुराने शैलचित्रों की खोज ने प्रागैतिहासिक कला के वैश्विक इतिहास को नए सिरे से देखने का अवसर दिया है। देखा जाए तो यह हालिया पुरातात्विक खोज केवल मिस्र की सांस्कृतिक धरोहर का विस्तार नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आरंभिक कलात्मक बोध की एक साझा विरासत की ओर संकेत करती है। भारतीय संदर्भ में देखें तो यह खोज विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो उठती है, क्योंकि भारत में भी शैलकला की समृद्ध और प्राचीन परंपरा विद्यमान है।


सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

भारत में मध्य प्रदेश के भीमबेटका शैलाश्रय विश्वप्रसिद्ध प्रागैतिहासिक शैलचित्रों का केंद्र है, जिन्हें यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है। भीमबेटका की गुफाओं में मानव आकृतियां, शिकार के दृश्य, पशु-पक्षियों की छवियां और सामुदायिक जीवन के संकेत मिलते हैं। आश्चर्यजनक रूप से उम्म अरक के शैलचित्रों में भी समान प्रकार की विषयवस्तु- शिकार, पशु आकृतियां और प्रतीकात्मक चिह्न दिखाई देते हैं। यह समानता इस तथ्य को रेखांकित करती है कि भिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में रहते हुए भी प्रारंभिक मानव समुदायों की संवेदनाएं और अभिव्यक्तियां कहीं न कहीं एक-दूसरे से जुड़ी हुई थीं।



उम्म अरक के चित्रों में जंगली पशुओं और मानव समूहों के दृश्य उस समय की पर्यावरणीय और सामाजिक संरचना का संकेत देते हैं। इसी प्रकार भीमबेटका तथा भारत के अन्य शैलचित्र स्थलों में भी सामुदायिक गतिविधियों, अनुष्ठानों और प्रकृति से गहरे संबंध का बोध मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शैलकला केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं थी, बल्कि यह जीवनयापन, आस्था और सामाजिक संगठन का दस्तावेज भी थी। भारतीय परिप्रेक्ष्य में शैलचित्रों को केवल 'कला' के रूप में नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्मृति के रूप में भी देखा जाता है। वे उस समय के मनुष्य के मानस, उसकी आशंकाओं, आकांक्षाओं और आध्यात्मिक अनुभवों का दृश्य लेखा हैं। मिस्र के उम्म अरक की खोज इस वैश्विक मान्यता को पुष्ट करती है कि मानव रचनात्मकता की जड़ें अत्यंत प्राचीन और सार्वभौमिक हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु जलवायु और पर्यावरणीय परिवर्तन का है। उम्म अरक के चित्र संकेत देते हैं कि दक्षिणी सिनाई क्षेत्र कभी अधिक हरित और जीवनोपयोगी रहा होगा। इसी प्रकार भारत के कई शैलचित्र स्थल भी ऐसे क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां आज का पर्यावरण अतीत की तुलना में बिल्कुल भिन्न है। इस प्रकार शैलचित्र केवल कला-इतिहास नहीं, बल्कि पर्यावरणीय इतिहास के अध्ययन के लिए भी महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

भारतीय कला-दर्शन की दृष्टि से यदि देखें तो 'मंडल', 'चक्र' और 'सृष्टि-चेतना' जैसे प्रतीक, जो बाद की सभ्यताओं में विकसित हुए, उनकी आदिम जड़ें भी संभवतः इन्हीं प्रारंभिक प्रतीकात्मक अभिव्यक्तियों में निहित रही होंगी। दरअसल शैलचित्रों की वृत्तात्मक रचनाएं और समूह-आकृतियां सामूहिकता और ब्रह्मांडीय व्यवस्था की प्रारंभिक समझ का संकेत देती हैं। उम्म अरक की यह खोज भारत सहित विश्व के अन्य प्रागैतिहासिक स्थलों के तुलनात्मक अध्ययन की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। इससे यह समझ विकसित होती है कि मानव सभ्यता का विकास किसी एक भूभाग की कहानी नहीं, बल्कि एक साझा मानवीय यात्रा है।

अतः मिस्र के दक्षिणी सिनाई में मिले ये 10,000 वर्ष पुराने शैलचित्र भारतीय शैलकला की परंपरा के साथ संवाद स्थापित करते हैं। हमें यह स्मरण कराते हैं कि मानवता की सांस्कृतिक स्मृति सीमाओं से परे हैं। ऐसे में चाहे वह सिनाई का पठार हो या भीमबेटका की गुफाएं, कला मनुष्य की सार्वभौमिक भाषा रही है, जो समय, भूगोल और संस्कृतियों को जोड़ती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,450.96 | 25,725.40 |
| बढ़त | 173.81 | 42.65 |
| प्रतिशत में | 0.21 | 0.17 |

**सोना** प्रति 10 ग्राम: 1.57 लाख

**चांदी** प्रति किलो : 2.45 लाख

अमृत विचार

बरेली, बुधवार, 18 फरवरी 2026

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2565, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2395, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2115, जय जवान 2080, सचिन 2085, सूरज 2080, अवसर 1940, उजाला 2060, गृहणी 13 kg 1930, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2275, चक्र टिन 2330, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2520

**किराना**–महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100

**चावल** – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी** पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

**बरेली सर्राफा** – ( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड (पक्के जेवर) 157200, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 153200, सिल्वर ( पक्की) 2440 (अनुमानित )

# रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का आधार तैयार कर रहा है भारत: राजनाथ

### देश के कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान एक-चौथाई पर पहुंचा

**बेंगलुरु, एजेंसी**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए मंगलवार को कहा कि इससे आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण क्षेत्र का आधार तैयार हो रहा है। राजनाथ ने मंगलवार को यहां वेमगल में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयर बस के संयुक्त हेलीकॉप्टर विनिर्माण संयंत्र की असेंबली लाइन के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश के कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान बढ़कर आज लगभग एक-चौथाई पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव रक्षा विनिर्माण के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर आधार तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस संयंत्र में एयरबस से एच125 हेलीकॉप्टर और उसके सैन्य संस्करण एच125एम हेलीकॉप्टर का निर्माण होगा। अगले साल के मध्य तक संयंत्र में बने पहले हेलीकॉप्टर के रोल आउट और उड़ान भरने की उम्मीद है।

इस संयंत्र को शुरू से ही यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) का प्रमाणन प्राप्त होगा जो वैश्विक स्तर पर दो प्रमुख प्रमाणनों में शामिल है। असेम्बली लाइन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युअल मैक्रां ने मुंबई से वर्चुअल माध्यम से किया। वेमगल में रक्षा मंत्री सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू, फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वैट्रिन के अलावा टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयरबस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। आयुध कारखानों के निजीकरण, औद्योगिक लाइसेंसिंग में उदारीकरण, निजी निर्माताओं को नीतिगत समर्थन और रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना जैसी पहलों का जिक्र करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इन सुधारों ने निजी कंपनियों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराकर तथा उत्पादन में नवाचार, प्रतिस्पर्धा और दक्षता को बढ़ावा दिया है जिससे रक्षा क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में रक्षा निर्यात में कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे देश वैश्विक स्तर पर उभरते रक्षा निर्यातकों में शामिल हो गया है। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा सहायक उद्योगों के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप, रक्षा उत्पादन में संलग्न एमएसएमई की संख्या बढ़कर 16,000 से अधिक हो गयी है। अब कई विदेशी कंपनियां भारतीय कंपनियों से महत्वपूर्ण पुर्जे खरीद रही हैं।

## असम सरकार ने 62,294.78 करोड़ का अंतरिम बजट किया पेश

**गुवाहाटी, एजेंसी:** असम की वित्त मंत्री अजंता नियोग ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 62,294.78 करोड़ रुपये का अंतरिम बजट विधानसभा में मंगलवार को पेश किया।

राज्य में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनाव से पहले अपना अंतिम बजट पेश करते हुए नियोग ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार इस समय असम देश का सबसे तेजी से बढ़ने वाला राज्य है।

उन्होंने कहा कि मैं वित्त वर्ष 2026-27 के शुरुआती महीनों के लिए अनुदान मांगों पर लेखानुदान (वोट ऑन अकाउंट) प्रस्तुत कर रही हूं, जिसकी राशि 62,29,478.30 लाख रुपये है ताकि पूर्ण बजट आने तक सरकार सामान्य सेवाएं जारी रख सके।

## एयर इंडिया, लुफ्थांसा कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी**

एयर इंडिया और लुफ्थांसा समूह ने आपसी सहयोग को और आगे बढ़ाते हुए एक-दूसरे के यात्रियों के लिए भारत और यूरोप में साझा कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता हाल ही में संपन्न ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाने के उद्देश्य से किया गया है।

इसके तहत एयर इंडिया और जर्मनी के लुफ्थांसा समूह की विमान सेवा कंपनियों और सहायक कंपनियों - एयर इंडिया एक्सप्रेस, ऑस्ट्रियन एयरलाइंस, ब्रसेल्स एयरलाइंस, आईटीए एयरवेज, लुफ्थांसा, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइंस और अन्य संबद्ध एयरलाइंस समेत - के बीच संयुक्त व्यावसायिक समझौते की रूपरेखा तय की गयी है।

एयर इंडिया और लुफ्थांसा समूह के बीच एक कोडशेयर समझौता पहले से है। दोनों स्टार एलायंस के सदस्य हैं। यह करार दोनों पक्षों को भारत और प्रमुख यूरोपीय बाजारों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के विकल्प तलाशने में सक्षम बनायेगा। एमओयू पर एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन और लुफ्थांसा समूह के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्स्टन श्पोर ने हस्ताक्षर किये। अभी इस समझौते को नियामकीय मंजूरियां मिलनी शेष हैं। दोनों पक्ष चयनित बाजारों में मार्ग योजना और उड़ान समय-सारिणी का समन्वय, संयुक्त बिक्री, विपणन और वितरण पहल पर सहयोग कर सकते हैं।

## दुपहिया की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 2.9 करोड़ के पार होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जायेगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आयी तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बिक्री बढ़ने और प्रीमियम सिगमेंट की तरफ ग्राहकों के झुकाव से राजस्व में भी स्थिर वृद्धि की संभावना है।

दुपहिया बाजार में 95 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाली छह कंपनियों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर क्रिसिल ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-26 में दो विपरीत कहानियां देखने को मिलीं।

## नेशनल स्माल इंड. कार्पोरेशन अनुसूची ए उपक्रम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी:** सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के संवर्धन में लगे केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय के उपक्रम नेशनल स्माल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन लि. (एनएसआईसी) को अनुसूची ए के केंद्रीय उपक्रम का दर्जा दिया गया है।

उच्च स्तर का कार्य प्रदर्शन करने वाले केंद्रीय उद्यम इस श्रेणी में रखे जाते हैं। एनएसआईसी को अभी तक अनुसूची बी में रखा गया था।

## ओसलो में नार्वे के वित्त मंत्री से मिलीं सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- स्वच्छ ऊर्जा, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा


सीतारमण

वित्त और कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे की अपनी यात्रा के दौरान ओस्लो में वहां के वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग से मुलाकात की और स्वच्छ ऊर्जा तथा दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी यहां सोमवार देर रात जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्रीमती सीतारमण के साथ इस मुलाकात में श्री स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश और प्रगति के बहुत सारे अवसर देती है।

दोनों नेताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर पैनल से बिजली तैयार करने, दुर्लभ खनिजों के प्रसंस्करण , वायुमंडल से कार्बन अवशोषण और संग्रह में दोनों देशों के बीच सहयोग पर चर्चा की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने भारत और नार्वे सहित चार देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टेपा) का पूरा फायदा उठाने के कदम उठाने पर सहमति जतायी है। स्टोल्टेनबर्ग ने श्रीमती सीतारमण से कहा कि नार्वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा का इंतजार कर रहा है। मोदी इस साल के आखिर में नार्वे जाने वाले है और उम्मीद है कि इससे भारत -नॉर्वे के बीच सहयोग का विस्तार होगा। वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने ओसलो में नॉर्वे की संसद की वित्त समिति की अध्यक्ष तुवा मोफ्लैग, ईएफटीए समिति की उप प्रमुख ट्राइन लिसे सुंडनेस और संसद में नार्वे-भारत मैत्री समूह के प्रमुख हिमांशु गुलाटी से बातचीत की। श्रीमती सीतारमण ने नार्वे के इन नेताओं के साथ भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (ईएफटीए) के साथ हुए व्यापार समझौते का पूरा लाभ उठाये जाने के विषय में भी वार्ता की। चार यूरोपीय देशों के व्यापार समूह ईएफटीए में नार्वे भी शामिल है।

## हल्द्वानी मंडी

दाम प्रति क्विंटल में

**चावल :** शरबती- 3800मसूरी- 1200 बासमती- 8000-9200 परमल- 2000-4400

**दाल दलहन**–काला चना- 2200-3400 साबुत चना दाल- 1200 मूंग साबुत- 5200 राजमा- 9200-12400 दाल उड़द- 7000 साबुत मसूर दाल- 3800 मसूर दाल- 1400 उड़द साबुत- 10000 काबुली चना- 7200-10200 अरहर दाल- 10200 -12000 लोबिया/करमानी- 2000-4200

## मारुति ने शुरू की ई-विटारा की बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी :** देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी ने मंगलवार को अपने एसयूवी विटारा के इलेक्ट्रिक संस्करण ई-विटारा की घरेलू बाजार में बिक्री शुरू कर दी।

# आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स मजबूत, निफ्टी 42 अंक लाभ में

**मुंबई, एजेंसी**

**स्थानीय** शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 42 अंक मजबूत हुआ। बैंक, आईटी और पूंजीगत वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 प्रतिशत चढ़कर 83,450.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,598 अंक तक गया तथा नीचे में 82,987.43 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 25,725.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे।



दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांकों में भी मजबूती देखी गई। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.49 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजारों में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। आईटी क्षेत्र में भारी गिरावट के बाद, वैश्विक एआई साझेदारों के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणाओं के बाद चुनिंदा शेयरों में तेजी से खरीदारी देखने को मिली।

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,447 लाभ में रहे, जबकि 1,756 में गिरावट रही। वहीं 149 के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,52,688.24 करोड़ रुपये बढ़कर 4,70,11,313.57 करोड़ (5,180 अरब डॉलर) हो गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के संपत्ति प्रबंधन के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि हाल ही में आई तेज गिरावट के बाद आईटी शेयरों में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इन्फोसिस द्वारा एंथ्रोपिक के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा के बाद इस क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना, जिससे एआई-आधारित व्यवधान को लेकर चिंताएं कम हुई हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बैठक से पहले रक्षा शेयरों में 1.3 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, क्योंकि अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद पर संभावित चर्चा की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की नुकसान में रहा, जबकि चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख है।

## अत्याति टेक्नोलॉजीज का 154 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी बीएलएस ई-सर्विसेज

**नयी दिल्ली, एजेंसी:** बीएलएस ई-सर्विसेज ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी अत्याति टेक्नोलॉजीज लि. का 154 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा की है। सरकारों और वित्तीय संस्थानों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाली बीएलएसई ई-सर्विसेज ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण पूरी तरह से नकद में होगा और इसके 31 मार्च, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह सौदा नियामक प्राधिकरणों, शेयरधारकों तथा अन्य मंजूरी पर निर्भर है।



## मंत्री की टिप्पणी के बाद कर्नाटक में नेतृत्व विवाद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर लंबे समय से जारी विवाद मंगलवार को उस समय और गहरा गया, जब राज्य के समाज कल्याण मंत्री एचसी महादेवप्पा ने आवारा कुत्तों पर उच्च न्यायालय की टिप्पणी का हवाला देते हुए एक विवादित बयान दिया। शिवकुमार सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और विपक्षी सदस्यों ने महादेवप्पा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। महादेवप्पा ने सोमवार को मैसुरु में संवाददाताओं से बातचीत में शीर्ष स्तर पर बदलाव की संभावनाओं को खारिज करते हुए कहा था कि नेतृत्व के मुद्दे पर कहां चर्चा हो रही है? उच्च न्यायालय बार-बार कहता है कि आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय केंद्रों में बंद करो। यहां राजनीतिक नेतृत्व मजबूत है। जब महादेवप्पा से यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया कि उनका इशारा किस ओर था, तो उन्होंने कहा कि वह केवल उच्च न्यायालय की टिप्पणियों का हवाला दे रहे थे।

मंत्री ने कहा कि मैं सिर्फ उच्च न्यायालय की ओर से की गई टिप्पणी का जिक्र कर रहा था। मुझे नहीं पता कि आप लोग इसकी व्याख्या कैसे करते हैं।

# प. बंगाल में पांच निर्वाचन अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट

**कोलकाता, एजेंसी**

- निर्वाचन आयोग ने छह माह पहले आदेश दिया था

पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग के अल्टीमेटम पर कार्रवाई करते हुए राज्य में विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची संशोधन को लेकर कथित गंभीर चूक और डेटा सुरक्षा नीतियों के उल्लंघन के आरोप में राज्य सरकार के पांच कर्मचारियों के खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज की। इन कर्मचारियों में दो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और दो सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) भी शामिल हैं। यह कार्रवाई आयोग द्वारा राज्य को आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले शुरू करने का निर्देश दिये जाने के छह महीने बाद की गई।

निर्वाचन आयोग द्वारा शाम पांच बजे की निर्धारित समयसीमा से महज कुछ ही घंटे पहले पुलिस में शिकायतें दर्ज कराई गईं। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के बीच हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार अपने सभी कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और इस कदम को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए । आरोपी कर्मियों पर दक्षिण 24 परगना जिले के बरुईपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र और पूर्वी मेदिनीपुर के मोयना विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों में सौ से अधिक फर्जी नाम जोड़ने का आरोप है।

आयोग ने पिछले साल अगस्त में कथित पेशेवर कदाचार का पता चलने के बाद राज्य सरकार को पांचों अधिकारियों को निलंबित करने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। इन पांच अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने प्रवेश संकेत अनधिकृत व्यक्तियों के साथ साझा किए, जिससे मतदाता सूची में नाम जोड़े जा सके और उन्होंने अनिवार्य कर्तव्यों का पालन नहीं किया। इन अधिकारियों में देबोत्तम दत्ता चौधरी और तथागत मंडल (बरुईपुर पूर्व के ईआरओ और एईआरओ), बिप्लब सरकार और सुदीप्त दास (मोयना के ईआरओ और एईआरओ) तथा सुरजीत हलदर (अस्थायी डाटा प्रविष्टि संचालक) शामिल हैं। हालांकि, राज्य सरकार ने अधिकारियों को निलंबित कर दिया था, लेकिन शुरुआत में उसने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। सरकार का कहना था कि ये कार्य 'अनजाने में हुई गलतियां' थीं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 का हवाला देते हुए आयोग ने राज्य के रुख को खारिज कर दिया, जनवरी में अनुस्मारक जारी किए और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए 17 फरवरी की समय सीमा निर्धारित की।

### ममता ने निर्वाचन आयोग को तुगलकी आयोग बताया



कोलकाता, एजेंसी : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग को एक राजनीतिक दल द्वारा संचालित तुगलकी आयोग करार दिया और राज्य की मतदाता सूचियों में व्यापक हेरफेर का आरोप लगाया। राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला पदाधिकारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटवा दिए। निर्वाचन आयोग उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहा है, मतदाताओं को निशाना बना रहा है और लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है।" मतदाता सूची से नाम हटाने के मुद्दे पर उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निर्देश पर निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि तार्किक विसंगतियों का हवाला देते हुए, यह लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों के साथ आतंकियों की तरह बर्ताव कर रहा है।

## सुनेत्रा पवार राकांपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनीं गयीं

**नई दिल्ली,एजेंसी:** महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। उनकी नियुक्ति पर औपचारिक मुहर 26 फरवरी को होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लगायी जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बैठक के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव रखा। वहां मौजूद सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया

## फारूक ने शांति को एकता की अपील की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने देश से केंद्र-शासित प्रदेश के लोगों की शांति और गरिमा के लिए लड़ाई में एकजुट होने की मंगलवार को अपील की। अब्दुल्ला केरल राज्य योजना आयोग की ओर से यहां विकास और लोकतंत्र के विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी विजन-2031 के समापन समारोह में बोल रहे थे।

अब्दुल्ला के भावपूर्ण संबोधन को ध्यानपूर्वक सुन रहे मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सीट पर लौटने पर उन्हें गर्मजोशी से गले लगाया। अब्दुल्ला ने कहा कि हम आपकी ओर देखते हैं और मन ही मन कहते हैं, अल्लाह! तू कब जागेगा, ताकि हम भी आजादी से चल सकें, आजादी से बोल सकें, आजादी से सोच सकें। यही तो लोकतंत्र है-लोगों का, लोगों के लिए, लोगों द्वारा हमारे बच्चे और हमारे लोग, जिन्होंने दुख झेला है, वे आज भी उत्तर में दुख झेल रहे हैं। हां, उन्हें पाकिस्तानी कहकर पुकारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हमारे बच्चों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। यह सब कब खत्म होगा? नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के वरिष्ठ नेता ने नम आंखों और रुंधे गले से कहा कि दक्षिण अब भी उन सांप्रदायिक ताकतों से मुक्त है, जो देश को बांटने की कोशिश कर रही हैं।



उन्होंने कहा कि मैंने 90 साल की उम्र में यह यात्रा इसलिए की, ताकि आप सभी से कह सकूं कि हमारे बारे में सोचें, हमारे लिए प्रार्थना करें।

## अमेरिका को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने का करार

**नई दिल्ली,एजेंसी:** भारतीय चावल निर्यातक महासंघ के एक सदस्य ने अमेरिका में एक खरीदार को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने के लिए व्यवसायिक समझौता किया है। महासंघ ने कहा कि यह एक अहम घटनाक्रम है क्योंकि यह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिये जाने के बाद आया है, जिसके तहत अमेरिका भारतीय सामान पर मौजूदा 25 प्रतिशत शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत तक करने पर सहमत हो गया है।

# कामरा विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए

**शिंदे के खिलाफ टिप्पणी**

**मुंबई, एजेंसी**

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपनी कथित अपमानजनक टिप्पणियों के सिलसिले में मंगलवार को राज्य विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए। हालांकि, समिति के अध्यक्ष प्रसाद लाड ने बताया कि मुख्य शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई 10 मार्च के लिए स्थगित कर दी गई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता सुषमा अंधारे भी समिति के समक्ष पेश हुईं।

कामरा और अंधारे ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि सुनवाई के दौरान उनके बयान दर्ज नहीं किए गए, क्योंकि मुख्य शिकायतकर्ता भाजपा नेता प्रवीण दारेकर अनुपस्थित थे। शिवसेना की इस धमकी के बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें मुंबई आने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, कामरा ने कहा कि वह सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लाड के मुताबिक, "कामरा ने समिति को बताया कि वह अपना बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। हालांकि, शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में उनका बयान दर्ज करना उचित नहीं होता। इसलिए यह तय किया गया कि दोनों पक्षों के बयान एक ही दिन दर्ज किए जाएंगे।

दारेकर से चर्चा के बाद 10 मार्च को शाम चार बजे सुनवाई करने का फैसला लिया गया।" अंधारे ने पिछले साल हुई उस घटना का जिक्र किया, जिसमें उस स्टूडियो में तोड़फोड़ की गई थी, जहां कामरा ने अपनी प्रस्तुति के दौरान शिंदे के ऊपर एक पैरोडी गीत गाया था। शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा, "हम जानना चाहते थे कि हमारे खिलाफ क्या आरोप हैं।" दारेकर ने शिवसेना प्रमुख शिंदे के खिलाफ "अपमानजनक टिप्पणी" करने के लिए कामरा और अंधारे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। दारेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता हैं, जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति की एक घटक है। अपने सत्ता-विरोधी विचारों के कारण अक्सर विवादों में घिरे रहने वाले कामरा ने पिछले साल एक पैरोडी गीत में शिंदे को निशाना बनाया था और उन्हें परोक्ष रूप से "गद्दार" कहा था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पटकथा लेखक सलीम खान अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** वरिष्ठ पटकथा लेखक सलीम खान को मंगलवार को मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया। सलीम खान ने जावेद अख्तर के साथ मिलकर शोले, दीवार और डॉन जैसी सुपरहिट फिल्में लिखी हैं। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि 90 वर्षीय पटकथा लेखक को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। पटकथा लेखक के स्वास्थ्य स्थिति के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। खान के बेटे सुपरस्टार सलमान खान, बेटी अलवीरा और दामाद अतुल अग्निहोत्री और आयुष शर्मा को अस्पताल में जाते हुए देखा गया।

### हंगरी-अमेरिका में परमाणु समझौता

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमेरिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गयी छूट, दोनों मिलकर हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों के साथ खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है।

### हॉकी मैच के दौरान गोलीबारी में तीन मरे

**आइलैंड।** रोड आइलैंड में एक हॉकी मैच के दौरान सोमवार को हुई गोलीबारी में संदिग्ध समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पॉटकेट की पुलिस प्रमुख टीना गोंकाल्वेस ने संवाददाताओं से कहा कि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह लक्ष्य बनाकर की गई गोलीबारी थी। इसका कारण संभवत: कोई पारिवारिक विवाद है। गोंकाल्वेस ने संदिग्ध के बारे में या मारे गए लोगों की उम्र के बारे में विवरण नहीं दिया लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि संदिग्ध के अलावा मारे गए अन्य दो लोग वयस्क थे।

### स्पेन में इमारत में आग लगने से पांच की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्व स्पेन की एक रिहायशी इमारत में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य मामूली रूप से झुलस गए। क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं ने सोमवार देर रात यह जानकारी दी। अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि बार्सिलोना के उत्तर में स्थित मैनलेउ में पांच मंजिला इमारत के भंडारण कक्ष में आग लगी थी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पीड़ित इमारत से बाहर क्यों नहीं निकल पाए। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण का भी अभी पता नहीं चला है।

### जेसी जैक्सन का 84 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुज़र गए। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था।

# डीपफेक पर ज्यादा कड़े नियमों की जरूरत

## केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, उद्योग जगत से सरकार की बातचीत जारी

- मंत्री बोले-सभी को देश के कानूनी ढांचे का पालन करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि डीपफेक की समस्या तेजी से बढ़ रही है और बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए इससे निपटने के वास्ते कहीं अधिक कड़े नियमों की जरूरत है। डीपफेक, कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार की गई ऐसी तस्वीरें व वीडियो होती हैं जो नकली होने के बावजूद असली प्रतीत होती हैं। उन्होंने बताया कि सरकार मौजूदा प्रावधानों से आगे अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लेकर उद्योग जगत से परामर्श शुरू कर चुकी है।

मंत्री ने कहा कि डीपफेक और उम्र आधारित प्रतिबंधों से निपटने को लेकर सोशल मीडिया मंचों से बातचीत जारी है, ताकि इस मुद्दे पर सबसे उपयुक्त तरीके से निपटा जा सके। मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी चाहे वह नेटफ्लिक्स, यूट्यूब, मेटा या एक्स हो, सभी को देश के कानूनी ढांचे और संविधान का पालन करना होगा। वैष्णव ने कहा कि डीपफेक की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और इससे निपटने के लिए कड़े नियमन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि डीपफेक पर कहीं ज्यादा कड़े नियम चाहिए। यह समस्या रोजाना बढ़ती जा रही है। बच्चों और समाज को इनसे होने वाले नुकसान से बचाना बेहद जरूरी है हमें पहले से मौजूद नियमों के अतिरिक्त नियमन चाहिए, इस पर उद्योग जगत के साथ बातचीत शुरू की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि संसदीय समिति ने भी इस विषय पर गहराई से गौर किया है। एआई इम्पैक्ट समिट से इतर संवाददाता सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि हमें डीपफेक पर बेहद कड़े नियम बनाने होंगे और संसद के भीतर इस पर व्यापक सहमति बनानी होगी, ताकि समाज को इन खतरों से सुरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा कई देशों ने उम्र आधारित प्रतिबंधों की आवश्यकता को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा कि यह ऐसी बात है जिसे कई देशों ने माना है कि उम्र आधारित नियमन होना चाहिए। यह हमारे डेटा संरक्षण कानून का भी हिस्सा था जब हमने छात्रों और युवाओं के लिए उपलब्ध सामग्री में उम्र के आधार पर अंतर तय किया था। उसी समय हमने यह दूरदर्शी कदम उठाया था। केंद्रीय मंत्री ने साथ ही कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट में संप्रभु एआई मॉडल उपलब्ध कराए गए हैं और सरकार इन्हें व्यापक रूप से सभी के लिए उपलब्ध कराने को एक विशाल अवसंरचना तैयार करने की योजना बना रही है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि संप्रभु मॉडल वैश्विक स्तर के बड़े एआई मॉडल के सभी मानकों पर खरे उतरे हैं। वैष्णव ने कहा कि यहां संप्रभु मॉडल पेश किए गए हैं। आप जाकर देख सकते हैं कि वैश्विक मानकों पर वे कैसे खरे उतरते हैं। आने वाले समय में, एआई मिशन 2.0 के लिए संप्रभु मॉडल के लिए एक विशाल बुनियादी ढांचा तैयार करने की आवश्यकता होगी।



नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में जानकारी के लिए विभिन्न स्टालों पर उमड़े लोग।

### पहले दिन हुई असुविधा पर जताया खेद

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के पहले दिन लंबी कतारों और भारी भीड़ से उपस्थित लोगों को हुई असुविधा के लिए मंगलवार को खेद जताया और कहा कि सम्मेलन का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए आयोजक दल लगातार काम कर रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि शिखर सम्मेलन आयोजक दल, लोगों की बात सुनने को तैयार हैं और मुद्दों के तुरंत समाधान के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि आपकी जो भी प्रतिक्रिया है, कृपया हमारे साथ साझा करें। हम खुले विचारों वाले हैं। हमने एक 'वॉर रूम' बनाया है...कोई भी समस्या हो, कृपया हमें बताएं। हम निश्चित रूप से इसे आसान बनाने और आप सभी के लिए इसे और अधिक सुविधाजनक बनाने के प्रयास करेंगे। वैष्णव ने कहा, अगर कल किसी को कोई समस्या हुई हो, तो उसके लिए मुझे खेद है। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### समिट में शामिल होना न होना व्यक्तिगत निर्णय

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होना या न होना किसी की व्यक्तिगत पसंद का विषय है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में जेन्सेन हुआंग जैसे प्रौद्योगिकी जगत के कुछ दिग्गजों के शामिल न होने के सवाल पर मंत्री ने यह टिप्पणी की। मंत्री ने साथ ही कहा कि भारत, कृत्रिम मेधा के उचित एवं नैतिक उपयोग पर वैश्विक नेताओं के बीच आम सहमति बनाने का प्रयास कर रहा है। देश के सबसे बड़े वैश्विक कृत्रिम मेधा आयोजनों में शामिल इस शिखर सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के दिग्गज एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ एकत्र हुए हैं और कृत्रिम मेधा में नवाचार, संचालन व्यवस्था और वास्तविक उपयोगों पर मंथन कर रहे हैं। वैष्णव ने बताया कि एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कुछ बेहद जरूरी काम के कारण अपने न आने की जानकारी दी थी।

### एआई सम्मेलन में हिस्सा लेंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** गेट्स फाउंडेशन इंडिया ने कहा है कि अमेरिकी व्यापार दिग्गज बिल गेट्स यहां चल रहे एआई इंपैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे। फाउंडेशन के इस ऐलान से उन खबरों पर विराम लग गया है जिनमें कहा गया था कि गेट्स इस सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। फाउंडेशन ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि वह सम्मेलन में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपना मुख्य भाषण देंगे। फाउंडेशन ने अपनी पोस्ट में कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी देश है, जिसके पास दुनिया के सबसे बड़े प्रतिभाशाली विशेषज्ञों का समूह है। विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से इसे अपनाने और बड़े पैमाने पर नवाचार की शक्ति भारत के पास है।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में एआई के प्रयोग में नैतिकता महत्वपूर्ण

- एआई इंपैक्ट सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभावी इस्तेमाल में नैतिकता की भूमिका बेहद अहम होगी। सरकार के बहुभाषी एआई इंजन भारतजेन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसी भी नयी पहल या उभरती तकनीक के प्रारंभिक चरण में ही आगे आकर भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का अधिकतम और सही उपयोग सुनिश्चित करने में नैतिक मानदंडों की भूमिका बेहद अहम होगी। वह एआई इम्पैक्ट समिट के एक सत्र में बोल रहे थे। सिंह ने कहा कि भारतजेन सरकारी स्वामित्व



वाला संप्रभु मॉडल है, लेकिन निजी क्षेत्र में भी डिजिटल स्वास्थ्य और डिजिटल केस हिस्ट्री जैसे मॉडल पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में हमें भी एकीकृत होना पड़ेगा। न तो वे अकेले काम कर सकते हैं, न ही हम। इसलिए, हमें तैयार रहना होगा। अक्टूबर 2024 में शुरू की गई भारतजेन एक सरकारी परियोजना है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी एआई मॉडल विकसित करना है।

# विश्व समुदाय के एजेंडे में भारत का योगदान अहम

- एआई समिट संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस की टिप्पणी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे में भारत का स्थायी योगदान हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक स्तर पर बढ़ती और सशक्त होती भूमिका एक सकारात्मक मेगा ट्रेंड के रूप में उभर रही है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ये टिप्पणियां कृत्रिम मेधा पर ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाले पहले शिखर सम्मेलन इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना होने से पहले कीं। गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों के सभी पहलुओं में भारत एक अत्यंत अहम शक्ति बन गया है। मुझे भारत द्वारा आयोजित जी20 की अध्यक्षता याद है जहां बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। गुतारेस ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश के रूप में मानवाधिकारों के मामले में भी भारत अहम शक्ति बन गया है, वो भी ऐसी दुनिया में जहां हम लोकतंत्र को संकट में देखते हैं।

# भारत अपने वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा

- वैश्विक आर्थिक कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

मुंबई, एजेंसी

विदेशमंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत अंतराष्ट्रीय साझेदारों के साथ मजबूत स्थिति में अधिक गहनता से जुड़ रहा है। उन्होंने देश के बढ़ते आर्थिक प्रभाव के प्रमाण के रूप में हाल ही में हुए कई व्यापार समझौतों का हवाला दिया। उन्होंने वैश्विक आर्थिक सहयोग सम्मेलन में अपने संबोधन में अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते सहित कई बड़े सौदों की सफल चर्चा पर प्रकाश डाला। वैश्विक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम का आयोजन भविष्य आर्थिक सहयोग परिषद द्वारा विदेश मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से किया जाता है।

वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को शायद हाल के समय में सबसे अस्थिर बताते हुए, मंत्री ने कहा कि दुनिया उत्पादन और वित्त के हथियारीकरण के साथ-साथ निर्यात नियंत्रणों को कड़ा करने और अस्थिर बाजार परिवर्तनों की गवाह बन रही है। उन्होंने कहा कि स्थापित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से बदल रही है, इसके विकल्प तैयार करना मुश्किल है और ऐसा प्रतीत होता है कि हम एक अनिश्चितता के लंबे दौर की ओर बढ़ रहे हैं। यह दौर अव्यवस्थित, जोखिम भरा, अप्रत्याशित और शायद खतरनाक भी होगा। मंत्री ने कहा कि लंबे समय से बरकरार धारणाएं और अपेक्षाएं अब सवालों के घेरे में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख आयाम एक साथ बदल रहे हैं, भले ही वह रणनीतिक हो, राजनीतिक हो, आर्थिक हो या प्रौद्योगिकी हो। उन्होंने कहा कि जोखिम कम करने और कई क्षेत्रों में विविधता लाने में समाधान निहित हैं तथा यह दृष्टिकोण राष्ट्रों की नीति में तेजी से दिखाई दे रहा है। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि सुधार एक्सप्रेस लगातार जारी रहेगी। विदेश मंत्री ने कहा कि मजबूत स्थिति में भारत अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा है। हाल में हुए व्यापार समझौतों में यह बात स्पष्ट रूप से देखी गई। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुरक्षा को मजबूत आत्मनिर्भरता और अधिक भरोसेमंद साझेदारों के माध्यम से ही बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की हाल में घोषणा की।

### अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है दुनिया




जयशंकर ने कहा कि दुनिया एक अस्थिर और अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है, जो हमारे जीवनकाल में संभवत: सबसे अधिक उथल-पुथल भरा युग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेवाओं, प्रौद्योगिकी, कौशल और ज्ञान के क्षेत्र में उत्पादन के वैश्विक समीकरण में भारत की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका हर कीमत पर पुन: औद्योगीकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है और यह प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसके भविष्य के लिए अहम महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर चीन का लगातार ध्यान है तथा इसमें संभवत: और भी विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा तेज और ध्रुवीकृत होती जा रही है, ऊर्जा व्यापार के प्रवाह में महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है और नए दृष्टिकोण सैन्य तरीके अपनाने सहित अधिक जोखिम को बढ़ावा दे रहे हैं।

# ट्रंप को जिनेवा में ईरान से समझदारी की उम्मीद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर जून 2025 में हुए हमलों का ज़िक्र करते हुए कहा है कि जिनेवा में होने वाली बैठक में ईरान से समझदारी की उम्मीद है।

ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को जिनेवा में होने वाली उच्च स्तरीय परमाणु वार्ता में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने फोर्दो, इस्फहान और नतांज पर हुए अमेरिकी हमलों का उल्लेख करते हुए ईरान से बातचीत के दौरान तर्कसंगत रुख अपनाने की अपील की। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैं इन वार्ताओं में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहूंगा और ये बेहद महत्वपूर्ण होंगी। मुझे उम्मीद है कि वे (ईरान) अधिक तर्कसंगत होंगे।

जिनेवा बैठक में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जेरेड कुशनर के शामिल होने की संभावना है। समझौते की संभावनाओं पर ट्रंप ने कहा कि ईरान पारंपरिक रूप से कड़ा रुख अपनाता रहा है, लेकिन पिछले वर्ष अमेरिकी हमलों से उसने सबक लिया है और अब वार्ता के लिए अधिक इच्छुक है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि वे समझौता न करने के परिणाम चाहते हैं।

### तीन घंटे तक चली दूसरे दौर की परमाणु वार्ता

**जिनेवा।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता का नवीनतम दौर लगभग तीन घंटे की बैठक के बाद समाप्त हो गया। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। जिनेवा में यह वार्ता ऐसे समय में हुई, जब ईरान ने सैन्य अभ्यास के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी बंद किया

**जिनेवा।** ईरान ने कहा कि वह अपने सैन्य अभ्यास की वजह से कई घंटों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर रहा है। दोनों देशों में वार्ता की शुरुआत के साथ ही ईरानी मीडिया ने कहा कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर मिसाइलें दागी हैं। जलडमरूमध्य को कई घंटों के लिए बंद कर रहा है।

# जम्मू सुधार गृह से फरार दोनों पाकिस्तानी बंदियों को दबोचा

- फरार हुआ गैंगस्टर अभी पकड़ से दूर, छह पुलिसकर्मी निलंबित

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में एक बाल सुधार गृह से सोमवार शाम को दो पाकिस्तानी नागरिक और एक स्थानीय गैंगस्टर फरार हो गया। तीन बंदियों के फरार होने के बाद कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

मंगलवार को पुलिस ने बताया कि दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को 24 घंटे के भीतर पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि गैंगस्टर अभी फरार है। अधिकारियों ने बताया कि आरएस पुरा के डबलेहर निवासी कराजीत सिंह उर्फ गुग्गा और पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद सना-उल्ला व अहसान अनवर सोमवार शाम करीब सवा पांच बजे पुलिसकर्मियों पर हमला कर बाल सुधार गृह से फरार हो गए थे। इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में एक सहायक उपनिरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया। ये निलंबन जांच का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि भागने की घटना कैसे हुई, सुरक्षा में सेंध क्यों लगी।

# पाकिस्तान आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों, बच्चे की मौत

- खैबर पख्तूनख्वा में जांच चौकी पर उड़ाई विस्फोट भरी गाड़ी

पेशावर, एजेंसी


उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों द्वारा एक जांच चौकी पर विस्फोटक से भरी गाड़ी से किये गये आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों और एक बच्चे की मौत हो गयी। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले में एफसी जांच चौकी पर हुए इस घातक आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, 16 फरवरी को बाजौर जिले में फितना अल ख्वारिज से जुड़े ख्वारिजों ने सुरक्षा बलों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की संयुक्त जांच चौकी पर एक कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का प्रयास किया। सरकार 'फितना-अल-ख्वारिज' शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लिए करती है। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 12 आतंकवादियों को मार गिराया गया। हताशा में हमलावरों ने विस्फोटक से भरी गाड़ी को सुरक्षा घेरा की दीवार से टकरा दिया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति: 18 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 16.57 तक तत्पश्चात द्वितीया।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- शतभिषा 21.16 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज राजनैतिक मामलों में थोड़ी सावधानी रखें। पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। घर की व्यवस्था में सुधार आयेगा। व्यापार में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष** — आज समाज में आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। अपनी कार्यप्रणाली को इस समय गुप्त रखें। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। घर में लटके हुए कार्यों को आप पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज किसी को उधार न दें। आपके पास अत्यधिक काम रहने वाला है। दांपत्य जीवन में थोड़ी समस्या होने की संभावना है। गैस और एसीडिटी के कारण आपको परेशानी हो सकती है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**कर्क** — आज किसी से अधिक अपेक्षा न करें। आपको मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। अपनी गलतियों से आपको सीखना चाहिए। मन में आशंका हो सकती है। किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज किसी जरूरत की वस्तु को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। आपको अपने काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। घर के लोगों से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या** — आज कठिन समस्याओं का हल निकलेगा। स्वार्थ भावना के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी कमजोरी होने की सम्भावना है। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें।

**तुला** — आज शंकालु स्वभाव के कारण हानि हो सकती है। सार्वजनिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में बदलाव की कुछ योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार के सभी सदस्य आप से प्रसन्न रहेंगे। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेने से बचें। व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं।

**धनु** — आज किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन अच्छी तरह बीतेगा। मेहनत का पूर्ण फल आपको प्राप्त होगा। रुचि के अनुसार कार्य मिलने से संतुष्ट रहेंगे। आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

**मकर** — आज अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें। अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। प्रेम संबंधों में समझौते करने पड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारियां आपको निभानी पड़ेंगी। सिरदर्द और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** — आज आप व्यवसाय पर विशेष ध्यान देने वाले हैं। नई कार्ययोजनाओं पर काम कर सकते हैं। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मीन** — आज आपका मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। लेन-देन के मामलों में दूरी बनाकर रखें। अपने काम और योग्यता पर विश्वास बनाये रखना आपके लिए अत्यंत आवश्यक है। अहंकारी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।


## सुडोकू -65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

### सुडोकू - 64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |



> भारत से हार के बावजूद टीम पर किसी तरह का दबाव नहीं है। सच कहूं तो यह दबाव ज्यादातर दर्शकों और बाहरी शोर से होता है। लोगों को लगता है कि टीम में घबराहट का माहौल है लेकिन टीम के भीतर मैंने ऐसा कोई दबाव महसूस नहीं किया।
> –उस्मान तारिक


# स्टेडियम

बरेली, बुधवार, 18 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका–यूएई | पूर्वाह्न 11 बजे |
| नामीबिया–पाकिस्तान | दोपहर 3 बजे |
| भारत–नीदरलैंड्स | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### हरमनप्रीत हुए बाहर हार्दिक संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली।** नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0–8 की शर्मनाक हार भी शामिल है।

### वनडे टीम का हिस्सा बनीं प्रतिका रावल

**नई दिल्ली।** प्रतिका रावल को ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में 16वीं खिलाड़ी के रूप में जोड़ा गया है। ये सीरीज फिलहाल चल रही तीन मैचों की टी20 सीरीज के बाद खेली जाएगी। 26 अक्तूबर से ही चोट के कारण मैदान से दूर चल रही रावल को इससे पहले टेस्ट टीम में भी शामिल किया गया था। हालांकि, अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी जल्दी होगी।

### भगत की निगाहें एशियाई खेलों पर

**नई दिल्ली।** डोपिंग से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण 2024 में पेरिस पैरालंपिक खेलों में नहीं खेल पाने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने हाल में विश्व खिताब जीतकर अपने करियर को नहीं दिशा दी है और उनकी निगाह अब एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले पैरालंपिक खेलों पर टिकी है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए 18 महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए भगत ने पैरा विश्व चैंपियनशिप में एसएल3 श्रेणी में अपना छठा एकल स्वर्ण पदक जीतकर खुद को साबित किया। भगत ने इस तरह से लगातार चौथा एकल विश्व खिताब हासिल किया।



## ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर फिरा पानी, जिम्बाब्वे सुपर-8 में

**पल्लेकल, एजेंसी**

जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए।

अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढाया है। थोड़ा बहुत जश्न होगा, लेकिन फोकस अगले मैच पर है।

पिछली बार टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूकी जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर आठ में पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है। श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुका है।

आस्ट्रेलिया के दो अंक है जिसे जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने हराया। ग्रुप दो में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान या अमेरिका होंगे। रजा ने कहा मैं और कोच मिलकर श्रीलंकाई टीम के बारे में विश्लेषण करेंगे और यह मैच जीतने की कोशिश करेंगे। क्वालीफाइंग से हमारा लक्ष्य नहीं बदला है। हमें यह मैच भी जीतना है। पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया को जिम्बाब्वे के दोनों मैच हारने के बाद ही सुपर आठ में जगह मिलनी थी लेकिन बारिश ने उसके इरादों पर पानी फेर दिया।

● सुपर-8 में 26 फरवरी को भारत से टकराएगा जिम्बाब्वे

### सुपर-8 में भारत के मुकाबले

| बनाम | तारीख | मैदान | समय |
|---|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका | 22 फरवरी | अहमदाबाद | शाम 7 बजे |
| जिम्बाब्वे | 26 फरवरी | चेन्नई शाम | शाम 7 बजे |
| वेस्टइंडीज | 1 मार्च | कोलकाता | शाम 7 बजे |



### पाकिस्तान के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**कोलंबो।** अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है। एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

# अहमदाबाद को अभिषेक शर्मा से आक्रामक पारी का इंतजार


## टी-20 विश्व कप : स्पिनरों के सामने सुधार करना चाहेगा भारत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं।

अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है। लेकिन इस 25 वर्षीय बल्लेबाज का पिछली छह पारियों में चार बार शून्य पर आउट होना यह संकेत देता है कि उन्हें पावरप्ले में अपनी रणनीति की समीक्षा करने की जरूरत है। अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाज की छवि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विरोधी टीमों ने भारत के इस सलामी बल्लेबाज का सामना करने के लिए अतिरिक्त तैयारी की है।

अभिषेक के स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनके पास टीम के अन्य बल्लेबाजों की तरह शॉट की व्यापक रेंज नहीं है और वह क्रीज का उपयोग करने और अपने बल्ले की स्विंग पर भरोसा करते हैं ताकि विपक्षी टीम में खौफ पैदा कर सकें।



अभ्यास करते कुलदीप यादव व अर्शदीप सिंह। एजेंसी


### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंड :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, ज़ैक लायन–कैशेट, मैक्स ओ'डोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।



## नेपाल ने स्कॉटलैंड को हराकर पहली जीत दर्ज की



शॉट लगाते नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी। एजेंसी

**मुंबई, एजेंसी**

नेपाल ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया।

नेपाल का अभियान चार मैचों में एक जीत के साथ खत्म हुआ। स्कॉटलैंड की चार मैचों में यह तीसरी हार है।

स्कॉटलैड को सात विकेट पर 170 रन पर रोकने के बाद नेपाल ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

नेपाल की ओर से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 23 गेंद में नाबाद 50 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।सलामी बल्लेबाज कुशल भुर्तेल ने 43 जबकि आसिफ शेख ने 33 रन का योगदान दिया। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने तीन विकेट लिए।



न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र (दाएं), कनाडा के खिलाड़ियों के साथ।

## फिलिप्स की तूफानी पारी से न्यूजीलैंड सुपर-8 में पहुंचा

**चेन्नई, एजेंसी**

युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए।

फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया।

न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है।

## टी-20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए युवराज समरा

**खेल डेस्क**

**अमृत विचार।** कनाडा के भारतीय मूल के 19 साल 141 दिन के बल्लेबाज युवराज समरा ने टी–20 विश्व कप इतिहास में शतक जमाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। समरा ने मंगलवार को यहां ग्रुप डी मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 65 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 110 रन की पारी खेली। वह इस विश्व कप में अब तक सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। क्रिकेट के शौकिन पिता बलजीत समरा ने उनका नाम सिक्सर किंग भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह के नाम पर रखा था। पिछले साल मार्च में पदार्पण करने वाले समरा ने अपने 19वें टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में यह उपलब्धि हासिल की। समरा ने अपनी तूफानी पारी के दौरान 11 चौके और छह छक्के जड़े। वह अंतिम ओवर में जैकब डफी पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। उनकी यह पारी टी20 विश्व कप में किसी एसोसिएट टीम के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के अहमद शहजाद के नाम था, जिन्होंने 2014 में 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि हासिल की थी।



● भारतीय सिक्सर किंग युवराज सिंह के नाम पर रखा गया है इस कनाडा खिलाड़ी का नाम

### टी20 विश्व कप में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

- 19 वर्ष 141 दिन – युवराज सामरा (कनाडा) बनाम न्यूजीलैंड, चेन्नई, 2026
- 22 वर्ष 127 दिन – अहमद शहजाद (पाकिस्तान) बनाम बांग्लादेश, मीरपुर, 2014
- 23 वर्ष 156 दिन – सुरेश रैना (भारत) बनाम दक्षिण अफ्रीका, ग्रोस आइलेट, 2010

> मुझे लगता है कि इस पारी से मेरा जीवन बदल सकता है। मैं खेल में कैरियर बना सकता हूं। मेरे लिए यह सपना सच होने जैसा होगा। मैं हमेशा से इस पल, इस दिन और रात के बारे में सोचता था। मैं विश्व कप में नाम कमाना और खेल में कैरियर बनाना चाहता था। कनाडा में यह आसान नहीं है क्योंकि खेलने के लिये तीन महीने ही मिलते हैं। बाकी समय माइनस 25 या 30 तापमान रहता है। हमने श्रीलंका में अभ्यास किया।
> –युवराज समरा

रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल | 736 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 पर चटका दिए

## उत्तराखंड के खिलाफ कर्नाटक ने कसा शिकंजा

**लखनऊ, एजेंसी**

कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में 700 से अधिक स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 रन पर चटका दिए। आठ बार के चैम्पियन कर्नाटक ने दूसरे दिन छह विकेट पर 689 रन बना लिये थे लेकिन तीसरे दिन पारी घोषित नहीं की। रविचंद्रन स्मण और विद्याधर पाटिल ने टीम को 736 रन तक पहुंचाया। अब कर्नाटक ने पूरी तरह से मैच पर शिकंजा कस लिया है।

स्मरण और पाटिल ने कल के स्कोर में 28 रन और जोड़े। पाटिल ने 114 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। स्मरण और पाटिल के आउट होने के बाद कर्नाटक की पारी का भी अंत हो गया। इससे पहले केएल राहुल ने 141 रन बनाये थे। उत्तराखंड के लिये दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज आदित्य रावत ने चार और स्पिनर मयंक मिश्रा ने तीन विकेट लिए। उत्तराखंड अभी भी पहली पारी में 587 रन से पीछे है। कर्नाटक के लिये पाटिल ने दो विकेट चटकाये। कर्नाटक ने 81 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे जिसके बाद लक्ष्य रायचंदानी (नाबाद 52) और जगदीशा सुचित (21) ने पांचवें विकेट के लिये 43 रन की साझेदारी की। सुचित को भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया जिससे उत्तराखंड का स्कोर पांच विकेट पर 124 रन हो गया। लक्ष्य और सौरभ रावत (10) क्रीज पर टिके हुए हैं।



बंगाल के सूरज सिंधु जायसवाल का विकेट लेने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते जम्मू और कश्मीर के औकिब नबी (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

### जम्मू-कश्मीर फाइनल में पहुंचने के करीब

**कल्याणी।** तेज गेंदबाज आकिब नबी के हरफनमौला खेल से जम्मू कश्मीर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को यहां बंगाल के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर फाइनल में पहुंचने के करीब पहुंच गया। मैच में नौ विकेट लेने वाले नबी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 42 रन की अहम पारी खेली जिससे बंगाल की टीम बड़ी बढ़त लेने में नाकाम रही। नबी के हरफनमौला खेल ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी को फीका कर दिया। शमी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में 22.1 ओवर में 90 रन देकर आठ विकेट लिये। बंगाल की पहली पारी में 328 रन के जवाब में जम्मू कश्मीर की पहली पारी 302 रन पर सिमटी।

## यामल पेनाल्टी से चूके, बार्सिलोना एक सप्ताह में दूसरा मैच हारा

**गिरोना (स्पेन), एजेंसी**

लामिन यामल पेनाल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे बार्सिलोना सोमवार को यहां गिरोना से 2-1 से हार गया और इस तरह से उसने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियल मैड्रिड को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया।

बार्सिलोना की एक हफ्ते से भी कम समय में यह दूसरी हार है जिसके कारण वह तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया। वह रियल मैड्रिड से दो अंक पीछे है। इस मैच में जीत से बार्सिलोना अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी से आगे हो जाता लेकिन अब उसके 24 मैच में 58 अंक है जबकि रियल मैड्रिड के इतने ही मैच में 60 अंक हैं। बार्सिलोना की टीम पिछले हफ्ते कोपा डेल रे में एटलेटिको मैड्रिड से 4-0 से हार गई थी। यामल ने हाफ टाइम से ठीक पहले पेनल्टी किक को गोलपोस्ट पर मार दिया हालांकि पाउ कुबार्सी के गोल से बार्सिलोना ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी। हालांकि, महज तीन मिनट बाद ही गिरोना ने जोरदार वापसी करते हुए मैच पर कब्जा जमा लिया।



स्पेन के गिरोना जोएल रोका से बहस करते बार्सिलोना लामिन यामल। एजेंसी